☐ सम्पादकमण्डल
अनुयोगप्रवर्त्तक मुनि श्री कन्हैयालालजी 'कमल'
श्रीदेवेन्द्र मुनि शास्त्री
श्रीरतन मुनि
पण्डित श्री शोभाचन्द्रजी भारिल्ल

☐ प्रबन्धसम्पादक
श्रीचन्द सुराणा 'सरस'

☐ सम्प्रेरक
मुनि श्रीविनयकुमार 'भीम'
श्रीमहेन्द्रमुनि 'दिनकर'

☐ प्रकाशनतिथि
वीरनिर्वाणसंवत् २५०८
वि. सं. २०३८
ई. सन् १९८१

☐ प्रकाशक
श्री आगमप्रकाशनसमिति
जैनस्थानक, पीपलिया बाजार, ब्यावर (राजस्थान)
ब्यावर—३०५९०१

☐ मुद्रक
सतीशचन्द्र शुक्ल
वैदिक यंत्रालय, अजमेर

☐ मूल्य [illegible] रुपये

संशोधित परिवर्धित मूल्य

Published at the Holy Remembrance occasion
of
Rev. Guru Sri Joravarmalji Maharaj

Fifth Ganadhara Sudharma Swami Compiled
Ninth Anga

ANUTTAROVAVĀIA-DASĀO

[Original Text, Hindi Version, Notes, Annotations and Appendices etc.]

Proximity
Up-pravartaka Shasansevi Rev. Swami Sri Brijlalji Maharaj

Convener & Chief Editor
Yuvacharya Sri Mishrimalji Maharaj 'Madhukar'

Translator & Annotator
Sadhwi Muktiprabha
M. A., Ph. D.

Publishers
Sri Agam Prakashan Samiti
Beawar (Raj.)

☐ **Board of Editors**

Anuyoga-pravartaka Munisri Kanhaiyalal 'Kamal'
Sri Devendra Muni Shastri
Sri Ratan Muni
Pt. Shobhachadra Bharill

☐ **Managing Editor**

Srichand Surana 'Saras'

☐ **Promotor**

Munisri Vinaykumar 'Bhima'
Sri Mahendramuni 'Dinkar'

☐ **Date of Publication**

Vir-nirvana Samvat 2508
Vikram Samvat 2038, July 1981

☐ **Publishers**

Sri Agam Prakashana Samiti
Jain Sthanak, Pipaliya Bazar, Beawar (Raj.)
Beawar 305901

☐ **Printer**

Satish Chandra Shukla
Vedic Yantralaya, Ajmer

☐ **Price** Rs. 46 [illegible]

संशोधित परिवर्धित मूल्य

समर्पण

जब आगम-स्वाध्यायप्रेमी जिज्ञासु-जन आगमों के अध्ययन के लिए तरसते थे. उस युग में सम्पूर्ण बत्तीसी का जिन्होंने एकाकी-असहायक रूप में अनुवाद करके संघ और शासन का महान् उपकार किया तथा अन्य विपुल साहित्य की रचना की–नूतन युग की प्रतिष्ठा की, जो अद्यतनकाल में आगम-युग प्रवर्तक थे.

जो सरलता, विनम्रता और विद्वत्ता के सजीव प्रतीक थे,

जिनका पावन स्मरण आज भी भव्य जनों की अन्तरात्मा में श्रद्धा और भक्ति उप-जाता है,

उन परमपूज्य आचार्यवर्य
श्री अमोलकऋषिजी महाराज
के कर-कमलों में

□ मधुकर मुनि

प्रकाशकीय

आगम प्रकाशन समिति किस पावन अवसर पर किस शुभ उद्देश्य से अस्तित्व में आई और किस प्रकार उसके द्वारा जिनागम-प्रकाशन-ग्रन्थमाला आरम्भ की गई, इसका संक्षिप्त उल्लेख पूर्व प्रकाशित आगमों के प्रकाशकीय निवेदन में किया जा चुका है। पाठकों को भलीभांति विदित है कि अब तक समिति ने आचारांग (दो भागों में), उपासकदशांग और ज्ञाताधर्मकथांग जैसे महान् आगम-ग्रन्थों का प्रकाशन किया है। सन्तोष का विषय है कि समाज ने इन प्रकाशनों को प्रेम और श्रद्धा से अपनाया है तथा जैन-जैनेतर विद्वानों ने मुक्त कण्ठ से इनकी प्रशंसा की है। इससे हमारे उत्साह में वृद्धि हुई है।

ज्ञाताधर्मकथा के प्रकाशन के पश्चात् स्वल्प समय में ही अन्तकृद्दशांग और अनुत्तरोपपातिक-दशांग का प्रकाशन लगभग साथ-साथ ही हो रहा है।

सूत्रकृतांगसूत्र का मुद्रण आगरा में तथा स्थानांगसूत्र का मुद्रण अजमेर में चल रहा है। आशा है निकट भविष्य में ही ये दोनों आगम मुद्रित और प्रकाशित होकर आगमप्रेमी पाठकों के हाथों में आ जाएँगे। समवायांग अनूदित और सम्पादित होकर तैयार है। स्थानांग के पश्चात् वह प्रेस में दिया जाएगा। व्याख्याप्रज्ञप्ति विशालकाय आगम है। वह कई भागों में प्रकाशित किया जा सकेगा। उसका प्रथम भाग, जिसमें लगभग चार शतकों का समावेश होगा, शीघ्र प्रेस में देने की स्थिति में आ रहा है। अन्य आगमों के सम्पादन और अनुवादन का कार्य भी चालू है।

प्रस्तुत आगम अनुत्तरोपपातिक का सम्पादन और अनुवाद विदुषी महासती श्री मुक्तिप्रभाजी म०, एम. ए., पी-एच. डी. ने अत्यन्त परिश्रम के साथ किया है। महासतीजी परमपूज्य राष्ट्रसन्त आचार्यसम्राट् श्री आनन्दऋषिजी महाराज की शिष्या हैं, उत्कट विद्याव्यसनी हैं। अन्तकृद्दशांग का अनुवाद भी आपकी ही धर्म-संयम-सहचरी महासती श्री दिव्यप्रभाजी ने किया है। अतिशय हर्ष का विषय है कि हमारे संघ में साध्वीसमुदाय में नूतन विकसित प्रतिभा का निर्माण हो रहा है। साध्वियों के द्वारा आगम-अनुवाद-सम्पादन का कार्य कुछ समय से ही प्रारम्भ हुआ है। श्रमणीविद्यापीठ घाटकोपर (बम्बई) की कतिपय महासतियों ने गुजराती भाषा में आगमों का अनुवाद किया और वह प्रकाशित भी हुआ है। हिन्दी भाषा में, जहाँ तक हमारी जानकारी है, यह प्रयास सर्वप्रथम है। हमारे लिए यह भी गौरव का विषय है कि गुजराती और हिन्दी में महासतियों ने जो स्वागतयोग्य आगम-सेवा की है, वह इस ग्रन्थमाला के सम्पादक पण्डित श्री शोभाचन्द्रजी भारिल्ल की ही देख-रेख में हुई है। महासतियों को इस आगमिक क्षेत्र में लाने की पण्डितजी की सूझ अभिनन्दनीय है।

प्रस्तुत आगम की विस्तृत प्रस्तावना सम्पादकमण्डल के अन्यतम सदस्य विख्यात विद्वान् एवं साहित्यकार श्री देवेन्द्रमुनिजी शास्त्री ने लिख कर इस संस्करण को महत्त्व प्रदान किया है। इस अमूल्य सहयोग के लिए हम मुनिश्री के प्रति प्रणत है।

आगमसेवा के इस परम पुनीत अनुष्ठान में हम अपने सहयोगियों को विस्मरण नहीं कर सकते, जिनके मूल्यवान् सहयोग से ही यह सम्पन्न हो रहा है। श्रावकवर्य पद्मश्री सेठ मोहनमलजी चोरड़िया, सेठ कंवरलालजी बैताला, श्री मूलचन्दजी सुराणा, श्री दौलतरामजी पारख, श्रीरतनचन्दजी मोदी का हार्दिक सहयोग विभिन्न रूपों में हमें प्राप्त है।

समिति के कार्यालय का संचालन श्रीसुजानमलजी सेठिया आत्मीयता की भावना के साथ कर रहे हैं। पं. शोभाचन्द्रजी भारिल्ल तो इस योजना के महत्त्वपूर्ण केन्द्र हैं। हम इन सभी के प्रति आभारी हैं।

श्रमणसंघ के युवाचार्य सर्वतोभद्र विद्वद्वरिष्ठ श्रीमधुकरमुनिजी के प्रति किन शब्दों में आभार प्रकट किया जाए जिनकी शासनप्रभावना की उत्कट भावना, उद्दाम आगमभक्ति; धर्मज्ञान के प्रचार-प्रसार की तीव्र उत्कंठा और अप्रतिम साहित्यानुराग की बदौलत ही हमें सेवा का यह सौभाग्य प्राप्त हुआ।

अन्त में गहरे दुःख के साथ हमें यह उल्लेख करना पड़ रहा है कि अब तक प्रस्तुत प्रकाशकीय वक्तव्य जिनकी ओर से लिखा जाता था, जो आगमप्रकाशनसमिति के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में समिति के प्रमुख संचालक और व्यवस्थापक थे—कर्णधार थे, वे सेठ पुखराजजी शीशोदिया अब हमारे बीच नहीं रहे। आपके आकस्मिक निधन से न केवल समिति की किन्तु समग्र समाज की अपूरणीय क्षति हुई है। हार्दिक कामना है कि स्वर्गस्थ महान् आत्मा को अखंड शान्ति लाभ हो। शुभम्।

जतनराज महता □ चांदमल विनायकिया

महामन्त्री मन्त्री

श्रीआगमप्रकाशनसमिति, ब्यावर

आमुख

जैनधर्म, दर्शन व संस्कृति का मूल आधार वीतराग सर्वज्ञ की वाणी है। सर्वज्ञ अर्थात् आत्म-दृष्टा। सम्पूर्ण रूप से आत्मदर्शन करने वाले ही विश्व का समग्र दर्शन कर सकते हैं। जो समग्र को जानते हैं, वे ही तत्त्वज्ञान का यथार्थ निरूपण कर सकते हैं। परमहितकर निःश्रेयस का यथार्थ उपदेश कर सकते हैं।

सर्वज्ञों द्वारा कथित तत्त्वज्ञान, आत्मज्ञान तथा आचार-व्यवहार का सम्यक् परिवोध आगम, शास्त्र या सूत्र के नाम से प्रसिद्ध है।

तीर्थंकरों की वाणी मुक्त सुमनों की वृष्टि के समान होती है। महान् प्रज्ञावान् गणधर उसे सूत्र रूप में ग्रथित करके व्यवस्थित आगम का रूप दे देते हैं।[1]

आज जिसे हम 'आगम' नाम से अभिहित करते हैं, प्राचीन समय में वे 'गणिपिटक' कहलाते थे। 'गणिपिटक' में समग्र द्वादशांगी का समावेश हो जाता है। पश्चाद्वर्ती काल में इसके अंग, उपांग, मूल, छेद आदि अनेक भेद किये गये।

जब लिखने की परम्परा नहीं थी, तब आगमों को स्मृति के आधार पर या गुरु-परम्परा से सुरक्षित रखा जाता था। भगवान् महावीर के वाद लगभग एक हजार वर्ष तक 'आगम' स्मृति-परम्परा पर ही चले आये थे। स्मृतिदुर्वलता, गुरुपरम्परा का विच्छेद तथा अन्य अनेक कारणों से धीरे-धीरे आगमज्ञान भी लुप्त होता गया। महासरोवर का जल सूखता-सूखता गोष्पद मात्र ही रह गया। तब देवर्द्धिगणी क्षमाश्रमण ने श्रमणों का सम्मेलन बुलाकर, स्मृति-दोष से लुप्त होते आगमज्ञान को, जिनवाणी को सुरक्षित रखने के पवित्र उद्देश्य से लिपिवद्ध करने का ऐतिहासिक प्रयास किया और जिनवाणी को पुस्तकारूढ करके आने वाली पीढ़ी पर अवर्णनीय उपकार किया। यह जैनधर्म,

---

१. अत्थं भासइ अरहा सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं।

दर्शन एवं संस्कृति की धारा को प्रवहमान रखने का अद्भुत उपक्रम था। आगमों का यह प्रथम सम्पादन वीरनिर्वाण के ६८० या ६९३ वर्ष पश्चात् सम्पन्न हुआ।

पुस्तकारूढ होने के बाद जैन आगमों का स्वरूप मूल रूप में तो सुरक्षित होगया, किन्तु काल-दोष, वाहरी आक्रमण, आन्तरिक मतभेद, विग्रह, स्मृति-दुर्बलता एवं प्रमाद आदि कारणों से आगम ज्ञान की शुद्ध धारा, अर्थबोध की सम्यक् गुरु-परम्परा धीरे-धीरे क्षीण होने से नहीं रुकी।

आगमों के अनेक महत्त्वपूर्ण सन्दर्भ, पद तथा गूढ़ अर्थ छिन्न-विच्छिन्न होते चले गये। जो आगम लिखे जाते थे, वे भी पूर्ण शुद्ध नहीं होते थे। उनका सम्यक् अर्थ-ज्ञान देने वाले भी विरले ही रहे। अन्य भी अनेक कारणों से आगम-ज्ञान की धारा संकुचित होती गयी।

विक्रम की सोलहवीं शताब्दी में लोंकाशाह ने एक क्रान्तिकारी प्रयत्न किया। आगमों के शुद्ध और यथार्थ अर्थ-ज्ञान को निरूपित करने का एक साहसिक उपक्रम पुनः चालू हुआ। किन्तु कुछ काल बाद पुनः उसमें भी व्यवधान आगए। साम्प्रदायिक द्वेष, सैद्धान्तिक विग्रह तथा लिपिकारों की भाषाविषयक अल्पज्ञता आगमों की उपलब्धि तथा उनके सम्यक् अर्थबोध में बहुत बड़ा विघ्न बन गए।

उन्नीसवीं शताब्दी के प्रथम चरण में जब आगम-मुद्रण की परम्परा चली तो पाठकों को कुछ सुविधा हुई। आगमों की प्राचीन टीकाएँ, चूर्णि व निर्युक्ति जब प्रकाशित हुई तथा उनके आधार पर आगमों का सरल व स्पष्ट भावबोध मुद्रित होकर पाठकों को सुलभ हुआ तो आगमज्ञान का पठन-पाठन स्वभावतः बढ़ा, सैंकड़ों जिज्ञासुओं में आगम स्वाध्याय की प्रवृत्ति जगी व जैनेतर देशी-विदेशी विद्वान् भी आगमों का अनुशीलन करने लगे।

आगमों के प्रकाशन-सम्पादन-मुद्रण के कार्य में जिन विद्वानों तथा मनीषी श्रमणों ने ऐतिहासिक कार्य किया, पर्याप्त सामग्री के अभाव में आज उन सबका नामोल्लेख कर पाना कठिन है। फिर भी मैं स्थानकवासी परम्परा के कुछ महान् मुनियों का नाम ग्रहण अवश्य ही करूँगा।

पूज्य श्री अमोलक ऋषिजी महाराज स्थानकवासी परम्परा के वे महान् साहसी व दृढ़ संकल्पवलो मुनि थे, जिन्होंने अल्प साधनों के बल पर भी पूरे वत्तीस सूत्रों को हिन्दी में अनूदित करके जन-जन को सुलभ वना दिया। पूरी वत्तीसी का सम्पादन-प्रकाशन एक ऐतिहासिक कार्य था, जिससे सम्पूर्ण स्थानकवासी व तेरापंथी समाज उपकृत हुआ।

गुरुदेव पूज्य स्वामी श्री जोरावरमलजी महाराज का एक संकल्प :

मैं जव गुरुदेव स्व. स्वामी श्री जोरावरमलजी महाराज के तत्त्वावधान में आगमों का अध्ययन कर रहा था तब आगमोदय समिति द्वारा प्रकाशित कुछ आगम उपलब्ध थे। उन्हीं के आधार पर गुरुदेव मुझे अध्ययन कराते थे। उनको देखकर गुरुदेव को लगता था कि यह संस्करण यद्यपि काफी श्रम-साध्य है, एवं अब तक के उपलब्ध संस्करणों में काफी शुद्ध भी हैं, फिर भी अनेक स्थल अस्पष्ट हैं। मूल पाठ में एवं उसकी वृत्ति में कहीं-कहीं अन्तर भी है, कहीं वृत्ति बहुत संक्षिप्त है।

गुरुदेव स्वामी श्री जोरावरमलजी महाराज स्वयं जैन-सूत्रों के प्रकाण्ड पंडित थे। उनकी मेधा वड़ी व्युत्पन्न व तर्कणा-प्रधान थी। आगम साहित्य की यह स्थिति देखकर उन्हें वहुत पीड़ा होती और कई वार उन्होंने व्यक्त भी किया कि आगमों का शुद्ध, सुन्दर व सर्वोपयोगी प्रकाशन हो

तो बहुत लोगों का कल्याण होगा, कुछ परिस्थितियों के कारण उनका संकल्प, मात्र भावना तक सीमित रहा।

इसी बीच आचार्य श्री जवाहरलालजी महाराज, जैनधर्मदिवाकर आचार्य श्री आत्मारामजी महाराज, पूज्य श्री घासीलालजी महाराज आदि विद्वान् मुनियों ने आगमों की सुन्दर व्याख्याएँ व टीकाएं लिखकर अथवा अपने तत्त्वावधान में लिखवाकर इस कमी को पूरा किया है।

वर्त्तमान में तेरापंथ सम्प्रदाय के आचार्य श्री तुलसी ने भी यह भगीरथ प्रयत्न प्रारम्भ किया है। और अच्छे स्तर से उनका आगम-कार्य चल रहा है। मुनि श्री कन्हैयालाल जी 'कमल' आगमों की वक्तव्यता को अनुयोगों में वर्गीकृत करने का मौलिक एवं महत्त्वपूर्ण प्रयास कर रहे हैं।

श्वेताम्बर मूर्तिपूजक परम्परा के विद्वान् श्रमण स्व. मुनि श्री पुण्यविजयजी ने आगम-सम्पादन की दिशा में बहुत ही व्यवस्थित व उत्तमकोटि का कार्य प्रारम्भ किया था। उनके स्वर्गवास के पश्चात् मुनि श्री जम्बूविजयजी के तत्त्वावधान में यह सुन्दर प्रयत्न चल रहा है।

उक्त सभी कार्यों का विहंगम अवलोकन करने के बाद मेरे मन में एक संकल्प उठा। आज कहीं तो आगमों का मूल मात्र प्रकाशित हो रहा है और कहीं आगमों की विशाल व्याख्याएँ की जा रही हैं। एक, पाठक के लिये दुर्बोध है तो दूसरी जटिल। मध्यम मार्ग का अनुसरण कर आगम-वाणी का भावोद्घाटन करने वाला ऐसा प्रयत्न होना चाहिये जो सुबोध भी हो, सरल भी हो, संक्षिप्त हो, पर सारपूर्ण व सुगम हो।

गुरुदेव ऐसा ही चाहते थे। उसी भावना को लक्ष्य में रखकर मैंने ४-५ वर्ष पूर्व इस विषय में चिन्तन प्रारम्भ किया। सुदीर्घ चिन्तन के पश्चात् वि. सं. २०३६ वैशाख शुक्ला १०, महावीर कैवल्य-दिवस को दृढ़ निर्णय करके आगम-बत्तीसी का सम्पादन-विवेचन कार्य प्रारम्भ कर दिया और अब पाठकों के हाथ में आगम-ग्रन्थ, क्रमशः पहुंच रहे हैं, इसकी मुझे अत्यधिक प्रसन्नता है।

आगम-सम्पादन का यह ऐतिहासिक कार्य पूज्य गुरुदेव की पुण्य-स्मृति में आयोजित किया गया है। आज उनका पुण्यस्मरण मेरे मन को उल्लसित कर रहा है। साथ ही मेरे वन्दनीय गुरु-भ्राता पूज्य स्वामी श्री हजारीमल जी महाराज की प्रेरणाएँ—उनकी आगम-भक्ति तथा आगम सम्बन्धी तलस्पर्शी ज्ञान, प्राचीन धारणाएँ, मेरा सम्बल बनी हैं। अतः मैं उन दोनों स्वर्गीय आत्माओं की पुण्यस्मृति में विभोर हूं।

शासनसेवी स्वामी जी श्री ब्रजलालजी महाराज का मार्गदर्शन, उत्साह-संवर्धन, सेवाभावी शिष्य मुनि विनयकुमार व महेन्द्रमुनि का साहचर्य-बल, सेवा-सहयोग तथा महासती श्री कान-कुंवरजी, महासती श्री झणकारकुंवर जी, परमविदुषी साध्वी श्री उमरावकुंवर जी, 'अर्चना'—की विनम्र प्रेरणा मुझे सदा प्रोत्साहित तथा कार्यनिष्ठ बनाये रखने में सहायक रही हैं।

मुझे दृढ़ विश्वास है कि आगम-वाणी के सम्पादन का यह सुदीर्घ प्रयत्न-साध्य कार्य सम्पन्न करने में मुझे सभी सहयोगियों, श्रावकों व विद्वानों का पूर्ण सहकार मिलता रहेगा और मैं अपने लक्ष्य तक पहुंचने में गतिशील बना रहूंगा।

इसी आशा के साथ ……

—मुनि मिश्रीमल 'मधुकर'

श्री आगम प्रकाशन समिति ब्यावर

- **अध्यक्ष**
  सेठ श्री मोहनमलजी सा. चोरड़िया

- **कार्यवाहक अध्यक्ष**
  सेठ श्री पुखराजजी सा. शीशोदिया

- **उपाध्यक्ष**
  श्री कंवरलालजी वैताला
  श्री दौलतरामजी पारख
  श्री भंवरलालजी श्रीश्रीमाल
  श्री रतनचन्दजी चोरड़िया

- **महामंत्री**
  श्री जतनराजजी महता

- **मंत्री**
  श्री ज्ञानराजजी मूथा
  श्री चाँदमलजी विनायकिया

- **कोषाध्यक्ष**
  श्री गुमानमलजी चोरड़िया (मद्रास)
  श्री रतनचन्दजी मोदी (ब्यावर)

- **सदस्यगण**
  श्री मूलचन्दजी सुराणा
  श्री सायरचन्दजी चोरड़िया
  श्री जेठमलजी चोरड़िया
  श्री मोहनसिंहजी लोढ़ा
  श्री बादलचन्द जी मेहता
  श्री मांगीलालजी सुराणा
  श्री माणकचन्दजी वैताला
  श्री भंवरलालजी गोठी
  श्री भंवरलालजी मूथा
  श्री प्रकाशचन्दजी जैन (परामर्श दाता)

सम्पादकीय

नाम

अनुत्तरौपपातिकदशा सूत्र द्वादशांगी का नववां अंग है। शब्दार्थ के अनुसार 'अनुत्तर, उपपात और दशा' शब्दों से अनुत्तरौपपातिकदशा शब्द बना है। अनुत्तर अर्थात्—अनुत्तर विमान, उपपात अर्थात् उत्पन्न होना और दशा अर्थात् अवस्था या दश संख्या का सूचन। इस सूत्र के दश अध्ययन होने से दशा ऐसा शब्द प्रयुक्त होना चाहिए। इसमें ऐसे साधकों का वर्णन है जिन्होंने यहां से आयुष्य पूर्ण कर अनुत्तर विमानों में जन्म लिया और फिर मनुष्य जन्म पाकर मोक्ष प्राप्त करेंगे। समवायांगसूत्र में इनके दश अध्ययनों का सूचन किया गया है किन्तु दश अध्ययनों के नामों का निर्देश नहीं मिलता है। स्थानांगसूत्र के अनुसार उनके नाम इस प्रकार हैं—ऋषिदास, धन्य, सुनक्षत्र, कार्तिक स्वस्थान, शालिभद्र, आनन्द और अतिमुक्त।[1] तत्त्वार्थराजवार्तिक के अनुसार उनके नाम इस प्रकार हैं—ऋषिदास, वान्य, सुनक्षत्र, कार्तिक, नन्द, नन्दन, शालिभद्र, अभय, वारिषेण, चिलातपुत्र।[2] अंगपण्णत्ती में उनके नाम इस प्रकार हैं—ऋषिदास, शालिभद्र, सुनक्षत्र, अभय, धन्य, वारिषेण, नन्दन, नन्द, चिलातपुत्र, कार्तिक।[3] धवला में कार्तिक के स्थान पर कार्तिकेय और नन्द के स्थान पर आनन्द नाम प्राप्त होते हैं।[4]

वर्तमान में प्रस्तुत आगम ३ वर्गों में विभक्त है, जिनमें क्रमशः १०, १३, और १० अध्ययन हैं। इस प्रकार ३३ अध्ययनों में ३३ महान् आत्माओं का संक्षेप में वर्णन किया गया है। इनमें २३ राजकुमार तो श्रेणिक के पुत्र हैं।

अनुत्तरौपपातिकदशा का जो स्वरूप वर्तमान में उपलब्ध है वह स्थानांग और समवायांग की वाचना से पृथक् है। आचार्य अभयदेव ने स्थानांगवृत्ति में इसे वाचनान्तर कहा है।

विषय-वस्तु

समवायांग सूत्र में, अनुत्तरौपपातिक सूत्र में वर्णित विषय का निर्देश तथा उसका श्लोक-परिमाण पद-संख्या आदि का कथन इस प्रकार है—

सौधर्म ईशान आदि नाम वाले बारह स्वर्ग माने गए हैं। बारहवें स्वर्ग के ऊपर नव ग्रैवेयक विमान आते हैं और उनके ऊपर विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित एवं सर्वार्थसिद्ध—ये पांच अनुत्तर विमान आते हैं। इन विमानों से उत्तर=उत्तम-प्रधान अन्य विमान न होने के कारण इनको अनुत्तर विमान कहते हैं। जो साधक अपने उत्कृष्ट तप और संयम की साधना से इनमें उपपात (जन्म) पाते हैं, उनको 'अनुत्तरौपपातिक' कहते हैं।

अनुत्तरौपपातिक में अनुत्तरौपपातिकों के नगर, उद्यान, चैत्य, वनखंड, समवसरण तत्कालीन राजा, के माता-पिता, धर्मगुरु, धर्माचार्य, धर्मकथा, संसार की ऋद्धि, भोग-उपभोग का तथा तप, त्याग, प्रव्रज्या, उत्सर्ग, संलेखना, अंतिम समय के पादोपगमन (संथारा) आदि, अनुत्तरविमान में उपपात

---

१. स्थानांग-१०।११४

२. तत्त्वार्थराजवार्तिक-१।२०, पृ ७३.

३. अंगपण्णत्ती ५५.

४. षट्खंडागम १।१।२.

(जन्म), वहां से श्रेष्ठ कुल में जन्म, वोधि-लाभ तथा अन्त-क्रिया आदि का वर्णन अनुत्तरौपपातिक सूत्र में किया गया है।

समवायांग तथा नन्दी सूत्र में, जहाँ अनुत्तरौपपातिक का परिचय दिया गया है, वहाँ कहा गया है कि—'इस सूत्र की वाचनाएँ परिमित हैं ऐसा बताया गया है। अर्थात् अनुत्तरौपपातिक के अनुयोगद्वार संख्येय हैं, उसमें वेढ संख्येय हैं, श्लोक नाम के छन्द संख्येय हैं, उसकी निर्युक्ति संख्येय है, उसकी संग्रहणी संख्येय है तथा प्रतिपत्तियाँ संख्येय हैं। इस सूत्र में एक श्रुत-स्कंध है, तीन वर्ग हैं, अध्ययन दश हैं, अक्षर असंख्येय हैं, गम अनन्त हैं और पर्याय भी अनन्त हैं।

इस सूत्र में परिमित त्रस जीवों का और अनन्त स्थावर जीवों का वर्णन है। तथा उक्त सब पदार्थ स्वरूप से कहे गये हैं, और हेतु उदाहरण द्वारा व्यवस्थित भी किये गए हैं। नाम, स्थापना आदि द्वारा भी वे सब पदार्थ उक्त सूत्र में प्रस्तुत किये गये हैं। इस प्रकार इस सूत्र को समझने वाला आत्मा उक्त विषयों का ज्ञाता-विज्ञाता और दृष्टा होता है। इस प्रकार इस सूत्र में चरण-करण की प्ररूपणा की गई है।'

नन्दी सूत्र में भी समवायांग सूत्र के अनुरूप विषयों की प्ररूपणा प्राप्त होती है। हाँ, नन्दी सूत्र में अध्ययनों की संख्या का निर्देश नहीं है। नन्दी सूत्र के अनुसार अनुत्तरौपपातिक का उद्देशन तीन दिन में होता है जब कि समवायांग के पाठानुसार दस दिन का समय उद्देशन के लिए होता है। नन्दी सूत्र में इस विषय में इस प्रकार उल्लेख है—"एगे सुयक्खंधे तिण्णि वग्गा, तिण्णि उद्देसणकाला"।[1] अर्थात्—इस नवम अंग में तीन वर्ग हैं और तीन उद्देशन काल हैं। स्पष्ट है कि यहाँ अध्ययन का नाम ही नहीं है। किन्तु समवाय में इसके दस अध्ययन बताए हैं। समवाय के वृत्तिकार लिखते हैं कि इस भेद का हेतु अवगत नहीं है—"इह तु दृश्यन्ते दश-इति अत्र अभिप्रायो न ज्ञायते इति"।[2] उपर्युक्त विभिन्नता से स्पष्ट है कि हमारे आगमशासन का क्रम या प्रवाह विशेष रूप से खंडित हो गया है।

स्थानांगसूत्र में केवल दश अध्ययनों का वर्णन है। तत्वार्थ-राजवार्तिक के अभिमतानुसार प्रस्तुत आगम में प्रत्येक तीर्थंकर के समय में होने वाले १०-१० अनुत्तरौपपातिक श्रमणों का वर्णन है। कषायपाहुड में भी इसी का समर्थन हुआ है।

वर्तमान में उपलब्ध यह सूत्र और प्राचीनकाल में उपलब्ध वह सूत्र—इन दोनों में क्या विशेषता है? इसका उत्तर इस प्रकार है—

तीन वर्ग का होना—राजवार्तिक आदि चारों ग्रंथों में नहीं बताया गया है। स्थानांग और राजवार्तिक में जिन विशेष नामों का निर्देशन है, उनमें से कुछ नाम वर्तमान सूत्र में उपलब्ध हैं। जैसे—वारिषेण (राजवार्तिक) नाम प्रथम वर्ग में है। इसी भाँति धन्य, सुनक्षत्र तथा ऋषिदास (स्थानांग तथा राजवार्तिक) ये तीन नाम तृतीय वर्ग में वर्णित हैं।

ये चार नाम ही वर्तमान सूत्र में उपलब्ध होते हैं, अन्य किसी भी नाम का निर्देश नहीं है। जिन अन्य नामों का निर्देश वर्तमान पाठ में उपलब्ध है, वे नाम न तो स्थानांग में हैं, और न राजवार्तिक में हैं। स्थानांग सूत्र के वृत्तिकार श्रीअभयदेवसूरि इस सम्बन्ध में सूचित करते हैं कि स्थानांग में कथित नाम प्रस्तुत सूत्र की किसी अन्य वाचना में होने संभावित हैं। वर्तमान वाचना उस वाचना से भिन्न है।

---

१. नन्दी सूत्र-पृ. २३३, सू. ५४

२. समवाय वृत्ति-पृ. ११४

प्रस्तुत सूत्र के पदों का प्रमाण समवायांग सूत्र में संख्येय लाख पद बताया है और उसकी वृत्ति में छियालीस लाख और आठ हजार (४६,०८०,००) पद बताए हैं। नन्दी सूत्र के मूल में संख्येय हजार पद बताए हैं। वृत्ति में भी संख्येय हजार पद प्राप्त होते हैं। धवला तथा जय-धवला में ९२,४४,००० (बानवें लाख चवालीस हजार) पदपरिमाण बतलाया गया है। राजवार्तिक में पद संख्या का कहीं उल्लेख नहीं है।

प्रस्तुत अनुत्तरौपपातिक सूत्र की स्थिति प्राचीन अनुत्तरौपपातिक सूत्र से कुछ भिन्न है। प्रथम वर्ग में १० अध्ययन हैं, द्वितीय वर्ग में १३ अध्ययन हैं, और तृतीय वर्ग में १० अध्ययन हैं। इस प्रकार तीनों वर्गों की अध्ययन संख्या ३३ होती है। प्रत्येक अध्ययन में एक एक महापुरुष का जीवन वर्णित है।

प्रथम वर्ग

प्रथम वर्ग में-जालि, मयालि, उपजालि, पुरुषसेन, वारिसेण, दीर्घदन्त, लष्टदन्त, विहल्ल, वेहायस और अभयकुमार इन दश राजकुमारों का, उनके माता-पिता, नगर, जन्म आदि का तथा वहाँ के राजा, उद्यान आदि का परिचय दिया गया है तथा उक्त दशों राजकुमार भगवान महावीर के पास संयम स्वीकार करके तथा उत्कृष्ट तप त्याग की आराधना कर अनुत्तर विमान में देव हुए और वहां से चयकर मानव शरीर धारण कर सिद्ध बुद्ध और मुक्त होंगे।

द्वितीय वर्ग

द्वितीय वर्ग में दीर्घसेन, महासेन, लष्टदन्त, गूढदन्त शुद्धदन्त, हल, द्रुम, द्रुमसेन, सिंह, सिंहसेन, महासिंहसेन और पुष्पसेन—इन तेरह राज कुमारों के जीवन का वर्णन भी जालिकुमार के जीवन की भाँति ही संक्षेप में किया गया है। इस वर्ग में वर्णित महापुरुषों का जीवन भोगमय तथा तपोमय था, और सभी राजकुमार अपनी तपः-साधना के द्वारा पांच अनुत्तर विमानों में गए हैं, तथा वहाँ से चयकर मनुष्य जन्म पाकर सिद्ध, बुद्ध और मुक्त होंगे।

तृतीय वर्ग

तृतीय वर्ग में—धन्यकुमार, सुनक्षत्रकुमार, ऋषिदास, पेल्लक, रामपुत्र चन्द्रिक, पृष्टिमातृक, पेढालपुत्र, पोट्टिल्ल तथा वेहल्ल—इन दश कुमारों के भोगमय जीवन के पश्चाद्‌वर्ती तपोमय जीवन का सुन्दर चित्रण किया गया है। उक्त दश कुमारों में धन्यकुमार का वर्णन विस्तार पूर्वक है।

अनुत्तरौपपातिक सूत्र का प्रमुख पात्र धन्यकुमार काकन्दी की भद्रा सार्थवाही का पुत्र था। अपरिमित धन-धान्य और सुख-उपभोग के साधनों से संपन्न था। धन्यकुमार का लालन-पालन बड़े ऊँचे स्तर पर हुआ था। वह सांसारिक सुखों में लीन था। एक दिन श्रमण भगवान् महावीर के त्याग-वैराग्य संयुक्त दिव्य पावन प्रवचन सुनकर वैराग्य की भावना जागृत हो गई, और तदनुसार वह अपने विपुल वैभव को छोड़कर मुनि बन गया।

मुनिजीवन प्राप्त करने के पश्चात् जो त्याग और तपोमय जीवन का प्रारम्भ हुआ वह श्रमणसमुदाय में अद्‌भुत था। तपोमय जीवन का ऐसा अद्‌भुत और सर्वांगीण वर्णन श्रमण-साहित्य में अन्यत्र उपलब्ध नहीं होता तो इतर साहित्य में तो उपलब्ध हो ही कैसे सकता है! अनगार बनते ही धन्य ने जीवन भर के लिए छठ-छठ के तप से पारणा करने की प्रतिज्ञा की। पारणा में आचाम्ल व्रत अर्थात् केवल रूक्ष भोजन करते थे। इसमें भी अनेकानेक प्रतिबन्ध उन्होंने स्वेच्छया स्वीकार किए थे। इस प्रकार उत्कृष्ट तप करने से उनका शरीर केवल अस्थिपंजर रह गया था।

इस प्रकार अनुत्तरौपपातिक सूत्र में भगवान् महावीरकालीन उग्र तपस्वियों में महादुष्करकारक और महानिर्जराकारक धन्य अनगार ही थे। स्वयं भगवान् महावीर ने सम्राट् श्रेणिक को बताया था कि चौदह हजार श्रमणों में धन्य अनगार उत्कृष्ट तपोमूर्ति हैं। इस प्रकार धन्य अनगार नव मास की स्वल्पावधि में उत्कृष्ट साधना कर सर्वार्थसिद्ध विमान में देव रूप से उत्पन्न हुए। वहाँ से च्यवनकर वे मनुष्यजन्म पाकर तप:साधना के द्वारा सिद्ध, बुद्ध और मुक्त होंगे।

काकन्दी की भद्रा सार्थवाही का द्वितीय पुत्र सुनक्षत्रकुमार था। उसका वर्णन भी धन्यकुमार की तरह ही समझना चाहिए। शेष आठ कुमारों का वर्णन प्राय: भोग-विलास में तथा तप-त्याग में सुनक्षत्र के समान ही समझना चाहिए।

इस प्रकार प्रस्तुत अनुत्तरौपपातिक सूत्र में तेतीस महापुरुषों का परिचय दिया गया है। यह वर्णन संपूर्ण प्रकार से प्राचीन समय की परिस्थिति का द्योतक है अतएव ऐतिहासिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

यद्यपि श्रमणसंघ के युवाचार्य विद्वद्वरेण्य पं. र. मुनिश्री मिश्रीमलजी म. सा. 'मधुकर' ने, जिनके नेतृत्व में आगमबत्तीसी का प्रकाशन हो रहा है, इसे अक्षरश: अवलोकन कर लिया है और भारिल्लजी ने संशोधन कर दिया है, अतएव मैं निश्चित हूँ।

प्रस्तुत सूत्र में मूल आगम-वाणी का एवं उसके व्याख्या-साहित्य का संक्षेप में परिचय दिया गया है, जिससे प्रबुद्ध पाठकों को आगम की महत्ता का परिज्ञान हो सके।

कई वर्षों से आगमसेवा के प्रति मेरे मन के कण-कण में, अणु-अणु में, गहरी निष्ठा रही है। कर्म-वर्गणा से पृथक् होने के लिए आगम का स्वाध्याय एक रामबाण औषध है। सर्वज्ञ वीतराग परमात्मा की पावनी वाणी में जो तात्त्विक रहस्य प्राप्त होता है वह अल्पज्ञों की वाणी में कदापि नहीं मिल सकता। वास्तविक तथ्यों को जानने के लिए तत्त्वज्ञ गुरु का अनुग्रह परम आवश्यक है। ज्ञानी गुरु के बिना आगमों के गहन रहस्यों को समझना अल्पज्ञों के लिए अशक्य है।

गुरु का संयोग प्राप्त होने पर भी जब तक छद्मस्थदशा है तब तक त्रुटियों की संभावना बनी ही रहती है। अतएव गहन रहस्यों से अनभिज्ञ होने से प्रस्तुत अनुवाद में कहीं अर्थ की त्रुटियाँ रही हों तो पाठक क्षमा करें।

इस प्रकार पूरी तरह समर्थ न होने पर भी परम श्रद्धेय सद्गुरुवर्य, अनुयोग-प्रवर्तक श्री कन्हैयालालजी म. (कमल) एवं परमोपकारी पूजनीया मातेश्वरी महासती श्री माणेककुंवरजी म. की पावनी कृपा से तथा पंडित शोभाचन्द्रजी भारिल्ल की अनन्य प्रेरणा से, तथा परमादरणीय पू. आत्मारामजी म. सा. एवं श्री विजयमुनिजी म. की श्रुत-सहायता से एवं मेरे सहयोगी अन्य साध्वी-समवाय के परम सहयोग से यह कार्य सम्पन्न करने में समर्थ हुई हूँ। आशा है इन सभी का सहयोग निरंतर मिलता रहे और भविष्य में भी आगम-सेवा का अलभ्य लाभ मुझे मिलता रहे, यही हार्दिक कामना।

मुझे आशा ही नहीं संपूर्ण विश्वास है कि प्रस्तुत आगम जन-जन के अन्तर्मानस में वीतराग परमात्मा के प्रति गहरी निष्ठा उत्पन्न करेगा। अज्ञान अंधकार को नष्ट करके ज्ञानप्रकाश फैलाएगा। इसी आशा और उल्लास के साथ प्रस्तुत आगम प्रबुद्ध पाठकों को समर्पित कर अत्यंत आनंद का अनुभव करती हूँ।

साध्यसाधिका
साध्वी मुक्तिप्रभा

प्रस्तावना

अनुत्तरोपपातिकदशा : एक अनुचिन्तन

जैन आगम साहित्य भारतीय साहित्य की विराट् निधि का एक अनमोल भाग है। वह अंग-प्रविष्ट और अंग-बाह्य के रूप में उपलब्ध है। अंगप्रविष्ट साहित्य के सूत्र रूप में रचयिता गणधर हैं और अर्थ के प्ररूपक साक्षात् तीर्थंकर होने के वह कारण मौलिक व प्रामाणिक माना जाता है। द्वादशांगी-अंगप्रविष्ट है। 'तीर्थंकरों के द्वारा प्ररूपित अर्थ के आधार पर स्थविर जिस साहित्य की रचना करते हैं वह अनंग-प्रविष्ट है। द्वादशांगी के अतिरिक्त जितना भी आगम साहित्य है वह अनंगप्रविष्ट है, उसे अंगबाह्य भी कहते हैं। जिनभद्रगणी क्षमाश्रमण ने यह भी उल्लेख किया है कि गणधरों की प्रबल जिज्ञासाओं के समाधान हेतु तीर्थंकर त्रिपदी-उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य का उपदेश प्रदान करते हैं। उस त्रिपदी के आधार पर जो साहित्य-निर्माण किया जाता है वह अंगप्रविष्ट है और भगवान् के मुक्त व्याकरण के आधार पर जिस साहित्य का सृजन हुआ है वह अनंग-प्रविष्ट है। [1]

स्थानाङ्ग, नंदी [2] आदि श्वेताम्बर साहित्य में यही विभाग प्राचीनतम है। दिगम्बर साहित्य में भी आगमों के यही दो विभाग उपलब्ध होते हैं—अंग-प्रविष्ट और अंग-बाह्य [3]। अंगबाह्य के नामों में कुछ अन्तर है।

---

१. गणहर थेरकयं वा, आएसा मुक्त-वागरणओ वा
ध्रुव-चल विसेसओ वा अंगाणंगेसु नाणत्तं ॥
—विशेषावश्यक भाष्य, गा. ५५२,

२. नंदीसूत्र—४३.

३. (क) षट्खण्डागम भाग, ९, पृ. ९६, (ख) सर्वार्थसिद्धि पूज्यपाद १-२०, (ग) राजवार्तिक-अकलंक १-२०
(घ) गोम्मटसार जीवकाण्ड, नेमिचन्द्र, पृ. १३४.

अंगप्रविष्ट का स्वरूप सदा सर्वदा सभी तीर्थंकरों के समय नियत होता है। वह ध्रुव है, नियत है, शाश्वत है।[४] उसे द्वादशांगी या गणिपिटक भी कहते हैं। अंग-साहित्य बारह विभागों में विभक्त है।[५] (१) आचार (२) सूत्रकृत (३) स्थान (४) समवाय (५) भगवती (६) ज्ञाताधर्मकथा (७) उपासकदशा (८) अन्तकृद्दशा (९) अनुत्तरोपपातिक दशा (१०) प्रश्नव्याकरण (११) विपाक (१२) दृष्टिवाद। दृष्टिवाद वर्तमान में अनुपलब्ध है।

अनुत्तरोपपातिकदशा यह नौवां अंग है। प्रस्तुत आगम में ऐसे महान् तपोनिधि साधकों का उल्लेख है जिन्होंने उत्कृष्टतम तप की साधना-आराधना कर आयु पूर्ण होने पर अनुत्तर विमानों में जन्म ग्रहण किया। विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्ध ये पांच अनुत्तर विमान हैं। अन्य सभी विमानों में श्रेष्ठ होने से इन्हें 'अनुत्तर' विमान कहा है। अनुत्तर विमान में उत्पन्न होने वाले अनुत्तरौपपातिक कहे जाते हैं। प्रथम वर्ग में दस अध्ययन हैं, इसलिए इसे अनुत्तरौपपातिकदशा कहा है।[६] दूसरे शब्दों में यों कह सकते हैं कि ऐसे मानवों की दशा यानी अवस्था का वर्णन होने से भी इसे अनुत्तरौपपातिक दशा कहा है। अनुत्तर विमानवासी देवों की एक विशेषता यह है कि वे परीत संसारी होते हैं। वहां से च्युत होकर एक या दो बार मानव-रूप में जन्म लेकर निर्वाण प्राप्त करते हैं।

प्राचीन आगम[७] व आगमेतर[८] ग्रन्थों में प्रस्तुत आगम के सम्बन्ध में जो उल्लेख सम्प्राप्त होते हैं, उनके अनुसार वर्तमान में उपलब्ध अनुत्तरोपपातिक दशा में न वर्णन है और न वे चरित्र ही हैं। यह परिवर्तन कब हुआ, यह अन्वेषनीय है। नवांगी टीकाकार आचार्य अभयदेव ने इसे वाचनान्तर कहा है।[९] मैंने अपने जैन आगम साहित्य मनन और मीमांसा" ग्रन्थ में इस सम्बन्ध में विस्तार से विवेचन किया है, अतः विशेष जिज्ञासु उसे देखें। वर्तमान में प्रस्तुत आगम तीन वर्गों में विभक्त है, जिनमें क्रमशः दस, तेरह और दस अध्ययन हैं। इस प्रकार तेतीस अध्ययनों में तेतीस महान् आत्माओं का बहुत ही संक्षेप में वर्णन है। जो घटनाएं और आख्यान इसमें आये हैं, वे पल्लवित नहीं हैं, केवल संकेतमात्र हैं। प्रथम वर्ग में जालीकुमार का और तृतीय वर्ग में धन्यकुमार का

---

४. (क) समवायांग समवाय १४८, मुनि कन्हैयालाल जी म. सम्पादित, पृ. १३८.
   (ख) नन्दी सूत्र, ५७.

५. समवायांग प्रकीर्णक समवाय सूत्र ८८.

६. 'तत्रानुत्तरेषु विमानविशेषेषूपपातो-जन्म अनुत्तरोपपातः स विद्यते येषां तेऽनुत्तरौपपातिकास्तत्प्रतिपादिका दशाः —दशाध्ययनप्रतिबद्धप्रथमवर्गयोगाद्दशाः ग्रन्थ-विशेषोऽनुत्तरौपपातिकदशास्तासां च सम्बन्धसूत्रम्
   —अनुत्तरौपपातिकदशा अभयदेववृत्ति

७. (क) नन्दीसूत्र ८९
   (ख) स्थानाङ्ग १०।११४
   (ग) समवायांग प्रकीर्णक समवाय ९७

८. (क) तत्वार्थराजवार्तिक १।२०, पृ. ७३
   (ख) कषायपाहुड भाग १, पृ. १३०
   (ग) अंगपण्णत्ती ५५
   (घ) षट्खण्डागम १।१।२

९. तदेवमिहापि वाचनान्तरापेक्षयाऽध्ययनविभाग उक्तो न पुनरुपलभ्यमानवाचनापेक्षयेति
   —स्थानाङ्गवृत्ति पत्र ४८३

चरित्र ही कुछ विस्तार से आया है। शेष चरित्रों में तो केवल सूचन ही है। पर इस आगम में जो भी पात्र आये हैं उनका ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यधिक महत्त्व है, जो इतिहास के अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डालते हैं।

प्रस्तुत आगम में सम्राट् श्रेणिक के जालि, मयालि, उपजालि, पुरुषसेन, वारिसेन, दीर्घदन्त, लष्टदन्त, विहल्ल, वेहायस, अभयकुमार, दीर्घसेन, महासेन, लष्टदन्त, गूढ़दन्त, शुद्धदन्त, हल्ल, द्रुम, द्रुमसेन, महाद्रुमसेन, सिंह, सिंहसेन, महासिंहसेन, पुष्पसेन, इन तेवीस राजकुमारों के साधनामय जीवन का वर्णन है।

सम्राट् श्रेणिक मगध साम्राज्य का अधिपति था। जैन-बौद्ध-और वैदिक, इन तीनों परम्पराओं में श्रेणिक के सम्बन्ध में पर्याप्त चर्चाएं प्राप्त होती हैं। भागवत महापुराण[११] के अनुसार वह शिशुनागवंशीय कुल में उत्पन्न हुआ था। महाकवि अश्वघोष ने उस का कुल हर्यङ्ग लिखा है।[१२] आचार्य हरिभद्र ने उनका कुल वाहिक माना है।[१३] रायचौधरी का मन्तव्य है[१४] कि बौद्ध-साहित्य में जो हर्यङ्ग कुल का उल्लेख है, वह नागवंश का ही द्योतक है। कोविल्ल ने हर्यङ्ग का अर्थ सिंह किया है। पर उसका अर्थ नाग भी है। प्रोफेसर भाण्डारकर ने नाग दशक में बिम्बिसार की भी गणना की है और उन सभी राजाओं का वंश भी नागवंश माना है। बौद्ध-साहित्य में इस कुल का नाम शिशुनागवंश लिखा है।[१५] जैन ग्रन्थों में वर्णित वाहिक कुल भी नागवंश ही है। वाहिकजनपद नाग जाति का मुख्य केन्द्र रहा है। उस का कार्य-क्षेत्र प्रमुख रूप से तक्षशिला था, जो वाहिक जनपद में था। इसलिये श्रेणिक को शिशुनागवंशीय मानना असंगत नहीं है।

पण्डित गेगर और भाण्डारकर ने सिलोन के पाली वंशानुक्रम के अनुसार बिम्बसार और शिशुनाग वंश को पृथक् बताया है। बिम्बसार शिशुनाग के पूर्व थे।[१६] डाक्टर काशीप्रसाद का मन्तव्य है कि श्रेणिक के पूर्वजों का काशी के राजवंश के साथ पैत्रिक सम्बन्ध था, जहाँ पर तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने जन्म ग्रहण किया था। इसलिये श्रेणिक का कुलधर्म निर्ग्रन्थ (जैन) धर्म था। आचार्य हेमचन्द्र ने भी राजा श्रेणिक के पिता प्रसेनजित को भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा का श्रावक लिखा है।[१७]

श्रेणिक का जन्म-नाम क्या था? इस सम्बन्ध में जैन, बौद्ध और वैदिक परम्परा के ग्रन्थ मौन हैं। जैन आगमों में श्रेणिक के भंभसार, भिंभसार, भिंभीसार ये नाम मिलते हैं।[१८] श्रेणिक बालक था, उस समय राजमहल में आग लगी। सभी राजकुमार विविध बहुमूल्य वस्तुएं लेकर भागे। किन्तु श्रेणिक ने भंभा को ही

---

११. भागवतपुराण, द्वि. ख. पृ-९०३

१२. जातस्य हर्यंगकुले विशाले—बुद्धचरित्र, सर्ग ११, श्लोक २

१३. आवश्यक हरिभद्रीया वृत्तिपत्र ६७७

१४. स्टडीज इन इण्डिया एन्टिक्वीटीज पृ-२१६

१५. महावंश गाथा २७-३२

१६. स्टडीज इन इण्डियन एन्टिक्वीटीज, पृ. २१५-२१६।

१७. त्रिषष्ठि—१०।६।८।

१८. क—सेणिए भंभसारे—ज्ञाताधर्मकथा, श्रुत. १ अ. १३।
ख—दशाश्रुतस्कन्ध दशा १०, सूत्र-१
ग—सेणिए भंभसारे, सेणिए भिंभसारे —उववाई सूत्र, सू ७—पृ. २३, सू ६—पृ. २९
घ—सेणिए भिंभसारे—ठाणांग सूत्र, स्था. ९, पत्र ४५८

राजचिह्न के रूप में सारभूत समझकर ग्रहण किया। एतदर्थ उस का नाम भंभसार पड़ा।[१९] अभिधान-चिन्तामणि,[२०] उपदेशमाला,[२१] ऋषिमण्डल प्रकरण,[२२] भरतेश्वरबाहुबली वृत्ति[२३] आवश्यकचूर्णि[२४] प्रभृति प्राकृत और संस्कृत के ग्रन्थों में भंभासार शब्द मुख्य रूप से प्रयुक्त हुआ है। भंभा, भिंभा और भिंभि ये सभी शब्द भेरी के अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं।[२५]

बौद्धपरम्परा में श्रेणिक का नाम विम्बिसार प्रचलित है।[२६] बिम्बि का अर्थ "सुवर्ण" है। स्वर्ण के सदृश वर्ण होने के कारण उनका नाम "विम्बिसार" पड़ा हो।[२७] तिब्बती परम्परा मानती है कि श्रेणिक की माता का नाम विम्बि था अतः वह विम्बसार कहा जाता है।[२८]

जैन परम्परा का मन्तव्य है की सैनिक श्रेणियों की स्थापना करने से उसका नाम श्रेणिक पड़ा।[२९] बौद्ध परम्परा का अभिमत है कि पिता के द्वारा अठारह श्रेणियों के स्वामी बनाये जाने के कारण वह श्रेणिक बिम्बसार कहलाया।[३०]

जैन बौद्ध और वैदिक वाङ्मय में श्रेणी और प्रश्रेणी की यत्र-तत्र चर्चाएं आई हैं। जम्बूद्वीपण्णत्ति[३१] जातक मूगपक्खजातक[३२] में श्रेणी की संख्या अठारह मानी है। महावस्तु में[३३] तीस श्रेणियों का उल्लेख है। यजुर्वेद में[३४] त्रेपन का उल्लेख है। किसी-किसी का अभिमत है कि महती सेना होने से या सेनिय गोत्र होने

---

१९. क—सेणियकुमारेण पुणो जयढक्का कड्ढिया पविसिऊणं पिउणा तुट्ठेण तओ भणिओ सो भंभासारो।
—उपदेशमाला सटीकपत्र ३३४-१

ख—स्थानांग वृत्ति, पत्र ४६१-१

ग—त्रिषष्ठिशलाका—१०।६।१०९-११२

२०. अभिधानचिन्तामणि-काण्ड ३, श्लोक ३७६.

२१. उपदेशमाला, सटीकपत्र ३२४.

२२. ऋषि मण्डलप्रकरण—पत्र १४३.

२३. भरतेश्वरबाहुबली वृत्ति-पत्र विभाग १२२.

२४. आवश्यकचूर्णि-उत्तरार्द्ध पत्र-१५८.

२५. पाइयसद्दमहण्णवो-पृष्ठ ७९४-८०७.

२६. इण्डियन हिस्टोरिकल क्वार्टर्ली, भाग १४, अंक २, जून-१९३८, पृ. ४१५.

२७. (क) उदान अट्ठकथा १०४.

(ख) पाली इंग्लिश डिक्शनरी पृ. ११०.

२८. इण्डियन हिस्टोरिकल क्वाटर्ली, भाग-१४, अंक २, जून १९३८ पृ. ४१३.

२९. श्रेणीः कायति श्रेणिको मगधेश्वरः —अभिधान चिन्तामणि स्वोपज्ञवृत्ति, मर्त्यकाण्ड श्लो. ३७६

३०. स पित्राष्टादशसु श्रेणिष्वग्तारितः
अतोऽस्य श्रेण्यो विम्बिसार इति ख्यातः (?) —विनय पिटक, गिलगित मांस्क्रुप्ट

३१. जम्बूद्वीपपण्णत्ति, वक्षस्कार ३, पत्र १९३.

३२. जातक, मूगपक्खजातक, भाग ६.

३३. (क) महावस्तु भाग ३, (ख) ऋषभदेवः एक परिशीलन, ले. देवेन्द्र मुनि (परिशिष्ट ३, पृ. १५) द्वि. सं. -श्री तारक गुरु जैन ग्रन्थालय, उदयपुर (राज.)

३४. (क) यजुर्वेद ३० वाँ अध्याय

(ख) वैज्ञानिक विकास की भारतीय परम्परा, पृ. २७-३०

से उसका नाम श्रेणिक पड़ा।[३५] श्रीमद्भागवत पुराण में श्रेणिक के अजातशत्रु[३६] विधिसार[३७] नाम भी आये हैं। दूसरे स्थलों में विन्ध्यसेन और सुविन्दु नाम के भी उल्लेख हुए हैं।[३८]

आवश्यक हरिभद्रीयावृत्ति[३९] और त्रिपष्ठिशलाकापुरुपचरित्र[४०] के अनुसार श्रेणिक के पिता प्रसेनजित थे। दिगम्बर आचार्य हरिषेण ने श्रेणिक के पिता का नाम उपश्रेणिक लिखा है।[४१] आचार्य गुणभद्र ने उत्तरपुराण[४२] में श्रेणिक के पिता का नाम कुणिक लिखा है जो अन्यान्य आगम और आगमेतर ग्रन्थों से संगत नहीं है। वह श्रेणिक का पिता नहीं किन्तु पुत्र है।[४३] अन्यत्र ग्रन्थों में श्रेणिक के पिता का नाम महापद्म, हेमजित्, क्षेत्रोजा, क्षेत्रोजा भी मिलते हैं।[४४]

जैन साहित्य में श्रेणिक की छब्बीस रानियों के नाम उपलब्ध होते हैं। उनके ३५ पुत्रों का भी वर्णन मिलता है।[४५] ज्ञातासूत्र[४६] अन्तकृद्दशा[४७] निरयावलिका[४८], आवश्यकचूर्णि, निशीथ चूर्णि, त्रिपष्ठिशलाका पुरुपचरित्र, उपदेशमाला दोघट्टी टीका, श्रेणिकचरित्र प्रभृति में उनके अधिकांश पुत्र, पौत्र, और महारानियों के भगवान् महावीर के पास प्रव्रज्या लेने के उल्लेख हैं। वे सभी ज्ञान, ध्यान व उत्कृष्ट तप-जप की साधना कर स्वर्गवासी होते हैं। विस्तारभय से हम उन सभी का उल्लेख नहीं कर रहे हैं। उत्तराध्ययन के अनुसार श्रेणिक सम्राट् ने अनाथी मुनि से नाथ और अनाथ के गुरु-गंभीर रहस्य को समझकर जैन धर्म स्वीकार किया था।[४९] सम्राट् श्रेणिक क्षायिक-सम्यक्त्व-धारी थे। उन्होंने तीर्थंकर नामकर्म प्रकृति का भी बंध किया था, यद्यपि वे न तो बहुश्रुत थे, और न प्रज्ञप्ति जैसे आगमों के वेत्ता ही थे, तथापि सम्यक्त्व के कारण ही वे तीर्थंकर जैसे गौरवपूर्ण पद को प्राप्त करेंगे।[५०]

बौद्ध ग्रन्थों के अनुसार श्रेणिक की पाँच सौ रानियाँ थीं।[५१] उसे उन्होंने तथागत बुद्ध का भक्त माना है। कितने ही विद्वानों की यह धारणा है कि जीवन के पूर्वार्ध में वह जैन था और उत्तरार्ध में बौद्ध बन गया था, इसलिये जैन ग्रन्थों में उसके नरक जाने का उल्लेख है। पर उन विद्वानों की यह धारणा उचित नहीं है।

---

३५. धम्मपाल-उदान टीका, पृ. १४०
३६. श्रीमद्भागवत, द्वितीय काण्ड, पृ. ९०३.
३७. श्रीमद्भागवत १२।१
३८. भारतवर्ष का इतिहास—पृ. २५२, भगवद्दत्त
३९. आवश्यक हरिभद्रीयावृत्ति, पत्र ६७१.
४०. त्रिपष्ठि, १०।६।१
४१. बृहद्कथाकोष, कथानं ५५, श्लो. १-२.
४२. उत्तरपुराण ७४। ४। ८, पृ. ४७१.
४३. औपपातिक सूत्र
४४. पॉलिटिकल हिस्ट्री ऑफ एन्शिएन्ट इण्डिया, पृ. २०५.
४५. देखिये भगवान महावीर-एक अनुशीलन, पृ. ४७३-४७४. देवेन्द्रमुनि शास्त्री
४६. ज्ञातासूत्र १।१।।.
४७. अन्तकृद्दशा, वर्ग-७, अ-१ से १३.
४८. निरयावलिया—प्रथम श्रुतस्कन्ध ! प्रथम वर्ग, दूसरा वर्ग।
४९. उत्तराध्ययन सूत्र- अ. २०.
५०. न सेणियो आसि तया बहुस्सुओ, न यावि पन्नत्तिधरो न वायगो।
सो आगमिस्साइ जिणो भविस्सइ; समिक्ख पन्नाई वरं खु दंसणं।।
५१. विनयपिटक महावग्ग ९।१।१५.

हम पूर्व ही लिख चुके हैं कि आगामी चौवीसी में वे पद्मनाभ नामक प्रथम तीर्थंकर होंगे।[५२] हमारी दृष्टि से यह हो सकता है जब राजा प्रसेनजित ने श्रेणिक को निर्वासित किया था, उस समय उन्होंने प्रथम विश्राम नन्दीग्राम में लिया था। वहाँ के प्रमुख ब्राह्मणों ने राजकोप के भय से न-उन्हें भोजन दिया और न विश्रान्ति के लिये आवास ही प्रदान किया। विवश होकर नन्दीग्राम के वाहर वौद्ध-विहार में उन्हें रुकना पड़ा और वहाँ के वौद्ध भिक्षुओं ने उन्हें स्नेह प्रदान किया हो, जिससे उनके अन्तर्मानस में वौद्ध धर्म के प्रति सहज अनुराग जाग्रत हुआ हो। इसलिये निर्ग्रन्थ धर्म (जैन धर्म) का परम उपासक होने पर भी तथागत वुद्ध के प्रति भी उसमें स्नेह रहा हो और उस स्नेह के कारण ही उन्होंने वुद्ध से धार्मिक चर्चाएँ भी की हों। उपर्युक्त पंक्तियों में हमने देखा है कि श्रेणिक एक वहुत तेजस्वी शासक था। वह जिनशासन की महान् प्रभावना करने वाला था। देवों के द्वारा की गई परीक्षा में भी वह समुत्तीर्ण हुआ था।[५३] उसका अनूठा कृतित्व जैनधर्म की गौरव-गरिमा में चार चाँद लगाने वाला था।

प्रस्तुत आगम में श्रेणिक सम्राट् के राजकुमारों का वर्णन है, उनके जीवन-प्रसंगों के सम्वन्ध में भी यत्र-तत्र चर्चाएं आई हैं। विहल्ल कुमार का सम्वन्ध हार हाथी के प्रसंग को लेकर उस युग के महान संग्राम महाशिला से है किन्तु विस्तारभय से हम उन सभी का उल्लेख न कर अभयकुमार के सम्वन्ध में ही यहाँ कुछ चिन्तन प्रस्तुत कर रहे हैं।

अभयकुमार प्रवल प्रतिभा का धनी था। जैन और वौद्ध दोनों ही परम्पराएँ उसे अपना अनुयायी मानती हैं। जैन आगम साहित्य के अनुसार वह भगवान् महावीर के पास आर्हती दीक्षा स्वीकार करता है और त्रिपिटक साहित्य के अनुसार वह वुद्ध के पास प्रव्रजित होता है।

जैन साहित्य की दृष्टि से वह श्रेणिक की नन्दा नामक रानी का पुत्र था।[५३] नन्दा वेन्नातटपुर[५४] के श्रेष्ठी धनावह की पुत्री थी। कुमारावस्था में श्रेणिक वहाँ पहुँचे थे और उन्होंने नन्दा के साथ पाणिग्रहण किया था। आठ वर्ष तक अभयकुमार अपनी माँ के साथ ननिहाल में रहे थे और उस के पश्चात् वे राजगृह आ गये।[५५]

अभय का रूप अत्यधिक सुन्दर था। वे साम, दाम, दण्ड, भेद, प्रदान, व्यापार नीति में निष्णात थे। ईहा, अपोह, मार्गणा गवेषणा और अर्थशास्त्र में कुशल थे। चारों प्रकार की वुद्धियों के धनी थे। वे श्रेणिक सम्राट के प्रत्येक कार्य के लिये सच्चे परामर्शक थे। वे राज्यधुरा को धारण करने वाले थे। वे राज्य (शासन) राष्ट्र (देश) कोप, कोठार (अन्नभण्डार) सेना वाहन नगर और अन्तःपुर की अच्छी तरह देखभाल करते थे।[५६]

अभयकुमार राजा श्रेणिक के मनोनीत मन्त्री थे।[५७] वे जटिल से जटिल समस्याओं को अपनी कुशाग्र

---

५२. जओ खाइगसम्मदिट्ठी तुमं आगमिस्साए य उस्सप्पिणीए तत्तो उवट्टित्ता पउमनाभनामो पढमतित्थयरो भविस्ससि —महावीर चरित्र (गुणचन्द्र)

५३. (क) त्रिषष्ठि. १०।९,
(ख) निरयावलिया टीका पत्र-५-१

५३ (क) ज्ञाताधर्मकथा १।१। ख-निरयावलिया-२३। ग-अनुत्तरोपपातिक १।१।

५४ यह नगर दक्षिण की कृष्णानदी जहाँ पूर्व के समुद्र से मिलती है वहाँ होना चाहिये, देखिये-भगवान महावीर : एक अनुशीलन : देवेन्द्रमुनि शास्त्री।

५५. भरतेश्वर वाहुवली, वृत्ति पत्र—३६।

५६. ज्ञाताधर्मकथा—१।१।

५७. भरतेश्वर वाहुवली वृत्ति पत्र—३८।

बुद्धि से एक क्षण में सुलझा देते थे। उन्होंने मेघकुमार की माता धारिणी[५८] और कुणिक की माता चेलना[५९] का दोहद अपनी कुशाग्र बुद्धि से सम्पन्न किया था। अपनी लघुमाता चेलणा और श्रेणिक का विवाह सम्बन्ध भी सानन्द सम्पन्न कराया था। उनके बुद्धि के चमत्कार की अनेक घटनाएं जैन साहित्य में अंकित हैं। उज्जयिनी के राजा चण्डप्रद्योत के विकट राजनैतिक संकट से श्रेणिक को मुक्त किया था।[६०]

श्रमणधर्म को ग्रहण करना अत्यधिक कठिन है यह अभयकुमार अच्छी तरह से जानते थे। एकवार एक द्रुमक (लकड़हारे) ने गणधर सुधर्मा के पास प्रव्रज्या ग्रहण की। लोगों ने उसका परिहास किया। अभयकुमार को ज्ञात होने पर उन्होंने सार्वजनिक स्थान पर एक-एक करोड़ स्वर्णमुद्राओं का अम्बार लगाया। और यह उद्घोषणा करवायी कि ये तीन-कोटि स्वर्णमुद्राएं वह व्यक्ति ले सकता है जो जीवन भर के लिये स्त्री, अग्नि और सचित्त पानी का परित्याग करे। स्वर्ण मुद्राओं को निहार कर सभी का मन ललचाया, किन्तु शर्त को सुनकर कोई भी आगे नहीं बढ़ सका। अभयकुमार ने उन सभी आलोचकों के सामने कहा—द्रुमक मुनि कितना महान् है, जिस ने जीवन भर के लिये स्त्री, अग्नि और सचित्त पानी का परित्याग किया है। आप उस का उपहास करते हैं। सभी द्रुमक मुनि के महान् त्याग से प्रभावित हुये और उन्हें श्रमण धर्म का महत्त्व ज्ञात हुआ।[६१]

सूत्रकृतांग-निर्युक्ति,[६२] तथा त्रिषष्ठिशलाका पुरुषचरित्र[६३] के अनुसार अभयकुमार ने आर्द्रकुमार को धर्मोपकरण उपहार के रूप में प्रेषित किये थे, जिससे वह प्रतिबुद्ध होकर श्रमण बना था। अभयकुमार के संसर्ग में आकर ही राजगृह का क्रूर कसायी काल शौकरिक का पुत्र सुलसकुमार भगवान् महावीर का परमभक्त बना था।[६४] अभयकुमार की धार्मिक भावना के अनेक उदाहरण जैन साहित्य में उट्टङ्कित हैं। कथाकार कहते हैं—एक बार अभय ने भगवान् महावीर के समक्ष जिज्ञासा प्रस्तुत की कि अन्तिम मोक्षगामी राजा कौन होगा ? भगवान् ने कहा –वीतभय का राजा उदायन जो मेरे निकट संयम स्वीकार कर चुका है। भगवान की यह बात सुनकर अभय मन ही मन सोचने लगा—यदि मैं राजा बन गया तो मोक्ष नहीं जा सकूंगा। अतः कुमारावस्था में ही दीक्षा ग्रहण कर लूं। उस ने सम्राट् श्रेणिक से अनुमति प्रदान करने के हेतु नम्र निवेदन किया। श्रेणिक ने कहा—अभी तुम्हारी उम्र दीक्षा लेने की नहीं है। दीक्षा लेने की उम्र मेरी है। तुम राजा बनकर आनन्द का उपभोग करो। अभयकुमार के अत्यधिक आग्रह पर श्रेणिक ने कहा—जिस दिन रुष्ट होकर मैं तुम्हें कह दूं—दूर हट जा, मुझे अपना मुंह न दिखा; उसी दिन तू श्रमण बन जाना।

कुछ समय के पश्चात् भगवान् महावीर राजगृह में पधारे। भगवान के दर्शन कर महारानी चेलना के साथ राजा लौट रहा था। सरिता के किनारे राजा श्रेणिक ने एक मुनि को ध्यानस्थ देखा। सर्दी बहुत ही तेज थी। महारानी का हाथ नींद में ओढ़ने के वस्त्र से बाहर रह गया था और हाथ ठिठुर गया था। उस की नींद उचट गई और मुनि का स्मरण आने पर अचानक मुंह से निकल पड़ा—'वे क्या करते होंगे!' रानी के शब्दों ने राजा के मन में अविश्वास पैदा कर दिया। प्रातःकाल वह भगवान् के दर्शन को चल दिया। चलते समय अभय कुमार को यह आदेश दिया कि चेलना के महल को जला दो, यहाँ पर दुराचार पनपता है। अभयकुमार ने राज

---

५८. ज्ञाताधर्मकथा १।१।

५९. निरयावलिया—१

६०. क—आवश्यकचूर्णि—उत्तरार्ध पत्र—१५९, १६३
ख—त्रिषष्टि—१०-११-१२४ से २९३।

६१. धर्मरत्नप्रकरण—अभयकुमार कथा १।३०।

६२. सूत्रकृतांगनिर्युक्ति टीका सहित २।६।१३६।

६३. क—त्रिषष्टि १०।७।१७७-१७९, भारतीय इतिहास : एक दृष्टि पृष्ठ ६७, ६७।

६४. योगशास्त्र-स्वोपज्ञवृत्ति-१/३०, पृष्ठ ९१ से ९५—आचार्य हेमचन्द्र।

महल में से रानियों को और बहुमूल्य वस्तुओं को निकाल कर उसमें आग लगादी। राजा श्रेणिक ने महावीर से प्रश्न किया। महावीर ने कहा—चेलना आदि सभी रानियाँ पूर्ण पतिव्रता और शीलवती हैं। राजा श्रेणिक मन ही मन पश्चात्ताप करने लगा। वह पुनः समवसरण से शीघ्र लौटकर राजभवन की ओर चल दिया। मार्ग में अभयकुमार मिल गया। राजा के पूछने पर अभयकुमार ने महल को जला देने की बात कही। राजा ने कहा—तुम ने अपनी बुद्धि से काम नहीं लिया? अभय बोला—राजन्! राजाज्ञा को भंग करना कितना भयंकर है यह मुझे अच्छी तरह से ज्ञात था।

राजा को अपने अविवेकपूर्ण कृत्य पर क्रोध आ रहा था। वे अपने क्रोध को वश में न रख सके और उनके मुंह से सहसा शब्द निकल पड़े—'यहाँ से चला जा। भूलकर भी मुझे मुंह न दिखाना।' अभयकुमार तो इन शब्दों की ही प्रतीक्षा कर रहा था। उस ने राजा को नमस्कार किया और भगवान के चरणों में पहुँचकर दीक्षा ग्रहण करली।

राजा श्रेणिक महलों में पहुँचा। सभी रानियाँ और बहुमूल्य वस्तुएं सुरक्षित देखकर उसे अपने वचनों के लिए अपार दुःख हुआ। वह भगवान् के पास पहुँचा। पर अभय राजा श्रेणिक के पहुँचने के पूर्व ही दीक्षित हो चुका था।[६५]

अन्तकृद्दशांग सूत्र में अभय की माता नन्दा के भी दीक्षित होकर मोक्ष जाने का उल्लेख[६६] है। अभय कुमार मुनि ने ग्यारह अंगों का अध्ययन किया, गुणरत्नतप की आराधना की। उनका शरीर अत्यन्त कृश हो गया।[६७] तथापि साधना का अपूर्व तेज उनके मुख पर चमक रहा था। अभयकुमार में प्रबल प्रतिभा थी। कुशाग्र बुद्धि के वे धनी थे। बुद्धि की सार्थकता इसीमें है कि आत्म-तत्त्व की विचारणा की जाय। "बुद्धे फलं तत्त्वविचारणं च"। आज भी व्यापारीवर्ग अभय की बुद्धि को स्मरण करता है। नूतन वर्ष के अवसर पर बही खातों में लिखित रूप से अभय की सी बुद्धि प्राप्त करने की कामना की जाती है।

बौद्ध साहित्य में अभयकुमार का नाम अभयराजकुमार मिलता है। उसकी माता उज्जयिनी की गणिका पद्मावती थी।[६८] जब श्रेणिक बिम्बिसार ने उस के अद्भुत रूप की बात सुनी तो वह उसके प्रति आकृष्ट हो गया। उसने अपने मन की बात राजपुरोहित से कही। पुरोहित ने कुम्पिर नामक यक्ष की आराधना की। वह यक्ष श्रेणिक बिम्बिसार को लेकर उज्जयिनी गया। वहाँ पद्मावती वेश्या के साथ संपर्क हुआ। अभयराजकुमार अपनी माता के पास सात वर्ष तक रहा, और उसके पश्चात् वह अपने पिता के पास राजगृह आ गया।[६९]

अभय राजकुमार होने पर भी रथविद्या में निपुण था।[७०] एक बार उस ने प्रकृष्ट प्रतिभा से सीमा-विवाद के जटिल प्रश्न को सुलझाया था, जिससे प्रसन्न होकर बिम्बिसार ने एक अत्यन्त सुन्दरी नर्तकी उसे उपहार के रूप में प्रदान[७१] की।

---

६५. भरतेश्वर बाहुबली वृत्ति पत्र-३८ से ४०।
६६. अन्तकृतदशांगसूत्र वर्ग-७।
६७. अनुत्तरौपपातिक सूत्र १।१०।
६८ गिल्गिट मांस्कृट के अभिमतानुसार वह वैशाली की गणिका आम्रपाली से उत्पन्न बिम्बिसार का पुत्र था। (खंड ३, २ पृ. २२) थेरगाथा-अट्ठकथा ६४ में श्रेणिक से उत्पन्न आम्रपाली के पुत्र का नाम मूल पाली साहित्य में "विमल कोडञ्ज" आता है जो आगे चलकर बौद्ध भिक्षु बना।
६९. थेरीगाथा—अट्ठकथा—३१-३२
७०. मज्झिमनिकाय अभयराजकुमार सुत्त।
७१. धम्मपद अट्ठकथा १३-४।

मज्झिमनिकाय[७२] के अभयकुमार सुत्त में एक प्रसंग है—एक बार तथागत बुद्ध राजगृही के वेणुवन कलन्दक निवास में विचरण कर रहे थे। उस समय राजकुमार अभय निगण्ठनायपुत्त के पास पहुंचा। निगण्ठ नायपुत्त ने अभय से कहा—'राजकुमार! श्रमण गौतम के साथ तुम शास्त्रार्थ करो तो तुम्हारी कीर्ति-कौमुदी दिग्दिगन्त में फैल जायेगी और जनता में यह चर्चा होगी, कि अभय ने इतने महर्द्धिक श्रमण गौतम के साथ शास्त्रार्थ किया है।' अभय ने पूछा—'भन्ते! मैं शास्त्रार्थ का प्रारम्भ कैसे करूँ?

निगण्ठ नायपुत्त ने कहा—'तुम बुद्ध से पूछना कि क्या तथागत ऐसे वचन बोल सकते हैं जो दूसरों को अप्रिय हों? यदि वे स्वीकार करें तो पूछना कि फिर पृथग्-जन (संसारी जीव) और तथागत में क्या अन्तर है? यदि वे नकारात्मक उत्तर दें तो पूछना कि आपने देवदत्त के लिये दुर्गतिगामी, नैरयिक कल्पभर-नरकवासी, अचिकित्स्य की भविष्यवाणी क्यों की? वह आप की प्रस्तुत भविष्यवाणी से कुपित हुआ है। इस तरह दोनों ओर से प्रश्न पूछने पर श्रमण गौतम न उगल सकेगा और न निगल सकेगा। जैसे किसी पुरुष के गले में लोहे की बंसी फस जाये तो वह न उगल सकता है और न निगल सकता है, यही स्थिति बुद्ध की होगी।'

अभय राजकुमार निगण्ठ नातपुत्त को अभिवादन कर बुद्ध के पास पहुंचा। अभिवादन कर एक ओर बैठ गया, पर शास्त्रार्थ का समय नहीं था। अतः अभय ने सोचा—कल तथागत बुद्ध को घर पर बुलवाकर ही शास्त्रार्थ करूंगा! उसने बुद्ध को भोजन का निमन्त्रण दिया और अपने राजप्रासाद में चला आया। दूसरे दिन मध्याह्न में चीवर पहन कर और पात्र लेकर बुद्ध अभय के राजप्रासाद में पहुंचे। बुद्ध को अपने हाथों से उसने श्रेष्ठ भोजन समर्पित किया। जब बुद्ध पूर्ण रूप से तृप्त हो गये तो राजकुमार अभय नीचे आसन पर बैठ गये और उन्होंने वाद प्रारम्भ किया—भन्ते! क्या तथागत ऐसे वचन बोल सकते हैं जो दूसरों को अप्रिय हों?

बुद्ध—एकान्त रूप से ऐसा नहीं कहा जा सकता।

यह सुनते ही अभय राजकुमार बोल उठा—भन्ते! निगण्ठ नष्ट हो गया।

बुद्ध के पूछने पर उसने स्पष्टीकरण करते हुए कहा—भन्ते! मैं निगण्ठ नायपुत्त के पास गया था। उन्होंने ही मुझे आप से यह दुधारा प्रश्न पूछने के लिये उत्प्रेरित किया था। उनका यह मत था कि इस प्रकार प्रश्न पूछने पर गौतम न उगल सकेगा और न निगल सकेगा।

अभय राजकुमार की गोद में एक नन्हा-मुन्ना बैठा हुआ क्रीडा कर रहा था। उसे लक्ष्य में लेकर बुद्ध ने कहा—'राजकुमार, तुम्हारे (या धाय के) प्रमाद से यह शिशु कदाचित् मुंह में काष्ठ का टुकड़ा या ढेला डाल ले तो तुम क्या करोगे?'

मैं उसे निकालूंगा भन्ते! यदि वह सीधी तरह से निकालने नहीं देगा तो बायें हाथ से उस का सिर पकड़ कर दाहिने हाथ से अंगुली टेढ़ी करके रक्त सहित भी निकाल दूंगा! क्योंकि उस पर मेरा स्नेह है।

बुद्ध—राजकुमार! तथागत अतथ्य, अनर्थयुक्त और अप्रिय वचन नहीं बोलते। तथ्य सहित होने पर भी यदि अनर्थ करने वाला वचन हो तो उसे भी नहीं बोलते। जो वचन तथ्ययुक्त सार्थक होता है, फिर भले ही प्रिय हो या अप्रिय, कालज्ञ तथागत उसे बोलते हैं। क्योंकि उनकी प्राणियों पर दया है।

अभय राजकुमार—भन्ते! क्या आप पहले से ही मन में यह विचार कर रखते हैं कि इस प्रकार का प्रश्न करने पर मैं ऐसा उत्तर दूंगा?

बुद्ध—तुम रथ-विद्या के निष्णात हो। रथ का यह कौन सा अंग-प्रत्यंग है, यदि कोई तुम से यह पूछे तो क्या तुम उसका पहले से ही उत्तर सोच-समझ कर रखते हो? या समय पर ही तुम्हें भासित हो जाता है?

---

७२. मज्झिमनिकाय अभयकुमार सुत्त प्रकरण-७६।

अभयराजकुमार—भन्ते ! मैं रथ का विशेषज्ञ हूं। इसलिये मुझे उसी समय ज्ञात हो जाता है।

बुद्ध—राजकुमार ! तथागत को भी उसी क्षण भासित हो जाता है, क्योंकि उनका मन अच्छी तरह से सधा हुआ है।

अभय—आश्चर्य भन्ते ! अद्भुत भन्ते। आपने अनेक पर्याय से धर्म को प्रकाशित किया है। मैं आपकी शरण में आता हूं। धर्म और भिक्षु संघ मुझे अंजलिवद्ध शरणागत स्वीकार करें।

संयुक्त निकाय में भी अभयकुमार का बुद्ध से साक्षात्कार होने का उल्लेख है। वह बुद्ध से पूर्ण-काश्यप की मान्यता से सम्वन्धित एक प्रश्न करता है।[७३] धम्मपद अट्ठकथा के अनुसार अभयकुमार को श्रोतापत्ति फल[७४] उस समय प्राप्त होता है जब वह नर्तकी की मृत्यु से खिन्न होकर बुद्ध के पास गया और बुद्ध ने धर्मोपदेश दिया।[७५] थेरगाथा अट्ठकथा के अनुसार अभय को श्रोतापत्तिफल उस समय प्राप्त हुआ जब तथागत बुद्ध ने तालच्छिगुलुपम सुत्त का उपदेश दिया था।[७६] वह श्रेणिक विम्बिसार की मृत्यु से अत्यन्त उदास होकर बुद्ध के पास पहुंचा, प्रव्रज्या ग्रहण की और अर्हत् पद प्राप्त किया।[७७] भिक्षु वनने के पश्चात् उसने अपनी माता पद्मावती को भी उद्बोधन दिया और उसने भिक्षुणी बनकर अर्हत् पद प्राप्त किया।[७८]

जैन और बौद्ध साक्ष्यों के आलोक में यह स्पष्ट परिज्ञात होता है कि अभयकुमार और अभयराजकुमार ये दोनों पृथक्-पृथक् व्यक्ति रहे होंगे क्योंकि जैन दृष्टि से उसकी माता वणिक् कन्या है, वह राजा श्रेणिक का प्रधानमंत्री है और महावीर के पास दीक्षा ग्रहण करता है जबकि बौद्ध दृष्टि से वह एक गणिका का पुत्र है, सफल रथिक है, निगण्ठ धर्म का परित्याग कर बौद्ध धर्म को स्वीकार करता है और अन्त में बुद्ध के पास भिक्षु बनता है। यदि अभय एक ही व्यक्ति होता तो महावीर और बुद्ध इन दोनों के पास वह किस प्रकार दीक्षा ले सकता था ? यह संभव है कि राजा श्रेणिक के अनेक पुत्र थे उनमें एक का नाम अभय रहा हो और दूसरे का नाम अभय-राजकुमार रहा हो।[७९]

जैन दीक्षा का उल्लेख प्रस्तुत आगम[८०] में है जिसका रचनाकाल पण्डितप्रवर दलसुख मालवणिया प्रभृति विज्ञों ने विक्रम पूर्व दूसरी शताब्दी माना है।[८१] बौद्ध दीक्षा का उल्लेख 'थेराअपदान'[८२] व अट्ठकथा में है।

---

७३. संयुक्तनिकाय, अभय सुत्त ४४।६।६

७४. स्रोतापत्ति—धारा में आजाना। निर्वाण के मार्ग में आरूढ हो जाना, जहां से गिरने की कोई संभावना न हो। योग-साधना करने वाला भिक्षु जब सत्कायदृष्टि विचिकित्सा और शीलव्रत परामर्शक, इन तीन वंधनों को तोड़ देता है तब वह स्रोतापन्न कहा जाता है। स्रोतापन्न व्यक्ति अधिक से अधिक सात वार जन्म लेता है, फिर अवश्य ही निर्वाण प्राप्त करता है।

७५. धम्मपद-अट्ठकथा १३।४

७६. थेरगाथा—अट्ठकथा-१।५८

७७. (क) थेरगाथा-२६
    (ख) थेरगाथा—अट्ठकथा खण्ड १, पृ. ८३-८४

७८. थेरगाथा—अट्ठकथा ३१-३२

७९. (क) आगम और त्रिपिटक : एक अनुशीलन, पृ. ३५९
    (ख) भगवान महावीर : एक अनुशीलन

८०. अनुत्तरौपपातिक-१।१०

८१. आगमयुग का जैनदर्शन-पृ. २८, प्रकाशक—सन्मति ज्ञानपीठ, आगरा

८२. थेराअपदान : भद्दियवग्गो, अभयत्थेरअपदानं

पिटक साहित्य में थेराअपदान की रचना सबसे बाद की मानी जाती है और अट्ठकथा तो उससे भी बाद की रचना है।[८३] अतः अभय का जैनधर्मी होना ही अधिक तर्कसंगत व प्रमाण पुरस्सर है।

प्रस्तुत आगम के प्रथम वर्ग के दश अध्ययनों में से सातवाँ अध्ययन लष्टदन्त राजकुमार का है और द्वितीय वर्ग में भी तीसरा अध्ययन लष्टदन्त राजकुमार का है। दोनों की माता धारिणी और पिता श्रेणिक सम्राट् है। इसकी संगति क्या है? यह अन्वेषणीय है। संभव है लष्टदन्त नाम के दो राजकुमार रहे हों एक प्रथम और एक द्वितीय। महासती मुक्तिप्रभाजी ने टिप्पण में इस सम्बन्ध में विचार किया है।

तृतीय वर्ग में धन्यकुमार, सुनक्षत्रकुमार, ऋषिदास, पेल्लक, रामपुत्र, चन्द्रिक, पृष्टिमात्रिक, पेढालपुत्र, पोटिल्ल, और वेहल्ल इन दश कुमारों का वर्णन है।

धन्यकुमार काकन्दी की भद्रा सार्थवाही के पुत्र थे। चारों ओर वैभव अठखेलियाँ कर रहा था। किन्तु भगवान् महावीर के त्याग-वैराग्य से छलछलाते हुए पावन प्रवचनों को श्रवण कर संयम के कठोर-मार्ग पर एक वीर सेनानी की भांति बढ़ते हैं। उनके तपोमय जीवन का अद्भुत वर्णन इसमें किया गया है। धन्य अनगार के तपवर्णन को पढ़कर किस का सिर श्रद्धा से नत नहीं होगा! मज्झिमनिकाय के महासिंहनाद सुत्त[८४] में तथागत बुद्ध ने अपने किसी एक पूर्वभव में इस प्रकार की उत्कृष्ट तपः साधना की थी। बुद्ध ने छह वर्ष तक जो तप तपा था वह भी कुछ इसी तरह से मिलता-जुलता है। कविकुलगुरु कालिदास ने भी कुमारसम्भव[८५] में पार्वती के उग्र तप का सजीव वर्णन किया है। उन सभी वर्णनों को पढ़ने के पश्चात् जब हम धन्य कुमार के वर्णन को पढ़ते हैं तो ऐसा स्पष्ट लगता है कि धन्य कुमार का वर्णन अधिक सजीव है। उन्होंने जीवन भर छट्ठ-छट्ठ तप करने की प्रतिज्ञा की थी। पारणे में केवल आचाम्ल व्रत के रूप में रूक्ष भोजन ग्रहण करते थे। कोई गृहस्थ जिस अन्न को बाहर फेंकने के लिये प्रस्तुत होता उसे लेकर २१ बार पानी से धोकर वे उसे ग्रहण करते और उसी पानी का उपयोग करते। तप से उन का शरीर अस्थिपंजर हो गया था। देखिये उन के तप का आलंकारिक वर्णन-जिसमें व्यावहारिक उपमाओं का प्रयोग हुआ है और वर्ण्य विषय में सजीवता आ गई है। उनके प्रस्तुत कथन में पर्याप्त यथार्थता के दर्शन होते हैं। 'अक्खमुत्तमाला विव-गणेज्जमाणेहिं पिट्ठिकरंडगसंधीहिं, गंगातरंगभूएणं उरकडग-देसभाएणं, सुक्कसप्पसमाणेहिं बाहाहिं, सिढिलकडाली-विव लंबंतेहि य अग्गहत्थेहिं, कंपमाणवाइए विव वेवमाणीए सीस-घडीए' 'अर्थात् तपस्वी धन्य मुनि की पीठ की हड्डियाँ अक्षमाला की भांति एक-एक कर गिनी जा सकती थीं, वक्षःस्थल की हड्डियाँ गंगा की लहरों के समान अलग-अलग दिखलाई पड़ती थीं। भुजायें सूखे हुए सांप की तरह कृश हो गई थीं। हाथ घोड़े के मुंह बांधने के तोबरे के समान शिथिल होकर लटक गये थे और सिर वात रोगी के सिर की भांति कांपता रहता था।'

इस तरह इसमें अनेक उपमाएं और दृष्टान्त भरे पड़े हैं।

कितने ही लोगों का मानना है कि आगम-साहित्य नीरस है। आगमों की कथाएं एक सी शैली, वर्ण्य-विषय की समानता तथा कल्पना और कलात्मकता के अभाव में पाठकों को मुग्ध नहीं करती हैं। उनमें अतिप्राकृतिक तत्त्वों की भरमार है। पर उनका यह मानना पूर्ण रूप से उचित नहीं है। उसमें आंशिक सच्चाई हो सकती है। ऊपर-ऊपर से आगम को पढ़ने के कारण ही उनमें यह धारणा पैदा हुई हो, पर जब हम गहराई में अवगाहन करते हैं तो उन कथाओं से नूतन-नूतन तथ्य उद्घाटित होते हैं। भारतीय संस्कृति की संरचना और भारतीय प्राच्य विधाओं के विकसन में उनका अपूर्व योगदान रहा। आधुनिक कहानियों व उपन्यासों की भांति

---

८३. खुद्दकनिकाय-खण्ड ७, नालन्दा, भिक्षु जगदीश काश्यप

८४. बोधिराजकुमार सुत्त, दीघनिकाय कस्सपसिंहनाद सुत्त।

८५. कुमारसम्भव सर्ग—पार्वतीप्रकरण।

भले ही वे दिलचस्प न हों पाठकों के मन को भले ही पकड़कर न रखते हों किन्तु उनमें जीवनोत्थान की प्रशस्त प्रेरणाएं रही हुई हैं, वे सांस्कृतिक दृष्टि से अपूर्व धरोहर के रूप में हैं।

प्रस्तुत आगम विषय-विभाग की दृष्टि से धर्मकथानुयोग के अन्तर्गत आता है। यों चरणकरणानुयोग का भी प्रतिनिधित्व करता है। प्रस्तुत आगम में जैन-परम्परा के अनुसार तप का विश्लेषण किया गया है। जैन संस्कृति में तप की उत्कृष्ट-साधना प्रधान रही है। जितने भी तीर्थंकर हुए हैं वे तप के साथ ही प्रव्रज्या ग्रहण करते हैं,[८६] तप के साथ ही केवलज्ञान-केवलदर्शन प्राप्त करते हैं और तप के साथ ही अपना प्रथम उपदेश प्रारम्भ करते हैं! भगवान् महावीर तपोविज्ञानी अद्वितीय महापुरुष थे। उन्होंने अपने समय में प्रचलित कोई देहदमन रूप वहिर्मुख तप का आन्तरिक साधना के साथ सामञ्जस्य स्थापित किया था। महावीर ने स्वयं भी और उनके शिष्यों-शिष्याओं ने भी उत्कृष्ट तप की आराधना की थी। उसका उल्लेख हम इस आगम में पाते हैं और अन्य आगमों में भी। यही कारण है कि महावीर के शिष्यों के लिये बौद्ध वाङ्मय में तपस्वी और दीर्घ-तपस्वी विशेषण मिलते हैं। आवश्यकनिर्युक्ति में[८७] अनगार को तप में शूर कहा है। सुप्रसिद्ध टीकाकार मलयगिरि ने तप की परिभाषा करते हुए लिखा है—जो आठ प्रकार के कर्म को तपाता है—उसे नष्ट करने में समर्थ होता है वह तप है।[८८] तप से कर्म नष्ट होते हैं और आच्छन्न शक्तियाँ प्रगट हो जाती हैं। दाक्षिणात्य पवन चलते ही अनन्त गगन में मण्डाराती हुई काली कजराली घटाएँ, एक क्षण में छिन्न-भिन्न हो जाती हैं वैसे ही तप रूपी पवन से कर्म रूपी बादल छँटने लगते हैं।

प्रस्तुत आगम में अनशन तप का उत्कृष्ट क्रियात्मक चित्रण हुआ है। अनशन तप वही साधक कर सकता है जिसकी शरीर पर आसक्ति कम हो। अनशन में अशन का त्याग तो किया ही जाता है, साथ ही इच्छाओं, कषायों और विषय-वासनाओं का त्याग भी किया जाता है। प्रारम्भ में साधक कुछ समय के लिये आहार आदि का परित्याग करता है जो इत्वरिक तप के नाम से विश्रुत है। जीवन के अन्तिमकाल में वह जीवन पर्यन्त के लिये आहार आदि का परित्याग कर देता है जो यावत्कथित तप कहलाता है। धन्य अनगार और अन्य अनगारों ने इन दोनों ही प्रकार के तपों की आराधना की थी।

संलेखना जैन-साधना-विधि की एक प्रक्रिया है। जिस साधक ने अध्यात्म की गहन साधना की है, भेद-विज्ञान की बारीकियों को अच्छी तरह से समझा है, वही संलेखना और समाधि के द्वारा मरण को वरण कर सकता है। मरण के समय जो आहार आदि का त्याग किया जाता है, उस परित्याग में मृत्यु की चाह नहीं होती। संयमी साधक की सभी क्रियाएँ संयम के लिए होती हैं। जो शरीर साधना में सहायक न रह कर बाधक बन गया हो, जिसको वहन करने से आध्यात्मिक गुणों की शुद्धि और वृद्धि न होती हो वह त्याज्य बन जाता है। उस समय स्वेच्छा से मरण को वरण किया जाता है। एक भ्रान्त धारणा है कि संथारा आत्महत्या है पर यह सत्य नहीं है। आत्महत्या वह व्यक्ति करता है जो परिस्थितियों से उत्पीडित है, जिसकी मनोकामना पूर्ण नहीं होती हो, जिसका घोर अपमान हुआ हो, या कलह हुआ हो और जो तीव्र क्रोध के कारण विक्षिप्त-सा हो गया हो।

८६, क—समवायांग-१, ९-८.
ख—आवश्यक निर्युक्ति गाथा—१५०.
ग—उत्तरापुराण-५१/७० पृष्ठ-३०
८७. तवसूरा अणगारा-आवश्यकनिर्युक्ति गा. ४५०.
८८. आवश्यक मलयगिरि वृत्ति, खण्ड-२ अध्याय-१.

वह व्यक्ति विविध प्रकार के प्रयोग कर जीवन का अन्त करता है। वह आत्महत्या करता है। उसके अन्तर्मानस में भय, कामनाएं, वासनाएं, उत्तेजनाएं और कषाय रहा हुआ होता है। किन्तु संथारे में इन सभी का अभाव होता है, आत्मा के निज-गुणों को प्रकट करने की तीव्रतर भावना होती है। इसीलिये यदि पूर्व काल में किसी के साथ दुर्भावनाएं या वैमनस्य हुआ हो तो वह स्वयं क्षमा-याचना करता है और अपनी ओर से क्षमा प्रदान भी करता है। संथारे में न किसी प्रकार की कीर्ति की कामना ही होती है और न कोई चाहना ही होती है, इसलिये वह आत्महत्या नहीं है। अपितु साधना का मंगलमय पावन पथ है।[८९]

प्रस्तुत आगम की भाषा और विषय अत्यधिक सरल होने के कारण उस पर न निर्युक्तियां लिखीं गयीं, न भाष्य लिखा गया और न चूर्णियां ही। सर्वप्रथम आचार्य अभयदेव ने ही इस पर संस्कृत भाषा में वृत्ति लिखी है, जो शब्दार्थप्रधान और मूलस्पर्शी है, वृत्ति का ग्रन्थमान १९२ श्लोक प्रमाण है। वह वृत्ति सन् १९२० में आगमोदय समिति सूरत से प्रकाशित हुई और उसके पूर्व सन् १८७५ में कलकत्ता से धनपतसिंह ने प्रकाशित की थी। इस आगम का अंग्रेजी अनुवाद १९०७, L.D. BarNett से प्रकाशित हुआ है। पी. एल. वैद्य ने प्रस्तावना के साथ सन् १९३२ में इस का प्रकाशन करवाया। सन् १९२१ में इस का केवल मूलपाठ आत्मानन्द सभा भावनगर से प्रकाशित हुआ है। विक्रम संवत् १९९० में भावनगर से ही अभयदेववृत्ति के साथ गुजराती अनुवाद का एक संस्करण निकला। वीर संवत्-२४४६ में आचार्य अमोलक ऋषि ने हिन्दी में बत्तीस आगमों के प्रकाशन के साथ इसका भी प्रकाशन करवाया था। १९४० में गोपालदास जीवाभाई पटेल ने जैन साहित्य प्रकाशन समिति अहमदाबाद से और श्रमणी विद्यापीठ घाटकोपर, बम्बई से इस के मूल के साथ गुजराती अनुवाद प्रकाशित हुए हैं। आचार्य श्री घासीलालजी म. ने संस्कृत टीका के साथ हिन्दी और गुजराती अनुवाद सन् १९५९ में जैन शास्त्रोद्धार समिति, राजकोट (सौराष्ट्र) से प्रकाशित करवाया। आचार्य श्री आत्माराम जी म. ने विवेचन युक्त एक शानदार संस्करण 'जैन शास्त्रमाला कार्यालय लाहौर,' से सन् १९३६ में प्रकाशित किया है। श्री विजय-मुनिशास्त्री ने मूल हिन्दी टिप्पण व वृत्ति के साथ सम्पादित कर एक मनमोहक संस्करण प्रकाशित किया है। इस प्रकार आज तक अनुत्तरोपपातिकदशा के अनेक संस्करण प्रकाशित हुए हैं जिनकी अपनी महत्ता है।

प्रस्तुत संस्करण अनुत्तरोपपातिकदशा का एक अभिनव संस्करण है। इसमें शुद्ध मूलपाठ है, अर्थ तथा संक्षेप में विवेचन भी है, जो आगम के मूलभाव को स्पष्ट करता है। परिशिष्ट में टिप्पण दिये गये हैं जो बहुत ही सम्पूर्ण हैं। पारिभाषिक-शब्दकोष, अव्ययपद, क्रियापद, शब्दार्थ देने से आगम के गुरुगंभीर रहस्य सहज रूप से समझे जा सकते हैं।

परमविदुषी साध्वीरत्न स्वर्गीया महासती श्री उज्ज्वलकुमारीजी के नाम से जैन समाज भलीभांति परिचित है। उन्हीं की सुशिष्या हैं धर्मभगिनी साध्वी मुक्तिप्रभाजी। गुरुणी की तरह उनमें भी प्रतिभा है। उनके द्वारा सम्पादित प्रस्तुत आगम में उनकी प्रतिभा यत्र-तत्र प्रस्फुटित हुई है। इस संस्करण की अपनी एक विशिष्टता है। इसमें परमादरणीय युवाचार्य श्री मधुकरमुनिजी की मधुर परिकल्पना को मूर्तरूप देने का सफल प्रयास किया गया है। बहिन मुक्तिप्रभा जी का यह प्रथम प्रयास प्रशंसनीय है। इसमें विद्वद्वरेण्य कलमकलाधर श्री शोभाचन्द्र जी भारिल्ल का प्रकाण्ड पाण्डित्य भी स्पष्ट रूप से प्रतिबिम्बित हुआ है।

श्रमण-संघ के मनीषी मूर्धन्य मुनिगणों की वर्षों से यह परिकल्पना थी कि आगम के गुरुगंभीर रहस्यों को युगानुकूल सरस-सरल भाषा में प्रस्तुत किया जाय। आगम-बत्तीसी को शानदार रूप से प्रकाशित किया

---

८९. देखिए लेखक का जैनआचार-ग्रन्थ में संलेखना लेख (अप्रकाशित)।

जाए जिससे शोधार्थियों को और आत्मार्थियों को लाभ हो। मेरे परम श्रद्धेय गुरुदेव उपाध्याय श्री पुष्करमुनिजी म., जो युवाचार्य श्री मधुकरमुनिजी के अभिन्न साथी हैं, समय-समय पर मुझे प्रेरणा प्रदान करते रहे हैं। जब युवाचार्यश्री ने इस भगीरथ कार्य को सम्पन्न करने का दृढ़ संकल्प किया तो गुरुदेवश्री को हार्दिक आह्लाद हुआ। श्रमणसंघ के सन्त व सतीवृन्द तथा विज्ञों के अपूर्व सहयोग से यह कार्य युवाचार्यश्री के कुशल निर्देश से आगे बढ़ रहा है। मुझे आशा ही नहीं अपितु दृढ़ विश्वास है कि युवाचार्यश्री का यह प्रशस्त श्रुतसेवा का कार्य युग-युग तक उन्हें यशस्वी बनाएगा। प्रस्तुत अनुत्तरौपपातिक दशा आगम-माला की एक सुन्दर बहुमूल्य मणि है जो भूले-भटके मानवों को दिव्य आलोक प्रदान करेगी। भौतिकवाद के स्थान पर अध्यात्मवाद की प्रतिष्ठा करेगी। पूर्व प्रकाशित आचारांग, उपासकदशा और ज्ञाताधर्मकथा की भांति यह आगम भी जन-जन के मन को लुभायेगा, विद्वानों एवं सर्वसाधारण जिज्ञासुजनों में समुचित प्रतिष्ठा प्राप्त करेगा, यही मंगल कामना है।

☐ देवेन्द्रमुनि शास्त्री

जैन स्थानक
नीमच सिटी (मध्यप्रदेश)
दि. २०-३-१९८१

विषयानुक्रम

प्रथम वर्ग

द्वितीय वर्ग

तृतीय वर्ग

परिशिष्ट

पंचमगणहर-सिरिसुहम्मसामिविरइयं नवमं अंगं

अनुत्तरोववाइयदसाओ

पञ्चमगणधर-श्रीसुधर्म-स्वामिविरचितं नवमम् अङ्गम्

अनुत्तरौपपातिकदशा

※ अर्हं ※

पढमो वग्गो

प्रथम अध्ययन

जाली

उत्क्षेप

१—तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे। अज्जसुहम्मस्स समोसरणं। परिसा निग्गया जाव [धम्मं सोच्चा, निसम्म जामेव दिसं पाउब्भूया तामेव दिसं पडिगया।] जम्बू पज्जुवासइ, जाव [जम्बू णामं अणगारे कासवगोत्तेणं सत्तुस्सेहे, समचउरंस-संठाण-संठिए, वज्जरिसह-नारायसंघयणे कणग-पुलग-निघस-पम्हगोरे, उग्गतवे दित्ततवे तत्ततवे महातवे ओराले, घोरे, घोरगुणे, घोरतवस्सी, घोर-बंभचेरवासी, उच्छूढसरीरे संखित्त-विउल-तेउलेसे, चोद्दसपुव्वी, चउणाणोवगए, सव्वक्खर-सन्निवाई अज्जसुहम्मस्स थेरस्स अदूरसामन्ते उड्ढंजाणू अहोसिरे झाण-कोट्ठोवगए, संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ। तए णं अज्ज-जम्बू णामं अणगारे जायसड्ढे जायसंसए, जायकोउहल्ले, संजायसड्ढे संजायसंसए संजायकोउहल्ले, उप्पन्नसड्ढे उप्पन्नसंसए उप्पन्नकोउहल्ले, समुप्पन्नसड्ढे, समुप्पन्न-संसए समुप्पन्नकोउहल्ले उट्ठाए उट्ठेति, उट्ठेत्ता जेणामेव अज्जसुहम्मे थेरे तेणामेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अज्जसुहम्मे थेरे तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं करेति, करित्ता वन्दति, नमंसति, वंदित्ता नमंसित्ता अज्जसुहम्मस्स थेरस्स नच्चासन्ने नाइदूरे सुस्सूसमाणे णमंसमाणे अभिमुहे पंजलिउडे विणएणं] पज्जुवासमाणे एवं वयासी—

जइ णं भंते! समणेणं जाव [भगवया महावीरेणं आइगरेणं, तित्थयरेणं सयंसंबुद्धेणं, पुरिसुत्तमेणं, पुरिससीहेणं, पुरिसवरपुंडरीएणं पुरिसवरगंधहत्थिणा लोगुत्तमेणं लोगनाहेणं लोगहिएणं, लोगपईवेणं, लोगपज्जोयगरेणं, अभयदएणं, सरणदएणं चक्खुदएणं मग्गदएणं बोहिदएणं, धम्मदएणं, धम्मदेसएणं, धम्मनायगेणं धम्मसारहिणा, धम्मवरचाउरंत-चक्कवट्टिणा, अप्पडिहयवर-नाण-दंसण-धरेणं, वियट्टछउमेणं, जिणेणं, जावएणं, तिन्नेणं, तारएणं, बुद्धेणं, बोहएणं मुत्तेणं मोअगेणं, सव्वन्नेणं, सव्वदरिसणेणं सिवमयलमरुअमणंत-मक्खयमव्वाबाहमपुणरावित्तिअं सासयं ठाणं] संपत्तेणं[1] अट्ठमस्स अंगस्स अंतगडदसाणं अयमट्ठे पण्णत्ते, नवमस्स णं भंते! अंगस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं जाव[2] संपत्तेणं के अट्ठे पण्णत्ते?

उस काल और उस समय में राजगृह नामका एक नगर था। आर्य सुधर्मा का वहां आगमन हुआ। धर्म-देशना सुनने के लिए परिषद् आई और धर्मदेशना सुन कर [हृदय में धारण कर जिस दिशा (ओर) से आई थी, उसी दिशा में] लौट गई। आर्य जम्बू अनगार आर्यसुधर्मा स्वामी के पास

---

१. ज्ञाता. श्रु.त. १, अ. १ में संपत्तेणं के स्थान पर 'उवगएणं' शब्द दिया गया है।

२. पूर्ववत् सू. १.

संयम और तप से आत्मा को भावित (वासित) करते हुए विहरण कर रहे थे। [आर्य जम्बू काश्यप गोत्रवाले थे। उनका शरीर सात हाथ प्रमाण ऊंचा था, पालथी मार कर बैठने पर शरीर की ऊंचाई और चौड़ाई बराबर हो, ऐसे समचतुरस्र संस्थान वाले थे, उनका वज्रऋषभनाराच[1] संहनन था, सुवर्ण की रेखा के समान और पद्मराग (कमल-रज) के समान गौर वर्ण वाले थे, उग्रतपस्वी, दीप्त-तपस्वी, तप्ततपस्वी, महातपस्वी, उदार, आत्म-शत्रुओं को विनष्ट करने में निर्भीक, घोर तपस्वी, दारुण-भीषण ब्रह्मचर्य व्रत के पालक, प्राप्त विपुल तेजोलेश्या को अपने ही शरीर में समा लेने वाले, चौदह पूर्वों के ज्ञाता, मतिज्ञानादि चार ज्ञानों के धारक, समस्त अक्षरसंयोग के ज्ञाता, उत्कुटुक आसन से स्थित, अधोमुखी, धर्म एवं शुक्ल ध्यान रूप कोष्ठक में प्रवेश किए हुए, संयम और तप से आत्मा को भावित करते हुए विचरते थे।

तत्पश्चात् आर्य जम्बू स्वामी, जातश्रद्ध जातसंशय जातकौतूहल, संजातश्रद्ध संजातसंशय संजातकौतूहल, उत्पन्नश्रद्ध, उत्पन्नसंशय, उत्पन्नकौतूहल, समुत्पन्नश्रद्ध समुत्पन्नसंशय और समुत्पन्न-कौतूहल होकर अपने स्थान से उठकर खड़े होते हैं, खड़े होकर जहां सुधर्मास्वामी स्थविर विराजमान थे, वहां पर आते हैं, आकर उन्होंने श्रीसुधर्मास्वामी को दक्षिण ओर से तीन वार प्रदक्षिणा (परिक्रमा) की, प्रदक्षिणा करके स्तुति और नमस्कार किया, स्तुति-नमस्कार करके वे आर्य सुधर्मा स्वामी के न अधिक दूर, न अधिक समीप शुश्रूषा और नमस्कार करते हुए सामने बैठे और हाथ जोड़ कर विनय-पूर्वक उनकी उपासना करते हुए इस प्रकार वोले—

भगवन्! यदि श्रुतधर्म की आदि करने वाले, गुरूपदेश के विना स्वयं ही वोध को प्राप्त, पुरुषों में उत्तम, कर्म-शत्रुओं का विनाश करने में पराक्रमी होने के कारण पुरुषों में सिंह के समान, पुरुषों में पुंडरीक-श्रेष्ठ श्वेत कमल के समान, पुरुषों में गंधहस्ती के समान, अर्थात् जैसे गंधहस्ती की गंध से ही अन्य हस्ती भाग जाते हैं, उसी प्रकार जिनके पुण्य प्रभाव से ही ईति, भीति आदि का विनाश हो जाता है, लोक में उत्तम, लोक के नाथ, लोक का हित करने वाले, लोक में प्रदीप के समान, लोक में विशेष उद्योत करने वाले, अभय देने वाले, शरणदाता, श्रद्धारूप नेत्र के दाता, धर्म के उप-देशक, धर्म के नायक, धर्म के सारथि, चारों गतियों का अन्त करने वाले धर्म के चक्रवर्ती, कहीं भी प्रतिहत न होने वाले केवलज्ञान-दर्शन के धारक, घातिकर्म रूप छद्म के नाशक, रोगादि को जीतने वाले और उपदेश द्वारा अन्य प्राणियों को जिताने वाले, संसार-सागर से स्वयं तिरे हुए और दूसरों को तारने वाले, स्वयं बोधप्राप्त और दूसरों को वोध देने वाले, स्वयं कर्मवन्धन से मुक्त और उपदेश द्वारा दूसरों को मुक्त करने वाले, सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, शिव-उपद्रवरहित, अचल-चलन आदि क्रिया से रहित, अरुज—शारीरिक मानसिक व्याधि की वेदना से रहित, अनन्त, अक्षय, अव्यावाध और अपुनरा-वृत्ति-पुनरागमन से रहित सिद्धि गति नामक शाश्वत स्थान को प्राप्त, श्रमण भगवान् महावीर स्वामी ने आठवें अंग अन्तकृत्दशा का यह अर्थ कहा है, तो भन्ते! नवमे अङ्ग अनुत्तरौपपातिकदशा का भगवान् ने क्या अर्थ कहा है?

विवेचन—ग्यारह अंगों में अन्तकृत् सूत्र आठवाँ और अनुत्तरौपपातिकदशासूत्र नौवां अंग है। अंतकृत्सूत्र के पश्चात् अनुत्तरौपपातिक सूत्र का क्रम इसलिए है कि दोनों सूत्रों में महापुरुषों के जीवन का, उनके वैभव-विलास, भोग और तप-त्याग का सुन्दर वर्णन किया गया है। अन्तर इतना ही है

१. संहनन छ होते हैं। यह संहनन सवसे अधिक वलवान् होता है।

कि—अंतकृत् सूत्र में ९० महापुरुषों का वर्णन है और वे अपनी तप-साधना के द्वारा मुक्त हुए हैं, जबकि अनुत्तरौपपातिक सूत्र में वर्णित ३३ महापुरुष अपनी तपसाधना के द्वारा अनुत्तर विमानों में गए हैं। अतः अन्तकृत् के अनन्तर ही इस अंग का आना उचित है।

इस सूत्र की उत्थानिका श्रीजम्बू स्वामी के प्रश्न से की गई है। जब श्रमण भगवान् महावीर स्वामी मोक्ष को प्राप्त हो चुके तब जम्बूस्वामी के चित्त में जिज्ञासा उत्पन्न हुई कि श्रमण भगवान् महावीर ने नौवें अंग में क्या अर्थ वर्णन किया है? उनकी इस जिज्ञासा को देखकर श्री सुधर्मा स्वामी इस सूत्र का विषय-वर्णन करते हैं।

वर्तमान ग्यारह अंग सुधर्मा स्वामी की देन हैं। क्योंकि अङ्गसूत्रों में ऐसे भी पाठ प्राप्त होते हैं कि धन्ना अनगार ने एकादश अङ्गों का अध्ययन किया था और प्रस्तुत सूत्र में मुख्य रूप से धन्ना अनगार का ही विशद विवरण प्राप्त होता है। अतः प्रश्न समाधान चाहता है कि उन्होंने नौवे कौन से अङ्ग का अध्ययन किया होगा? इस समय जो अनुत्तरौपपातिक-अंग है उसमें तो धन्ना अनगार का पादपोपगमन अनशन से निधन पर्यन्त और अनुत्तर विमान में उत्पन्न होने तक का संपूर्ण वर्णन मिलता है। अतः निर्विवाद सिद्ध होता है कि यह सुधर्मास्वामी की ही वाचना है और वह भी श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के निर्वाणपद-प्राप्ति के अनंतर ही की गई है।

इस सूत्र की हस्त-लिखित प्रतियों में भी पाठ-भेद मिलते हैं जैसे—

"तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे होत्था। तस्स णं रायगिहे नाम नयरस्स सेणिए नाम राया होत्था वण्णओ। चेल्लणाए देवी। तत्थ णं रायगिहे नामं नयरे वहिया उत्तर-पुरत्थिमे दिसी-भाए गुणसिलए नामं चेइए होत्था। तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नामं नयरे अज्ज-सुहम्मे नामं थेरे जाव गुणसिलए नामं चेइए तेणेव समोसढे, परिसा निग्गया, धम्मो कहिओ, परिसा पडिगया?"

"तेणं कालेणं तेणं समएणं जंबू जाव पज्जुवासमाणे एवं वयासी"—

यहाँ प्रथम पाठ भाषादृष्टि से भी और अर्थदृष्टि से भी असंगत प्रतीत होता है। क्योंकि इस सूत्र की रचना श्रमण भगवान् महावीर के निर्वाण के अनन्तर ही हुई है और श्रेणिक महाराज तो भगवान् के विद्यमान होते हुए ही मृत्यु को प्राप्त हो चुके थे। अतः शास्त्रोद्धार-समिति द्वारा प्राप्त शुद्ध प्रति में जो मूल सूत्र है वह ठीक प्रतीत होता है।

सूत्र में विशेष विवरण धन्ना अनगार की उपमाओं से अलंकृत हुआ है। शेष सूत्रों को सरल जानकर बिना विवरण के छोड़ दिया गया है। ये आगम अर्थ की दृष्टि से सुगम होने पर भी ऐतिहासिक दृष्टि से बड़े महत्व के हैं।

प्रस्तुत आगम में राजगृह नगर का केवल नाम ही दिया गया है। नगर का विशेष वर्णन औपपातिक-सूत्र में आता है। अतः जानने की इच्छा वाले जिज्ञासु के लिए औपपातिक-सूत्र ही देखना चाहिए।

२—तए णं से सुहम्मे अणगारे जम्बू अणगारं एवं वयासी—एवं खलु जम्बू! समणेणं जाव[1] संपत्तेणं नवमस्स अंगस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं तिण्णि वग्गा पण्णत्ता।

१. देखिए सू. १.

जइ णं भंते ! समणेणं जाव[1] संपत्तेणं नवमस्स अंगस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं तश्रो वग्गा पण्णत्ता पढमस्स णं भंते ! वग्गस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं समणेणं जाव[2] संपत्तेणं कइ अज्झयणा पण्णत्ता ?

एवं खलु जम्बू ! समणेणं जाव[3] संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं पढमस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता । तं जहा—

जालि-मयालि-उवयाली पुरिससेणे य वारिसेणे य ।
दीहदंते य लट्ठदंते य वेहल्ले वेहायसे अभए इ य कुमारे ।।

जइ णं भंते ! समणेणं जाव[4] संपत्तेणं पढमस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता, पढमस्स णं भंते ! अज्झयणस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं समणेणं जाव[5] संपत्तेणं के अट्ठे पण्णत्ते ?

अनन्तर सुधर्मा अनगार जम्बू अनगार से इस प्रकार कहने लगे—'जम्बू ! श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने नवमे अंग अनुत्तरौपपातिक दशा के तीन वर्ग कहे हैं, तो भन्ते ! अनुत्तरौपपातिकदशा के प्रथम वर्ग के श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने कितने अध्ययन कहे हैं ?'

जम्बू ! श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अणुत्तरौपपातिकदशा के प्रथम वर्ग के दश अध्ययन कहे हैं, जो इस प्रकार हैं—

१. जालि कुमार, २. मयालि कुमार, ३. उपजालि कुमार, ४. पुरुषसेन कुमार, ५. वारिषेण कुमार, ६. दीर्घदन्त कुमार, ७. लष्टदन्त कुमार, (लट्ठराष्ट्रदान्त), ८. वेहल्ल कुमार, ९. वेहायस कुमार, १०. अभय कुमार ।

भन्ते ! यदि श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने प्रथम वर्ग के दश अध्ययन कहे हैं, तो भन्ते ! श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिकदशा के प्रथम वर्ग के प्रथम अध्ययन का क्या अर्थ कहा है ?

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र में विषय अत्यंत सक्षिप्त है । जम्बू स्वामी ने अत्यंत उत्कृष्ट भाव से आर्य सुधर्मा स्वामी के समक्ष अनुत्तरौपपातिक सूत्र के कितने वर्ग प्रतिपादित किये हैं, इस विषय में जिज्ञासा प्रकट की है । आर्य सुधर्मा अनगार ने उक्त सूत्र को तीन वर्ग में प्रतिपादित किया है और प्रथम वर्ग के दस अध्ययनों के नाम गिनाये हैं । नाम क्रम से निम्नलिखित हैं—

१—जालि कुमार २—मयालि कुमार ३—उपजालि कुमार ४—पुरुषसेन कुमार ५—वारिषेण कुमार ६—दीर्घदन्त कुमार ७—लष्टदन्त कुमार ८—वेहल्ल कुमार ९—वेहायस कुमार और १०—अभयकुमार ।

प्रस्तुत सूत्र की सार्थकता या सप्रयोजनता किस प्रकार सिद्ध होती है, इस विषय में दृष्टिपात करें तो प्रतीत होता है कि—जो भव्य जीव अपने वर्तमान जन्म में कर्मों का सम्पूर्ण रूप से क्षय करने में असमर्थ हों, वे इस जन्म के अनन्तर पांच अनुत्तरविमानों के परम-साता-वेदनीय-जनित सुखों का अनुभव करके आगामी भव में निर्वाण-पद की प्राप्ति कर सकते हैं ।

---

१. २. ३. ४. ५. देखिए सू. १

इन सूत्रों से यह भी फलित होता है कि—विनयपूर्वक अध्ययन किया हुआ ज्ञान ही सफल हो सकता है। जो शिष्य विनय-पूर्वक गुरु से ज्ञान प्राप्त करना चाहता है उस को गुरु सम्यक्-ज्ञान से परिपूर्ण कर देते हैं। तथा जिसका आत्मा ज्ञान से परिपूर्ण होता है, वह सहज़ ही अन्य आत्माओं का उद्धार करने में समर्थ हो सकता है। अतः इस सूत्र से सिद्ध है कि—गुरुभक्ति से ही श्रुत-ज्ञान की प्राप्ति होती है।

जाली कुमार

३—एवं खलु जंबू ! तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे, रिद्धत्थिमियसमिद्धे। गुणसिलए चेइए। सेणिए राया, धारिणी देवी। सीहो सुमिणे। जाली कुमारो। जहा मेहो अट्ठट्ठओ दाओ जाव ["अट्ठहिरण्णकोडीओ, अट्ठ सुवण्णकोडीओ, गाहानुसारेण भाणियव्वं जाव पेसणकारियाओ, अन्नं च विपुलं धण-कणग-रयण-मणि-मोत्तिय-संख-सिलप्पवाल-रत्तरयण-संतसार-सावतेज्जं अलाहि जाव आसत्तमाओ कुलवंसाओ पकामं दाउं पकामं भोत्तुं पकामं परिभाएउं।

तए णं से जालीकुमारे एगमेगाए भारियाए एगमेगं हिरण्णकोडिं दलयति, एगमेगं सुवन्नकोडिं दलयति, जाव एगमेगं पेसणकारिं दलयति, अन्नं च विपुलं धणकणग जाव परिभाएउं दलयति"]।

तए णं से जाली कुमारे उप्पिं पासाय जाव ["वरगए फुट्टमाणेहिं मुइंगमत्थएहिं वरतरुणि-संपउत्तेहिं बत्तीसइबद्धएहिं नाडएहिं उवगिज्जमाणे उवगिज्जमाणे उवलालिज्जमाणे उवलालिज्जमाणे सद्द-फरिस-रस-रूव-गंधविउले माणुस्सए कामभोगे पच्चणुभवमाणे विहरति"]।

"जम्बू ! इस प्रकार उस काल और उस समय में राजगृह नामका नगर था। वह ऋद्ध, स्तिमित (स्थिर) और समृद्ध था। वहां गुणशीलक चैत्य था। वहाँ का राजा श्रेणिक था और उसकी धारिणी नामकी रानी थी। धारिणी रानी ने स्वप्न में सिंह को देखा। कुछ काल के पश्चात् रानी ने मेघकुमार के समान जाली कुमार को जन्म दिया। जाली कुमार का मेघकुमार के समान आठ कन्याओं के साथ विवाह हुआ और आठ-आठ वस्तुओं का दहेज दिया; यावत् आठ करोड़ हिरण्य (चांदी) आठ करोड़ सुवर्ण, आदि गाथाओं के अनुसार समझ लेना चाहिए[1] यावत् आठ-आठ प्रेक्षण-कारिणी (नाटक करने वाली) अथवा पेषणकारिणी (पीसनेवाली) तथा और भी विपुल धन, कनक रत्न, मणि मोती शंख, मूंगा रक्त रत्न (लाल) आदि उत्तम सारभूत द्रव्य दिया जो सात पीढ़ी तक दान देने के लिए, उपभोग करने के लिए और बँटवारा करने के लिए पर्याप्त था।

तत्पश्चात् उस जाली कुमार ने प्रत्येक पत्नी को एक-एक करोड़ हिरण्य दिया, एक-एक करोड़ सुवर्ण दिया। यावत् एक-एक प्रेक्षणकारिणी या पेषणकारिणी दी। इसके अतिरिक्त अन्य विपुल धन कनक आदि दिया, जो यावत् दान देने, भोगोपभोग करने और बँटवारा करने के लिए सात पीढ़ियों तक पर्याप्त था।

तत्पश्चात् जालीकुमार श्रेष्ठ प्रासाद के ऊपर रहा हुआ, मानों मृदंगों के मुख फूट रहे हों, इस प्रकार उत्तम स्त्रियों द्वारा किये हुए बत्तीसबद्ध नाटकों द्वारा गायन किया जाता हुआ तथा क्रीडा करता हुआ मनोज्ञ शब्द, स्पर्श, रस, रूप और गंध की विपुलता वाले मनुष्य संबन्धी कामभोगों को भोगता हुआ रहने लगा।

---

१. देखिए इसी समिति द्वारा प्रकाशित अन्तगड पृ. २७ तथा प्रस्तुत सूत्र पृ. १९.

४—सामी समोसढे। सेणिओ निग्गओ। जहा मेहो तहा जाली वि निग्गग्रो। तहेव निक्खंतो जहा मेहो। एक्कारस अंगाइं ग्रहिज्जइ।

गुण-रयणं तवोकम्मं जहा खंदगस्स। एवं जा चेव खंदगस्स वत्तव्वया, सा चेव चिंतणा, ग्रापुच्छणा। थेरेहिं सद्धि विउलं तहेव दुरूहइ। नवरं सोलस वासाइं सामण्ण-परियागं पाउणित्ता कालमासे कालं किच्चा उड्ढं चन्दिमसोहम्मीसाण जाव ["सणंकुमार-माहिंद-बंभ-लंतग-महासुक्क-सहस्साराणय-पाणयारणच्चुए] कप्पे नवगेवेज्जयविमाणपत्थडे उड्ढं दूरं वीईवइत्ता विजय-विमाणे देवत्ताए उववण्णे।"

तए णं थेरा भगवंता जालिं अणगारं कालगयं जाणित्ता परिणिव्वाणवत्तियं काउस्सग्गं करेंति। करित्ता पत्तचीवराइं गेण्हंति। तहेव उत्तरंति जाव [जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छंति, समणं भगवं महावीरं वंदंति नमंसंति, वंदित्ता नमंसइत्ता एवं वयासी—एवं खलु देवाणुप्पियाणं अंतेवासी जाली नामं ग्रणगारे पगइ-भद्दए पगइविणीए पगइउवसंते पगइपयणुकोह-माण-माया-लोभे मिउमद्दवसंपन्ने ग्रल्लीणे भद्दए विणीए। से णं देवाणुप्पिएहिं अब्भणुण्णाए समाणे सयमेव पंच महव्वयाणि ग्रारोवित्ता, समणा य समणीग्रो य खामेत्ता, ग्रम्हेहिं सद्धि विपुलं पव्वयं तं चेव निरवसेसं जाव ग्राणुपुव्वीए कालगए] इमे य से ग्रायारभंडए"।

"भंते"! त्ति भगवं गोयमे जाव ["समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता"] एवं वयासी—

भगवान् महावीर राजगृह नगरी में पधारे। राजा श्रेणिक यह जानकर भगवान् के दर्शन करने के लिए चला। जालीकुमार ने भी मेघकुमार की तरह भगवान् के दर्शन करने के लिए प्रस्थान किया। दर्शन करने के पश्चात् मेघकुमार की तरह जालीकुमार ने भी माता-पिता की ग्रनुमति लेकर प्रव्रज्या स्वीकार कर ली। स्थविरों की सेवा में रह कर ग्यारह अंगों का ग्रध्ययन किया।

उसने स्कन्दक मुनि की तरह गुणरत्नसंवत्सर नामक तप किया। इस प्रकार चिन्तना तथा ग्रापृच्छना के संवन्ध में जो वक्तव्यता (वर्णन) भगवतीसूत्र में है, वही वक्तव्यता जालीकुमार के सम्वन्ध में भी समझनी चाहिए। वह स्थविरों के साथ विपुलगिरि पर गया। विशेष यह है कि सोलह वर्षों तक जालीकुमार ने श्रमण पर्याय का पालन किया। ग्रायुष्य के ग्रन्त में मरण प्राप्त करके वह ऊर्ध्वगमन करके सौधर्म ईशान सनत्कुमार माहेन्द्र ब्रह्मलोक लान्तक महाशुक्र सहस्रार ग्रानत प्राणत ग्रारण ग्रौर ग्रच्युत कल्पों को ग्रौर नवग्रैवेयक विमानों को लांघकर विजय नामक ग्रनुत्तर विमान में देवरूप से उत्पन्न हुग्रा।

उस समय भगवन्त स्थविरों ने जाली ग्रनगार को दिवंगत जानकर उनका परिनिर्वाण-निमित्तक कायोत्सर्ग किया। इसके पश्चात् उन्होंने (स्थविरों ने) जाली ग्रनगार के पात्र एवं चीवरों को ग्रहण किया ग्रौर फिर विपुलगिरि से नीचे उतर ग्राये। उतरकर जहां श्रमण भगवान् महावीर विराजे हुए थे वहां ग्राये। भगवान् को वन्दना-नमस्कार करके उन स्थविर भगवन्तों ने इस प्रकार कहा—भगवन्! ग्रापके शिष्य जाली ग्रनगार, जो कि प्रकृति से भद्र, विनयी, शान्त, ग्रल्प क्रोध मान, माया लोभवाले, कोमलता ग्रौर नम्रता के गुणों से युक्त, इन्द्रियों को वश में रखनेवाले, भद्र ग्रौर विनीत थे, वे ग्रापकी ग्राज्ञा लेकर स्वयमेव पांच महाव्रतों का ग्रारोपण करके साधु-साध्वियों को

खमा कर हमारे साथ विपुल पर्वत पर गये थे यावत् वे संथारा करके कालधर्म को प्राप्त हो गये हैं। ये उनके उपकरण (वस्त्र, पात्र) हैं।

इसके बाद गौतमस्वामी ने श्रमण भगवान् महावीर को वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार पूछा—

५—"एवं खलु देवाणुप्पियाणं अन्तेवासी जाली नामं अणगारे पगइभद्दए। से णं जाली अणगारे कालगए कहिं गए, कहिं उववण्णे?"

एवं खलु गोयमा! ममं अन्तेवासी तहेव जहा खंदयस्स जाव ["अब्भणुण्णाए समाणे सयमेव पंच महव्वयाइं आरुहेत्ता, तं चेव सव्वं अवसेसियं नेयव्वं, जाव जाली अणगारे"] कालगए उड्ढं चंदिम जाव [सूर-गहगण-नक्खत्त-तारारूवाणं बहूइं जोयणाइं, बहूइं जोयणसयाइं, बहूइं जोयणसहस्साइं, बहूइं जोयणसयसहस्साइं, बहूइं जोयणकोडीओ, बहूइं जोयणकोडाकोडीओ उड्ढं दूरं उप्पइत्ता सोहम्मीसाणसणंकुमारमाहिंदबंभलंतगमहासुक्कसहस्साराणयपाणयारणच्चुए तिन्नि य अट्ठारसुत्तरे गेवेज्जविमाणावाससए वीईवइत्ता] विजए महाविमाणे देवत्ताए उववण्णे।

"जालिस्स णं भंते! देवस्स केवइयं कालं ठिई पण्णत्ता?"

"गोयमा! बत्तीसं सागरोपमाइं ठिई पण्णत्ता।"

"से णं भंते! ताओ देव-लोयाओ आउक्खएणं, भवक्खएणं, ठिइक्खएणं कहिं गच्छिहिइ, कहिं उववज्जिहिइ?"

"गोयमा! महाविदेहे वासे सिज्झिहिइ।"

निक्षेप

"एवं खलु जंबू समणेणं जाव संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं पढमस्स वग्गस्स पढमस्स अज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते।"

गौतम स्वामी ने पूछा—"भन्ते! आपका अन्तेवासी जाली अनगार, जो प्रकृति से भद्र था, वह अपना आयुष्य पूर्ण करके कहाँ गया है? और कहाँ उत्पन्न हुआ है?"

भगवान् ने उत्तर दिया—गौतम! मेरा अन्तेवासी जाली अनगार, इत्यादि कथन स्कंदक के समान जानना यावत् मेरी अनुमति लेकर, स्वयमेव पांच महाव्रतों का आरोपण करके यावत् संलेखना-संथारा करके, समाधि को प्राप्त होकर काल के समय में काल करके ऊपर चन्द्र, सूर्य, ग्रहगण, नक्षत्र और तारा रूप ज्योतिषचक्र से बहुत योजन, बहुत सैकड़ों योजन, बहुत हजारों योजन, बहुत लाखों योजन, बहुत करोड़ों योजन और बहुत कोड़ाकोड़ी योजन लांघकर, ऊपर जाकर सौधर्म ईशान सनत्कुमार माहेन्द्र ब्रह्मलोक लान्तक महाशुक्र सहस्रार आनत प्राणत आरण और अच्युत देवलोकों को तथा तीन सौ अठारह नवग्रैवेयक विमानावासों को लांघ कर, विजयनामक महाविमान में देव के रूप में उत्पन्न हुआ है।

प्रश्न—"भन्ते! जालीदेव की वहाँ काल-स्थिति (आयुमर्यादा) कितनी है?"

"गौतम! उसकी कालस्थिति बत्तीस सागरोपम की है।"

प्रश्न—"भन्ते देव-लोक से आयु-क्षय होने पर भव-क्षय होने पर और स्थिति-क्षय होने पर वह जालीदेव कहाँ जायगा ? कहाँ उत्पन्न होगा ?"

उत्तर—"गौतम ! वहाँ से वह महाविदेह वास से सिद्धि प्राप्त करेगा।"

निक्षेप

जम्बू ! इस प्रकार श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिक दशा के प्रथम वर्ग के प्रथम अध्ययन का यह अर्थ कहा है।

विवेचन—यहाँ जाली कुमार का वर्णन प्रतिपादित किया गया है। वह वर्णन यहां संक्षेप में किया गया है, क्योंकि इस सूत्र में कथित विषय 'ज्ञातासूत्र' के प्रथम अध्ययन के—जिसमें मेघकुमार के विषय में कहा गया है—विषय के समान ही है। अर्थात् 'ज्ञातासूत्र' के प्रथम अध्ययन में जिस प्रकार मेघकुमार के विषय में प्रतिपादन किया गया है, उसी प्रकार इस सूत्र के प्रथम अध्ययन में जालीकुमार के विषय में भी प्रतिपादन समझ लेना चाहिए।

यहाँ प्रश्न उपस्थित होता है कि—मेघकुमार जाली अनगार के समान अनुत्तर विमान में ही उत्पन्न हुआ था तथापि मेघकुमार का वर्णन अनुत्तरौपपातिक सूत्र में नहीं है और ज्ञातासूत्र में है, ऐसा क्यों ? उत्तर यह है कि मेघकुमार का वर्णन छठे अंग में इसलिए किया गया है कि उसमें धर्मयुक्त पुरुषों की शिक्षा-प्रद जीवन-घटनाओं का वर्णन है। मेघकुमार के जीवन में कितनी ही ऐसी घटनाएं वर्णन की गई हैं, जिनके पढ़ने से प्रत्येक व्यक्ति को अत्यंत लाभ हो सकता है। किन्तु अनुत्तरौपपातिक सूत्र में केवल सम्यक्चारित्र पालन करने का फल वताया गया है। अतः मेघकुमार के चरित्र में विशेषता दिखाने के लिए उसका चरित्र नवें अङ्ग में न देकर छठे ही अङ्ग में दे दिया गया है।

२-१० अध्ययन

मयाली आदि कुमार

६—एवं सेसाणं वि नवण्हं भाणियव्वं। नवरं सत्त धारिणिसुआ। वेहल्लवेहायसा चेल्लणाए। अभओ नन्दाए।

आइल्लाणं पंचण्हं सोलस वासाइं सामण्णपरियाओ। तिण्हं बारस-बारस वासाइं। दोण्हं पंच वासाइं।

आइल्लाणं पंचण्हं आणुपुव्वीए उववायो विजए वेजयंते जयंते अपराजिए सव्वट्ठसिद्धे।

दीहदंते सव्वट्ठसिद्धे। उक्कमेणं सेसा। अभओ विजए। सेसं जहा पढमे।

अभयस्स नाणत्तं, रायगिहे नयरे, सेणिए राया, नंदा देवी सेसं तहेव।

"एवं खलु जंबू ! समणेणं जाव[1] संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं पढमस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णत्ते।"

---

१. देखिए सू. १ पृ. १.

शेष नौ अध्ययनों का वर्णन भी इसी प्रकार का है। विशेषता इतनी है कि धारिणी रानी के सात पुत्र हैं। वेहल्ल और वेहायस चेलना के पुत्र हैं। अभय नन्दा का पुत्र है।

आदि के पाँच कुमारों का श्रमण-पर्याय सोलह-सोलह वर्ष का है, तीन का श्रमण-पर्याय बारह वर्ष का है, तथा दो का श्रमण-पर्याय पाँच वर्ष का है।

आदि के पाँच अनगारों का उपपात-जन्म अनुक्रम से विजय, वैजयन्त जयन्त अपराजित और सर्वार्थसिद्ध विमान में हुआ है।

दीर्घदन्त सर्वार्थसिद्ध में उत्पन्न हुआ। शेष उत्क्रम से अपराजित आदि में उत्पन्न हुए तथा अभय विजय विमान में उत्पन्न हुआ। शेष वर्णन प्रथम अध्ययन के समान समझ लेना चाहिए।

अभय की विशेषता यह है कि राजगृह नगर, पिता राजा श्रेणिक और माता नन्दादेवी है। शेष वर्णन उक्त प्रकार से ही है।

"जम्बू! इस प्रकार श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिकदशा के प्रथम वर्ग का यह अर्थ कहा है।"

॥ प्रथम वर्ग समाप्त ॥

विवेचन—इस सूत्र में प्रथम वर्ग के शेष नौ अध्ययनों का वर्णन किया गया है। इनका विषय भी प्रायः पहले अध्ययन के साथ मिलता-जुलता है। विशेषता केवल इतनी है कि इनमें से सात तो धारिणी देवी के पुत्र थे और वेहल्ल कुमार और वेहायस कुमार चेलणा देवी के तथा अभय कुमार नन्दा देवी के उदर से उत्पन्न हुआ था। पहले के पाँचों ने सोलह वर्ष संयम-पर्याय का पालन किया था, तीन ने बारह वर्ष तक और शेष दो ने पाँच वर्ष तक। पहले पांच अनुक्रम से पाँच अनुत्तर विमानों में उत्पन्न हुए और पिछले उत्क्रम से पाँच अनुत्तर विमानों में। यह इन दश मुनियों के उत्कट संयम-पालन का फल है कि वे एकावतारी होकर उक्त विमानों में उत्पन्न हुए। सिद्ध यह हुआ कि सम्यक्चारित्र पालन करने का सदैव उत्तम फल होता है। उस फल का ही यहां सुचारु-रूप से वर्णन किया गया है। जो भी व्यक्ति सम्यक्चारित्र का आराधन करेगा वह शुभ फल से वञ्चित नहीं रह सकता। अतः सम्यक्चारित्र प्रत्येक व्यक्ति के लिये उपादेय है।

दोच्चो वग्गो

१-१३ अध्ययन

उत्क्षेप

जइ णं भंते ! समणेणं जाव[1] संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं पढमस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, दोच्चस्स णं भंते ! वग्गस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं समणेणं जाव[2] संपत्तेणं के अट्ठे पण्णत्ते ? ।"

एवं खलु जंबू ! समणेणं जाव[3] संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं दोच्चस्स वग्गस्स तेरस अज्झयणा पण्णत्ता । तं जहा :—

"दीहसेणे महासेणे लट्ठदंते य गूढदंते य सुद्धदंते य
हल्ले दुमे दुमसेणे महादुमसेणे य आहिए ।।
सीहे य सीहसेणे य महासीहसेणे य आहिए
पुण्णसेणे य बोधव्वे तेरसमे होइ अज्झयणे ।।"

"जइ णं भंते ! समणेणं जाव[4] संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं दोच्चस्स वग्गस्स तेरस अज्झयणा पण्णत्ता, दोच्चस्स णं भंते ! वग्गस्स पढमस्स अज्झयणस्स समणेणं जाव[5] संपत्तेणं के अट्ठे पण्णत्ते ?"

दीर्घसेन आदि

एवं खलु जंबू ! तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे, गुणसिलए चेइए । सेणिए राया । धारिणी देवी । सीहो सुमिणे । जहा जाली तहा जम्मं, बालत्तणं, कलाओ । नवरं दीहसेणे कुमारे ।

"सच्चेव[6] वत्तव्वया जहा जालिस्स जाव अंतं काहिइ ।"

एवं तेरस वि रायगिहे । सेणिओ पिया । धारिणी माया । तेरसण्हं वि सोलस वासा परियाओ । आणुपुव्वीए विजए दोण्णि, वेजयंते दोण्णि, जयंते दोण्णि, अपराजिए दोण्णि, सेसा महादुमसेणमाई पंच सव्वट्ठसिद्धे ।

"एवं खलु जंबू ! समणेणं जाव[7] अणुत्तरोववाइयदसाणं दोच्चस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णत्ते ।"

मासियाए संलेहणाए दोसु वि वग्गेसु त्ति ।

जम्बू स्वामी ने प्रश्न किया— "भन्ते ! यदि श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिक दशा के प्रथम वर्ग का यह अर्थ कहा है, तो भन्ते ! अनुत्तरौपपातिक दशा के द्वितीय वर्ग का श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने क्या अर्थ कहा है ?"

१-५. देखिए वर्ग १, सूत्र १.
६. सव्वेव—M. C. Modi.
७. देखिए वर्ग १, सूत्र १.

सुधर्मा स्वामी उत्तर देते हैं—जम्बू ! श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिक दशा के द्वितीय वर्ग के तेरह अध्ययन कहे हैं, जो इस प्रकार हैं:—

१. दीर्घसेन २. महासेन ३- लष्टदन्त (लट्ठदन्त) ४. गूढदन्त ५. शुद्धदन्त ६. हल्ल ७. द्रुम ८. द्रुमसेन ९. महाद्रुमसेन १०. सिंह ११. सिंहसेन १२. महासिंहसेन १३. पुण्यसेण (पुण्यसेन अथवा पूर्णसेन)

"भन्ते ! यदि श्रमण यावत् निर्वाण-संप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिक दशा के द्वितीय वर्ग के तेरह अध्ययन कहे हैं, तो भन्ते ! द्वितीय वर्ग के प्रथम अध्ययन का श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने क्या अर्थ कहा है ?"

"जम्बू ! उस काल और उस समय में राजगृह नाम का नगर था। गुणशिलक चैत्य था। वहां का राजा श्रेणिक था। धारिणी देवी रानी थी। उसने सिंह का स्वप्न देखा। जाली कुमार के सदृश जन्म, बाल्यकाल और कला-ग्रहण आदि जान लेना चाहिए। विशेष यह है कि कुमार का नाम दीर्घसेन था।

शेष समस्त वक्तव्यता जालीकुमार के समान है। यावत् वह सब दुःखों का अन्त करेगा।"

इस प्रकार तेरह ही राजकुमारों का नगर राजगृह था। पिता श्रेणिक था और माता धारिणी थी। तेरह ही कुमारों की दीक्षापर्याय सोलह वर्ष थी। अनुक्रम से वे दो[1] विजय में, दो[2] वैजयन्त में, दो[3] जयन्त में, दो[4] अपराजित में और शेष महाद्रुमसेन आदि पाँच सर्वार्थसिद्ध विमान में उत्पन्न हुए।

"जम्बू ! इस प्रकार श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिक दशा के द्वितीय वर्ग का यह अर्थ कहा है।"

दोनों वर्गों में एक-एक मास की संलेखना समझनी चाहिए।

विवेचन—प्रथम वर्ग की समाप्ति के अनन्तर श्रीजम्बू स्वामी ने श्रीसुधर्मा स्वामी से सविनय निवेदन किया—भगवन् ! मोक्ष को प्राप्त हुए श्रीश्रमण भगवान् ने अनुत्तरौपपातिक-दशा के द्वितीय वर्ग का क्या अर्थ प्रतिपादन किया है ? प्रश्न के उत्तर में सुधर्मा स्वामी ने कहा—हे जम्बू ! मोक्ष को प्राप्त हुए श्रमण भगवान् ने अनुत्तरौपपातिकदशा के द्वितीय वर्ग के तेरह अध्ययन प्रतिपादन किये हैं। तेरह राजकुमार श्रेणिक राजा और धारिणी देवी के आत्मज अर्थात् पुत्र थे। ये तेरह महर्षि सोलह-सोलह वर्ष तक संयम का पालन कर अनुत्तरविमानों में उत्पन्न हुए।

यहां जो विवरण लिया गया है वह संक्षिप्त में लिया गया है क्योंकि 'ज्ञाताधर्मकथाङ्गसूत्र' के मेघकुमार के समान ही यहां का वर्णन है। इसके विषय में प्रथम अध्ययन में भी विवरण आ चुका है। अतः विशेष जानने की इच्छा वालों को उक्त सूत्र के ही प्रथम अध्ययन का स्वाध्याय करना चाहिए।

---

१. दीर्घसेन और महासेन
२. लष्टदन्त और गूढदन्त
३. शुद्धदन्त और हल्ल
४. द्रुम और द्रुमसेन

यहाँ एक बात विशेष ज्ञातव्य है कि इस सूत्र के दोनों वर्गों में उल्लिखित तेईस मुनियों ने एक-एक मास का पादपोपगमन अनशन किया था और तदनन्तर वे उक्त अनुत्तर विमानों में उत्पन्न हुए।

इस वर्ग में सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञानपूर्वक सम्यक् चारित्राराधना का शुभ फल दिखाया गया है। यह बात सर्व-सिद्ध है कि सम्यग्दर्शन और सम्यग्ज्ञान-पूर्वक आराधन की हुई सम्यक् क्रिया ही कर्मों के क्षय करने में समर्थ हो सकती है।

विभिन्न हस्तलिखित प्रतियों में कतिपय पाठ-भेद देखने में आते हैं तथापि ज्ञाताधर्मकथाङ्गसूत्र का प्रमाण होने से वे यहाँ नहीं दिखाये गये हैं। जिज्ञासुओं को वहीं से जान लेना चाहिए।

तच्चो वग्गो

प्रथम अध्ययन

धन्य

उत्क्षेप

१—जइ णं भंते ! समणेणं जाव[1] संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं दोच्चस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, तच्चस्स णं भंते ! वग्गस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं समणेणं जाव[2] संपत्तेणं के अट्ठे पण्णत्ते ?

एवं खलु जंबू ! समणेणं जाव[3] संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं तच्चस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता । तं जहा—

धण्णे य सुणक्खत्ते य इसिदासे अ आहिए ।
पेल्लए रामपुत्ते य चंदिमा पिट्ठिमाइ य ।।

पेढालपुत्ते अणगारे नवमे पोट्टिले वि य ।
वेहल्ले दसमे पुत्ते इमे य दस आहिया ।।

"जइ णं भंते ! समणेणं[4] जाव संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं तच्चस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता, पढमस्स णं भंते ! अज्झयणस्स समणेणं जाव[5] संपत्तेणं के अट्ठे पण्णत्ते ?"

जम्बू स्वामी ने श्रीसुधर्मा स्वामी के समक्ष जिज्ञासा प्रस्तुत की—"भन्ते ! यदि श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिकदशा के द्वितीय वर्ग का यह अर्थ कहा है, तो भन्ते ! श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिकदशा के तृतीय वर्ग का क्या अर्थ कहा है ?"

सुधर्मा स्वामी ने समाधान किया—"जम्बू ! श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिकदशा के तृतीय वर्ग के दश अध्ययन कहे हैं, जो इस प्रकार हैं—

१—धन्यकुमार, २—सुनक्षत्र, ३—ऋषिदास, ४—पेल्लक, ५—रामपुत्र, ६—चन्द्रिक, ७—पृष्टिमातृक, ८—पेढालपुत्र, ९— पोष्टिल्ल, १०—वेहल्ल ।

जम्बू स्वामी ने फिर पूछा—"भन्ते ! यदि श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिक दशा के तृतीय वर्ग के दश अध्ययन कहे हैं, तो भन्ते ! श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिकदशा के तृतीय वर्ग के प्रथम अध्ययन का क्या अर्थ कहा है ?"

२—एवं खलु जंबू ! तेणं कालेणं तेणं समएणं कायंदी नामं नयरी होत्था, रिद्धत्थिमियस-मिद्धा । सहसंबवणे उज्जाणे सव्वउउ जाव [पुप्फ-फल-समिद्धे] जियसत्तू राया ।

१-२-३-४-५—सूत्र २, पृ. १

तत्थ णं कायंदीए नयरीए भद्दा नामं सत्थवाही परिवसइ अड्ढा जाव [दित्ता वित्ता वित्थिण्ण-विउल-भवण-सयणासण-जाणवाहणा बहुधण-जायरूव-रयया आओग-पओग-संपउत्ता विच्छड्डिय-पउर-भत्तपाणा बहुदासी-दास-गो-महिस-गवेलग-प्पभूया बहुजणस्स] अपरिभूया ।

तीसे णं भद्दाए सत्थवाहीए पुत्ते धण्णे नामं दारए होत्था, अहीण जाव [पंचिंदियसरीरे लक्खण-वंजण-गुणोववेए माणुम्माणपमाणपडिपुण्णसुजायसव्वंगसुंदरंगे ससिसोमाकारे कंते पियदंसणे सुरूवे] पंचधाईपरिग्गहिए। तं जहा—खीरधाईए जहा महब्बलो जाव बावत्तरिं कलाओ अहीए [तहा धण्णं कुमारं अम्मापियरो सातिरेगट्ठवासजायगं चेव गब्भट्ठमे वासे सोहणंसि तिहिकरणनक्खत्त-मुहुत्तंसि कलायरियस्स उवणेन्ति। तते णं से कलायरिए धण्णं कुमारं लेहाइयाओ गणितप्पहाणाओ सउणरुतपज्जवसाणाओ बावत्तरिं कलाओ सुत्ताओ अ अत्थओ अ करणओ य सेहावेति, सिक्खावेति।

तं जहा—(१) लेहं (२) गणियं (३) रूवं (४) नट्टं (५) गीयं (६) वाइयं (७) सरगयं (८) पोक्खरगयं (९) समतालं (१०) जूयं (११) जणवायं (१२) पासयं (१३) अट्ठावयं (१४) पोरेकच्चं (१५) दगमट्टियं (१६) अन्नविहिं (१७) पाणविहिं (१८) वत्थविहिं (१९) विलेवणविहिं (२०) सयणविहिं (२१) अज्जं (२२) पहेलियं (२३) मागहियं (२४) गाहं (२५) गीइयं (२६) सिलोयं (२७) हिरण्णजुत्ति (२८) सुवन्नजुत्ति (२९) चुन्नजुत्ति (३०) आभरणविहिं (३१) तरुणीपडिकम्मं (३२) इत्थिलक्खणं (३३) पुरिस-लक्खणं (३४) हयलक्खणं (३५) गयलक्खणं (३६) गोणलक्खणं (३७) कुक्कुडलक्खणं (३८) छत्तलक्खणं (३९) दंडलक्खणं (४०) असिलक्खणं (४१) मणिलक्खणं (४२) कागणि-लक्खणं (४३) वत्थुविज्जं (४४) खंधारमाणं (४५) नगरमाणं (४६) वूहं (४७) पडिवूहं (४८) चारं (४९) पडिचारं (५०) चक्कवूहं (५१) गरुलवूहं (५२) सगडवूहं (५३) जुद्धं (५४) निजुद्धं (५५) जुद्धातिजुद्धं (५६) अट्ठिजुद्धं (५७) मुट्ठिजुद्धं (५८) बाहुजुद्धं (५९) लयाजुद्धं (६०) ईसत्थं (६१) छरुप्पवायं (६२) धणुव्वेयं (६३) हिरन्नपागं (६४) सुवन्न-पागं (६५) सुत्तखेडं (६६) वट्टखेडं (६७) नालियाखेडं (६८) पत्तच्छेज्जं (६९) कडगच्छेज्जं (७०) सजीवं (७१) निज्जीवं (७२) सउणरुअमिति।

तए णं से धण्णे कुमारे बावत्तरिकलापंडिए णवंगसुत्तपडिबोहिए अट्ठारसविहिप्पगारदेसीभासा-विसारए गीइरई गंधव्वनट्टकुसले हयजोही गयजोही रहजोही बाहुजोही बाहुप्पमद्दी] अलं भोगसमत्थे साहसिए वियालचारी जाए यावि होत्था।

सुधर्मा स्वामी ने उत्तर दिया—जम्बू! इस प्रकार उस काल और उस समय में काकन्दी नामकी एक नगरी थी। वह नगरी ऋद्ध स्तिमित (स्थिर) और समृद्ध थी। वहां सहस्राम्रवन नाम का एक उद्यान था, जिसमें समस्त ऋतुओं के फल और फूल सदा रहते थे। उस समय वहां जितशत्रु नामक राजा राज्य करता था।

उस काकन्दी नगरी में भद्रा नामकी एक सार्थवाही रहती थी। वह धनी तेजस्वी विस्तृत और विपुल भवनों, शय्याओं, आसनों, यानों और वाहनों वाली थी तथा सोना चांदी आदि धंन की बहुलता से युक्त थी। अधमर्णों (ऋण लेनेवालों) को वह लेन-देन करने में कुशल थी। उसके यहाँ

१. देखिए वर्ग १, सूत्र १.

भोजन करने के अनन्तर भी वहुत-सा अन्न-पानी बाकी वच जाता था। उसके घर में वहुत से दास-दासी आदि सेवक और गाय-भैंस और वकरी आदि पशु थे। वह वहुतों से भी पराभव को प्राप्त नहीं होती थी और जनता में सम्माननीय थी।

उस भद्रा सार्थवाही के धन्यकुमार नामका एक पुत्र था, जो अहीन एव परिपूर्ण पाँचों इन्द्रियों से युक्त शरीरवाला था। अर्थात् उसका शरीर (लक्षण की अपेक्षा से) खामियों से रहित और (स्वरूप की अपेक्षा के) परिपूर्ण था। वह स्वस्तिक आदि लक्षण, तिल मष आदि व्यंजन और गुणों से युक्त था। माप, भार और आकार-विस्तार से परिपूर्ण और सुन्दर वने हुए समस्त अंगों वाला था। उसका आकार चन्द्र के समान सौम्य और दर्शन कान्त और प्रिय था। इस प्रकार उसका रूप वहुत सुन्दर था।

महावल कुमार की तरह क्षीरधात्री (दूध पिलाने वाली धाय) आदि पांच धायें उसका पालन-पोषण आदि करती थी। तया जिस प्रकार महावल ने वहत्तर कलाओं का अध्ययन किया उसी प्रकार धन्य कुमार को माता-पिता ने शुभ तिथि, करण और मुहूर्त में कलाचार्य के पास भेजा। तत्पश्चात् कलाचार्य ने धन्य (धन्ना) कुमार को गणित जिन में प्रधान है, ऐसी लेख आदि शकुनिरुत (पक्षियों के शब्द) तक की वहत्तर कलाएँ सूत्र से, अर्थ से और प्रयोग से सिद्ध करवाईं तथा सिखलाईं।

वह कलाएँ इस प्रकार हैं—(१) लेखन (२) गणित (३) रूप वदलना (४) नाटक (५) गायन (६) वाद्य वजाना (७) स्वर जानना (८) वाद्य सुधारना (९) समान ताल जानना (१०) जुआ खेलना (११) लोगों के साथ वादविवाद करना (१२) पासों से खेलना (१३) चौपड़ खेलना (१४) नगर की रक्षा करना (१५) जल और मिट्टी के संयोग से वस्तु का निर्माण करना (१६) धान्य निपजाना (१७) नया पानी उत्पन्न करना, पानी को संस्कार करके शुद्ध करना एवं उष्ण करना (१८) नवीन वस्त्र वनाना, रंगना, सीना और पहनना (१९) विलेपन की वस्तु को पहचानना, तैयार करना, लेपन करना आदि (२०) शय्या वनाना, शयन करने की विधि जानना आदि (२१) आर्या छन्द को पहचानना और वनाना (२२) पहेलियाँ वनाना और बूझना (२३) मागधिका अर्थात् मगध देश की भाषा में गाथा आदि वनाना (२४) प्राकृत भाषा में गाथा आदि वनाना (२५) गीति छन्द वनाना (२६) श्लोक (अनुष्टुप् छन्द) वनाना (२७) सुवर्ण वनाना, उसके आभूषण बनाना, पहनना आदि (२८) नई चाँदी वनाना, उसके आभूषण वनाना, पहनना आदि (२९) चूर्ण-गुलाव अवीर आदि वनाना और उनका उपयोग करना (३०) गहने घड़ना पहनना आदि (३१) तरुणी की सेवा करना, प्रसाधन करना (३२) स्त्री के लक्षण जानना (३३) पुरुष के लक्षण जानना (३४) अश्व के लक्षण जानना (३५) हाथी के लक्षण जानना (३६) गाय, वैल के लक्षण जानना (३७) मुर्गा के लक्षण जानना (३८) छत्र-लक्षण जानना (३९) दंड-लक्षण जानना (४०) खड्ग-लक्षण जानना (४१) मणि के लक्षण जानना (४२) काकणी रत्न के लक्षण जानना (४३) वास्तुविद्या—मकान-दुकान आदि इमारतों की विद्या (४४) सेना के पड़ाव का प्रमाण आदि जानना (४५) नया नगर वसाने आदि की कला (४६) व्यूह-मोर्चा वनाना (४७) विरोधी के व्यूह के सामने अपनी सेना का मोर्चा रचना (४८) सैन्य संचालन करना (४९) प्रतिचार—शत्रुसेना के समक्ष अपनी सेना को चलाना (५०) चक्रव्यूह—चाक के आकार में मोर्चा वनाना (५१) गरुडके आकार का व्यूह वनाना (५२) शकटव्यूह रचना (५३) सामान्य युद्ध करना (५४) विशेष युद्ध करना (५५) अत्यन्त विशेष युद्ध करना (५६) अट्ठि (यष्टि

या अस्थि) से युद्ध करना (५७) मुष्टियुद्ध करना (५८) बाहुयुद्ध करना (५९) लतायुद्ध करना (६०) बहुत को थोड़ा और थोड़े को बहुत दिखलाना (६१) खड्ग की मूठ आदि बनाना (६२) धनुष-बाण संबंधी कौशल होना (६३) चांदी का पाक बनाना (६४) सोने का पाक बनाना (६५) सूत्र का छेदन करना (६६) खेत जोतना (६७) कमल के नाल का छेदन करना (६८) पत्र छेदन करना (६९) कड़ा कुंडल आदि का छेदन करना (७०) मृत-मूर्च्छित को जीवित करना (७१) जीवित को मृत (मृत-तुल्य) करना और (७२) काक घूक आदि पक्षियों की बोली पहचानना।

इस प्रकार धन्नाकुमार बहत्तर कलाओं में पंडित हो गया। उसके नौ अंग—दो कान, दो नेत्र, दो नासिका, जिह्वा, त्वचा और मन बाल्यावस्था के कारण जो सोये से थे—अव्यक्त चेतना वाले थे, वे जागृत हो गये। वह अठारह प्रकार की देशी भाषाओं में कुशल हो गया। वह अश्वयुद्ध, गज-युद्ध, रथयुद्ध और बाहुयुद्ध करने वाला बन गया। अपनी बाहुओं से विपक्षी का मर्दन करने में समर्थ हो गया। भोग भोगने का सामर्थ्य उसमें आगया। साहसी होने के कारण विकालचारी अर्थात् आधी रात में भी चल पड़ने वाला बन गया।

विवेचन—द्वितीय वर्ग की समाप्ति होने पर जम्बू स्वामी ने सुधर्मा स्वामी से पुनः प्रश्न किया—भगवन्! द्वितीय वर्ग का अर्थ मैंने श्रवण किया। अब मुझ पर असीम कृपा करते हुए तृतीय वर्ग का अर्थ भी सुनाइए, जिससे मुझे उसका भी बोध हो जाय। इसके उत्तर में श्रीसुधर्मा स्वामी ने प्रतिपादन किया—हे जम्बू! मोक्ष को प्राप्त हुए श्रमण भगवान् महावीर ने तृतीय वर्ग के दस अध्ययन प्रतिपादन किये हैं। उनमें से प्रथम अध्ययन धन्य कुमार के जीवन-वृत्तान्त के विषय में है।

इस अध्ययन के पढ़ने से हमें उस समय की स्त्रीजाति की उन्नत अवस्था का पता लगता है। उस समय की स्त्रियाँ वर्तमान युग के समान पुरुष पर निर्भर न रहती हुई, स्वयं उनकी बराबरी में व्यापार आदि कार्य करती थीं। उन्हें व्यापार आदि के विषय में सब तरह का पूरा ज्ञान होता था। यहाँ भद्रा नाम की सार्थवाही व्यापार का काम स्वयं करती थी। और विशेषता यह कि वह किसी से पराभूत नहीं होती थी—दबती नहीं थी। यह उल्लेख उन्नति के शिखर पर पहुँची हुई स्त्रीजाति का चित्र हमारी आंखों के सामने खींचता है। उन्होंने पुरुषों के समान ही मोक्षगमन भी किया।

३—तए णं सा भद्दा सत्थवाही धण्णं दारयं उम्मुक्कबालभावं जाव [विण्णायपरिणयमित्तं जोव्वणगमणुपत्तं बावत्तरिकलापंडियं णवंगसुत्तपडिबोहयं अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारयं गीयरइं गंधव्व-णट्ट-कुसलं सिंगारागारचारुवेसं संगयगय-हसिय-भणिय-चिट्ठिय-विलाव-निउणजुत्तोवयारकुसलं हयजोहिं गयजोहिं रहजोहिं बाहुजोहिं बाहुप्पमद्दिं] अलं भोगसमत्थं यावि जाणित्ता बत्तीसं पासाय-वडिंसए कारेइ, अब्भुग्गयमूसिए जाव [पहसिए विव मणिकणगरयणभत्तिचित्ते, वाउद्धूतविजयवेजयंती-पड़ागाछत्ताइच्छत्तकलिए, तुंगे, गगणतलमभिलंघमाणसिहरे, जालंतररयणपंजरुम्मिल्लियव्व मणिकण-गथुभियाए, वियसियसयपत्तपुंडरीए तिलयरयणद्धचंदच्चिए नानामणिमयदामालंकिए, अंतो बहिं च सण्हे तवणिज्जरुइलवालुयापत्थडे, सुहफासे सस्सिरीयरूवे पासादीए जाव पडिरूवे]।

तेसिं मज्झे एगं भवणं अणेगखंभसयसंनिविट्ठं जाव लीलट्ठियसालभंजियागे अब्भुग्गयसुकयव-इरवेइयातोरणवररइयसालभंजियासुसिलिट्ठविसिट्ठलट्ठसंठितपसत्थवेरुलियखंभनाणामणिकणगरयणख-चितउज्जलं बहुसमसुविभत्तनिचियरमणिज्जभूमिभागं ईहामिय. जाव भत्तिचित्तं खंभुग्गयवइरवेइयापरि-

गयाभिरामं विज्जाहरजमलजुयलजुत्तं पिव अच्चीसहस्समालणीयं रूवगसहस्सकलियं भिसमाणं भिब्भिसमाणं चक्खुल्लोयणलेसं सुहफासं सस्सिरीयरूवं कंचणमणिरयणथूभियागं नाणाविहपंचवन्न-घंटापडागपरिमंडियग्गसिरं धवलमरीचिकवयं विणिम्मुयंतं लाउल्लोइयमहियं जाव गंधवट्टिभूयं पासादीयं दरिसणिज्जं अभिरूवं पडिरूवं] ।

(तए णं भद्दा सत्थवाही) बत्तीसाए इब्भवरकण्णगाणं एगदिवसेणं पाणिं गेण्हावेइ । बत्तीसओ दाओ जाव [बत्तीसं हिरण्णकोडीओ, बत्तीसं सुवण्णकोडीणो, बत्तीसं मउडे मउडप्पवरे, बत्तीस कुंडलजुए कुंडलजुयलप्पवरे, बत्तीसं हारे हारप्पवरे, बत्तीसं अद्धहारे अद्धहारप्पवरे, बत्तीसं एगावलीओ एगावलि-प्पवराओ, एवं मुत्तावलीओ, एवं कणगावलीओ, एवं रयणावलीओ, बत्तीसं कडगजोए कडगजोयप्पवरे, एवं तुडियजोए, बत्तीसं खोमजुयलाइं खोमजुयलप्पवराइं, एवं पडगजुयलाइं, एवं पट्टजुयलाइं, एवं दुगुल्लजुयलाइं, बत्तीसं सिरीओ, बत्तीसं हिरीओ, एवं धिईओ, कित्तीओ, बुद्धीओ, लच्छीओ, बत्तीसं णंदाइं, बत्तीसं भद्दाइं बत्तीसं तले तलप्पवरे, सव्वरयणामए, णियगवरभवणकेऊ, बत्तीसं झए झयप्पवरे, बत्तीसं वये वयप्पवरे दसगोसाहस्सिएणं वएणं, बत्तीसं णाडगाइं णाडगप्पवराइं बत्तीसबद्धेणं णाडएणं, बत्तीसं आसे आसप्पवरे, सव्वरयणामए, सिरिघरपडिरूवए, बत्तीसं हत्थी हत्थिप्पवरे, सव्वरयणामए सिरिघरपडिरूवए, बत्तीसं जाणाइं जाणप्पवराइं, बत्तीसं जुगाइं जुगप्पवराइं, एवं सिवियाओ, एवं संदमाणीओ, एवं गिल्लीओ थिल्लीओ, बत्तीसं वियडजाणाइं वियडजाणप्पवराइं, बत्तीसं रहे पारिजाणिए, बत्तीसं रहे संगामिए, बत्तीसं आसे आसप्पवरे, बत्तीसं हत्थी हत्थिपवरे, बत्तीसं गामे गामप्पवरे, दसकुलसाहस्सिएणं गामेणं, बत्तीसं दासे दासप्पवरे, एवं चेव दासीओ, एवं किंकरे, एवं कंचुइज्जे, एवं वरिसधरे, एवं महत्तरए, बत्तीसं सोवण्णिए ओलंबणदीवे, बत्तीसं रुप्पामए ओलंबण-दीवे, बत्तीसं सुवण्णरुप्पामए ओलंबणदीवे, बत्तीसं सोवण्णिए उक्कंचणदीवे, बत्तीसं पंचरदीवे, एवं चेव तिण्णिं वि, बत्तीसं सोवण्णिए थाले, बत्तीसं रुप्पमए थाले, बत्तीसं सुवण्णरुप्पमए थाले, बत्तीसं सोवण्णियाओ पत्तीओ ३ ×, बत्तीसं सोवण्णियाइं थासयाइं ३, बत्तीसं सोवण्णियाइं मल्लगाइं ३, बत्तीसं सोवण्णियाओ तलियाओ ३, बत्तीसं सोवण्णिआओ कावइआओ ३, बत्तीसं सोवण्णिए अवएडए ३, बत्तीसं सोवण्णिआओ अवयक्काओ ३, बत्तीसं सोवण्णिए पायपीढए ३, बत्तीसं सोवण्णियाओ भिसियाओ ३, बत्तीसं सोवण्णियाओ करोडियाओ ३, बत्तीसं सोवण्णिए पल्लंके ३, बत्तीसं सोवण्णियाओ पडिसेज्जाओ ३, बत्तीसं हंसासणाइं, बत्तीसं कोंचासणाइं, एवं गरुलासणाइं, उण्णयास-णाइं, पणयासणाइं, दीहासणाइं, भद्दासणाइं, पक्खासणाइं, मगरासणाइं, बत्तीसं पउमासणाइं, बत्तीसं दिसासोवत्थियासणाइं, बत्तीसं तेल्लसमुग्गे, जहा रायप्पसेणइज्जे, जाव बत्तीसं सरिसवसमुग्गे, बत्तीसं खुज्जाओ, जहा उववाइए, जाव बत्तीसं पारिसीओ, छत्ते, बत्तीसं छत्तधारिणीओ चेडीओ, बत्तीसं चामराओ, बत्तीसं चामरधारिणीओ चेडीओ, बत्तीसं तालियंटे, बत्तीसं तालियंट-धारिणीओ चेडीओ, बत्तीसं करोडियाधारिणीओ चेडीओ, बत्तीसं खीरधाईओ, जाव बत्तीसं अंकधाईओ, बत्तीसं अंगमद्दियाओ, बत्तीसं उम्मद्दियाओ, बत्तीसं ण्हावियाओ, बत्तीसं पसाहियाओ, बत्तीसं वण्णगपेसीओ, बत्तीसं चुण्णगपेसीओ, बत्तीसं कोट्ठागारीओ, बत्तीसं दवकारीओ, बत्तीसं उवत्थाणियाओ, बत्तीसं णाडइज्जाओ, बत्तीसं कोडुंबिणीओ, बत्तीसं महाणसिणीओ, बत्तीसं भंडागारिणीओ, बत्तीसं अज्झाधारिणीओ, बत्तीसं पुप्फधारणीओ, बत्तीसं पाणिधारणीओ, बत्तीसं बलिकारीओ, बत्तीसं सेज्जाकारीओ, बत्तीसं अब्भितरियाओ, पडिहारीओ, बत्तीसं बाहिरियाओ, पडिहारीओ, बत्तीसं मालाकारीओ, बत्तीसं पेसणकारीओ, अण्णं वा सुबहुं हिरण्णं वा सुवण्णं वा कंसं वा दूसं वा विउलधण-

कणग०जाव संतसारसावएज्जं, अलाहि जाव आसत्तमाओ कुलवंसाओ पकामं दाउं, पकाम भोत्तुं, पकामं परिभाएउं ।

तए णं से धन्ने कुमारे एगमेगाए भज्जाए एगमेगं हिरण्णकोडिं दलयइ, एगमेगं सुवण्णकोडिं दलयइ, एगमेगं मउडं मउडप्पवरं दलयइ, एवं तं चेव सव्वं जाव एगमेगं पेसणकारिं दलयइ, अण्णं वा सुबहुं हिरण्णं वा जाव परिभाएउं । तए णं से धन्ने कुमारे उप्पिं पासाय] जाव[1] फुट्टंतेहिं जाव[2] विहरइ ।

अनंतर धन्यकुमार को वाल-भाव से उन्मुक्त जानकर, यावत् विज्ञान जिसका शीघ्रता से परिपक्व अवस्था में पहुँच गया है, यौवनावस्थाशाली हुआ, ७२ कलाओं में विशेष रूप से निष्णात हुआ, जिसके नौ अंग (दो कान, दो नेत्र, दो नासिका छिद्र, एक जीभ एक स्पर्शन एवं एक मन) व्यक्त-जागृत हो गए, अठारह प्रकार की भाषाओं में विशारद हुआ, गीत एवं रति में अनुरागयुक्त हुआ, गान्धर्व गान में—एवं नाट्य क्रिया में पारङ्गत हुआ, तथा शृङ्गार के गृह की तरह सुन्दर वेष से युक्त हुआ, समुचित चेष्टा में—समुचित विलास में—नेत्रजनित विकार में, समुचित संलाप में—एवं समुचित काकुभाषण में दक्ष हुआ, तथा—समुचित व्यवहारों में कुशल हुआ, अश्वयुद्ध करने में कुशल हुआ, गजयुद्ध करने में कुशल हुआ, रथयोधी हुआ, वाहुप्रयोधी हुआ, वाहुप्रमर्दी हुआ—वाहु से भी कठोर वस्तु को चूर-चूर करने में समर्थ हुआ, तथा भोग में समर्थ हुआ, ऐसा जानकर भद्रा सार्थवाही ने बत्तीस सुन्दर प्रासाद वनवाए जो विशाल और उत्तुङ्ग थे ।

[वे भवन अपनी उज्ज्वल कान्ति के समूह से हँसते हुए से प्रतीत होते थे । मणि, सुवर्ण और रत्नों की रचना से विचित्र थे । वायु से फहराती हुई और विजय को सूचित करने वाली वैजयन्ती—पताकाओं से तथा छत्रातिछत्रों (एक दूसरे के ऊपर रहे हुए छत्रों) से युक्त थे । वे इतने ऊँचे थे कि उनके शिखर आकाशतल को उल्लंघन करते थे । उनकी जालियों के मध्य में रत्नों के पंजर ऐसे प्रतीत होते थे, मानों उनके नेत्र हों । उनमें मणियों और कनक की थूभिकाएँ (स्तूपिकाएँ) वनी थीं । उनमें साक्षात् अथवा चित्रित किये हुए शतपत्र और पुण्डरीक कमल विकसित हो रहे थे । वे तिलक रत्नों एवं अर्द्ध चन्द्रों—एक प्रकार के सोपानों से युक्त थे, अथवा भित्तियों में चन्दन आदि के आलेख (हाथे) से चर्चित थे । नाना प्रकार की मणिमय मालाओं से अलंकृत थे । भीतर और वाहर से चिकने थे । उनके आंगन में सुवर्ण की रुचिर वालुका विछी थी । उनका स्पर्श सुखप्रद था । रूप वड़ा ही शोभन था । उन्हें देखते ही चित्त में प्रसन्नता होती थी । यावत् वे महल प्रतिरूप थे—अत्यन्त मनोहर थे ।

उन प्रासादों के मध्य में एक उत्तम भवन का निर्माण करवाया जो अनेक सैकड़ों स्तम्भों पर आधारित था । उसमें लीलायुक्त अनेक पुतलियाँ स्थापित की हुई थीं । उसमें ऊँची और सुनिर्मित वज्ररत्न की वेदिका थी और तोरण थे । मनोहर निर्मित पुतलियों सहित उत्तम, मोटे एवं प्रशस्त वैडूर्य रत्न के स्तम्भ थे—वह विविध प्रकार के मणियों सुवर्ण तथा रत्नों से खचित होने के कारण उज्ज्वल दिखाई देता था । उसका भूमिभाग बिलकुल सम, विशाल, पक्का और रमणीय था । उस भवन में ईहामृग, वृषभ, तुरग, मनुष्य, मकर आदि के चित्र चित्रितं किये हुए थें । स्तम्भों पर बनी

१-२. अणुत्तरोववाइयदशा सूत्र ३.

वज्र रत्न की वेदिका से युक्त होने के कारण रमणीय दिखाई पड़ता था। समान श्रेणी में स्थित विद्याधरों के युगल यंत्र द्वारा चलते दीख पड़ते थे। वह भवन हजारों किरणों से व्याप्त और हजारों चित्रों से युक्त होने से देदीप्यमान और अतीव देदीप्यमान था। उसे देखते ही दर्शक के नयन उसमें चिपक से जाते थे। उनका स्पर्श सुखप्रद था और रूप शोभा-संपन्न था। उसमें सुवर्ण, मणि एवं रत्नों की स्तूपिकाएँ वनी हुई थीं। उसका प्रधान शिखर नाना प्रकार के पाँच वर्णो से एवं घंटाओं सहित पताकाओं से सुशोभित था। वह चहुँ ओर देदीप्यमान किरणों के समूह को फैला रहा था। वह लिपा था, धुला था और चंदोवे से युक्त था। यावत् वह भवन गंध की वर्त्ती जैसा जान पड़ता था। वह चित्त को प्रसन्न करने वाला, दर्शनीय, अभिरूप और प्रतिरूप था—अतीव मनोहर था।

इसके पश्चात् भद्रा सार्थवाही ने यावत् एक दिन में वत्तीस इभ्यवरों (श्रेष्ठिप्रवरों) की कन्याओं के साथ धन्यकुमार का पाणिग्रहण—विवाह सम्पन्न कराया। उनको वत्तीस-वत्तीस वस्तुएँ प्रदान कीं। यथा—[वत्तीस कोटि हिरण्य (चाँदी के सिक्के), वत्तीस कोटि सोनैये (सोने के सिक्के), वत्तीस श्रेष्ठ मुकुट, वत्तीस श्रेष्ठ कुण्डलयुगल, वत्तीस उत्तम हार, वत्तीस उत्तम अर्द्धहार, वत्तीस उत्तम एकसरा हार, वत्तीस मुक्तावली हार, वत्तीस कनकावली हार, वत्तीस रत्नावली हार, वत्तीस उत्तम कड़ों की जोड़ी, वत्तीस उत्तम त्रुटित (वाजूवन्द) की जोड़ी, उत्तम वत्तीस रेशमी वस्त्रयुगल, वत्तीस उत्तम सूती वस्त्रयुगल, वत्तीस टसर वस्त्रयुगल, वत्तीस पट्टयुगल, वत्तीस दुकुलयुगल, वत्तीस श्री, वत्तीस ह्री, वत्तीस धृति, वत्तीस कीर्ति, वत्तीस बुद्धि और वत्तीस लक्ष्मी देवियों की प्रतिमा, वत्तीस नन्द, वत्तीस भद्र, वत्तीस ताड़ वृक्ष, ये सव रत्नमय जानने चाहिए। अपने भवन में केतु—(चिह्नरूप) वत्तीस उत्तम ध्वज, दश हजार गायों के एक व्रज (गोकुल) के हिसाव से वत्तीस उत्तम गोकुल, वत्तीस मनुष्यों द्वारा किया जाने वाला एक नाटक होता है—ऐसे वत्तीस उत्तम नाटक, वत्तीस उत्तम घोड़े, ये सव रत्नमय जानना चाहिए। भाण्डागार समान वत्तीस रत्नमय उत्तमोत्तम हाथी, *भाण्डागार श्रीधर समान सर्व रत्नमय वत्तीस उत्तम यान, वत्तीस उत्तम युग्य (एक प्रकार का वाहन)* वत्तीस शिविकाएं, वत्तीस स्यन्दमानिकाएं, वत्तीस गिल्ली (हाथी की अम्वाड़ी), वत्तीस थिल्लि (घोड़े के पलाण-काठी), वत्तीस उत्तम विकट (खुले हुए) यान, वत्तीस पारियानिक (क्रीडा करने के) रथ, वत्तीस सांग्रामिक रथ, वत्तीस उत्तम अश्व, वत्तीस उत्तम हाथी, दस हजार कुल-परिवार जिसमें रहते हों ऐसे गाँव के हिसाव से वत्तीस गाँव, वत्तीस उत्तम दास, वत्तीस उत्तम दासियाँ, वत्तीस उत्तम किंकर, वत्तीस कंचुकी (द्वाररक्षक), वत्तीस वर्षधर (अन्तःपुर के रक्षक-खोजा), वत्तीस महत्तरक (अन्तःपुर के कार्य का विचार करने वाले), वत्तीस सोने के, वत्तीस चाँदी के और वत्तीस सोने-चाँदी के अवलम्वनदीपक (लटकने वाले दीपक—हण्डियाँ), वत्तीस सोने के, वत्तीस चाँदी के, वत्तीस सोने-चाँदी के उत्कञ्चन दीपक, (दण्ड युक्त-दीपक-मशाल) इसी प्रकार सोने, चाँदी और सोने-चाँदी इन तीनों प्रकार के वत्तीस पञ्जर-दीपक दिये। तथा सोने, चाँदी और सोने-चाँदी के वत्तीस थाल, वत्तीस थालियाँ, वत्तीस मल्लक (कटोरे) वत्तीस तलिका (रकावियाँ), वत्तीस कलाचिका (चम्मच), वत्तीस तापिकाहस्तक (संडासियाँ), वत्तीस तवे, वत्तीस पादपीठ (पैर रखने के वाजौठ) वत्तीस भिषिका (आसन विशेष), वत्तीस करोटिका (लोटा), वत्तीस पलंग, वत्तीस प्रतिशय्या (छोटे पलंग) वत्तीस हंसासन, वत्तीस क्रौंचासन, वत्तीस गरुडासन, वत्तीस उन्नतासन, वत्तीस अवनतासन, वत्तीस दीर्घासन, वत्तीस भद्रासन, वत्तीस पक्षासन, वत्तीस मकरासन, वत्तीस पद्मासन, वत्तीस दिक्स्वस्तिकासन, वत्तीस तेल के डिव्वे इत्यादि सभी राजप्रश्नीय सूत्र के अनुसार जानना चाहिये, यावत् वत्तीस सर्षप के डिव्वे,

वत्तीस कुब्जा दासियाँ इत्यादि सभी औपपातिक सूत्र में अनुसार जानना चाहिये, यावत् वत्तीस पारस देश की दासियाँ, वत्तीस छत्र, वत्तीस छत्रधारिणी दासियाँ, वत्तीस चामर, वत्तीस चामरधारिणी दासियाँ, वत्तीस पंखे, बत्तीस पंखाधारिणी दासियाँ, वत्तीस करोटिका (ताम्बूल के करण्डिए), वत्तीस करोटिकाधारिणी दासियाँ, वत्तीस धात्रियाँ (दूध पिलाने वाली धाय), यावत् वत्तीस अङ्कधात्रियाँ, वत्तीस अंगमर्दिका (शरीर का अल्प मर्दन करने वाली दासियाँ), वत्तीस स्नान कराने वाली दासियाँ, वत्तीस अलंकार पहनानेवाली दासियाँ, वत्तीस चन्दन घिसने वाली दासियाँ, वत्तीस ताम्बूलचूर्ण पीसने वाली, बत्तीस कोष्ठागार की रक्षा करने वाली, वत्तीस परिहास करने वाली, वत्तीस सभा में पास रहने वाली, वत्तीस नाटक करने वाली, वत्तीस कौटुम्बिक (साथ जाने वाली), वत्तीस रसोई वनाने वाली, वत्तीस भण्डार की रक्षा करने वाली, वत्तीस तरुणियाँ, वत्तीस पुष्प धारण करने वाली (मालिनें), वत्तीस पानी भरने वाली, वत्तीस वलि करने वाली, वत्तीस शय्या विछाने वाली, वत्तीस आभ्यन्तर और वत्तीस बाह्य प्रतिहारियाँ, वत्तीस माला वनाने वालीं और वत्तीस पेषण करने (पीसने) वाली दासियाँ दीं। इसके अतिरिक्त वहुत-सा हिरण्य, सुवर्ण, कांस्य, वस्त्र तथा विपुल धन, कनक यावत् सारभूत धन दिया, जो सात पीढ़ी तक इच्छापूर्वक देने और भोगने के लिए पर्याप्त था। तव धन्यकुमार ने प्रत्येक पत्नी को एक-एक हिरण्यकोटि, एक-एक स्वर्ण कोटि, इत्यादि पूर्वोक्त सभी वस्तुएँ दे दीं, यावत् एक-एक पेषणकारी दासी, तथा वहुतसा हिरण्य-सुवर्ण आदि विभक्त कर दिया यावत् ऊँचे प्रासादों में—जिन में मृदंग वज रहे थे, यावत् धन्यकुमार सुखभोगों में लीन हो गया।

विवेचन—उक्त सूत्र में धन्यकुमार के वालकपन, विद्याध्ययन, विवाहसंस्कार और सांसारिक सुखों के अनुभव के विषय में कथन किया गया है। यह सव वर्णन ज्ञातासूत्र के प्रथम अथवा पाँचवे अध्ययन के साथ मिलता है, अतः जिज्ञासु वहीं से अधिक जान लें।

धन्य कुमार का प्रव्रज्या-प्रस्ताव

४—तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे जाव (भगवं महावीरे) समोसढे। परिसा निग्गया। राया जहा कोणिओ तहा जियसत्तू निग्गओ। तए णं तस्स धण्णस्स तं महया जहा जमाली तहा निग्गओ। नवरं पायचारेणं जाव [एगसाडियं उत्तरासंगं करेइ, एग० करित्ता आयंते चोक्खे, परम-सुइब्भूए, अंजलिमउलियहत्थो जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेइ, करेत्ता जाव तिविहाए पज्जुवासणाए पज्जुवासइ। तए णं समणे भगवं महावीरे धण्णस्स कुमारस्स तीसे य महतिमहालियाए इसि० जाव धम्मकहा० जाव परिसा पडिगया।

तए णं से धण्णे कुमारे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए धम्मं सोच्चा, णिसम्म हट्ठ-तुट्ठ जाव हियए, उट्ठाए उट्ठेइ, उट्ठेत्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव णमंसित्ता एवं वयासी—

सद्दहामि णं भंते! णिग्गंथं पावयणं।

पत्तियामि णं भंते! णिग्गंथं पावयणं।

रोएमि णं भंते! णिग्गंथं पावयणं।

अब्भुट्ठेमि णं भंते! णिग्गंथं पावयणं।

एवमेयं भंते ! तहमेयं भंते ! अवितहमेयं भंते ! असंदिद्धमेयं भंते ! जाव से जहेयं तुब्भे वयह, जं] नवरं—

अम्मयं भद्दं सत्थवाहिं आपुच्छामि । तए णं अहं देवाणुप्पियाणं अंतिए जाव [मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं] पव्वयामि ।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं ।

जाव जहा जमाली तहा आपुच्छइ [तए णं से धण्णे कुमारे समणेणं भगवया महावीरेणं एवं वुत्ते समाणे हट्ठ-तुट्ठे समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो जाव णमंसित्ता, जाव जेणेव अम्मा-पियरो तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता अम्मा-पियरो जएणं विजएणं वद्धावेइ, जएणं विजएणं वद्धावित्ता एवं वयासी—एवं खलु अम्म-याओ ! मए समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मे णिसंते, से वि य मे धम्मे इच्छिए, पडिच्छिए, अभिरुइए । तए णं धण्णं कुमारं अम्मा-पियरो एवं वयासी—धण्णे सि णं तुमं जाया ! कयत्थे सि णं तुमं जाया ! कयपुण्णे सि णं तुमं जाया ! कयलक्खणे सि णं तुमं जाया ! जं णं तुमे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं धम्मे णिसंते, से वि य धम्मे इच्छिए, पडिच्छिए, अभिरुइए ।

तए णं से धण्णे कुमारे अम्मा-पियरो दोच्चंपि तच्चं पि एवं वयासी—एवं खलु मए अम्मयाओ ! समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए धम्मे णिसंते, जाव अभिरुइए । तए णं अहं अम्मायाओ ! संसारभउव्विग्गे, भीए जम्म-जरा-मरणेणं, तं इच्छामि णं अम्म-याओ ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइत्तए ।

उस काल और उस समय में श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर काकंदी नगरी में पधारे । परिषद् निकली । कोणिक की तरह जितशत्रु राजा भी दर्शनार्थ निकला । जमाली के समान धन्यकुमार भी साज-सज्जा के साथ निकला । विशेष यह है कि धन्यकुमार पैदल चल कर ही भगवान् की सेवा में पहुँचा ।

श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के पास धर्म सुनकर और हृदय में धारण करके धन्यकुमार हर्षित और सन्तुष्ट हृदय वाला हुआ यावत् खड़े होकर श्रमण भगवान् महावीर स्वामी को तीन बार प्रदक्षिणा करके वन्दन-नमस्कार किया और इस प्रकार कहा—

"हे भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ प्रवचन पर श्रद्धा करता हूँ ।

हे भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ-प्रवचन पर विश्वास करता हूँ ।

हे भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ-प्रवचन पर रुचि करता हूँ ।

हे भगवन् ! मैं निर्ग्रन्थ-प्रवचन के अनुसार प्रवृत्ति करने को तत्पर हुआ हूँ ।

हे भगवन् ! यह निर्ग्रन्थ-प्रवचन सत्य है, तथ्य है, असंदिग्ध है, जैसा कि आप कहते हैं ।

हे भगवन् ! मैं अपनी माता-भद्रा सार्थवाही की आज्ञा लेकर, गृहवास का त्याग करके, मुण्डित होकर आपके पास अनगार-धर्म स्वीकार करना चाहता हूँ ।"

भगवान् ने कहा—"देवानुप्रिय ! जैसे तुम्हें सुख हो वैसा करो, धर्म-कार्य में समयमात्र भी प्रमाद मत करो।"

जब श्रमण भगवान् महावीर ने धन्यकुमार से पूर्वोक्त प्रकार से कहा तो धन्यकुमार हर्षित और सन्तुष्ट हुआ। उसने भगवान् को तीन वार प्रदक्षिणा करके वन्दना-नमस्कार किया। फिर वह अपने माता-पिता के पास आया और जय-विजय शब्दों से वधाकर इस प्रकार बोला—"हे माता-पिता ! मैंने श्रमण भगवान् महावीर स्वामी से धर्म सुना है। वह धर्म मुझे इष्ट, अत्यन्त इष्ट और रुचिकर हुआ है।

तब माता-पिता ने धन्य कुमार से कहा—बेटा ! तुम धन्य हो, बेटा ! तुम कृतार्थ हो, बेटा ! तुम पुण्यशाली हो, बेटा ! तुम सुलक्षण हो कि तुमने भगवान् के मुख से धर्म श्रवण किया और वह धर्म तुम्हें प्रिय, अतिशय प्रिय और रुचिकर लगा।

तब धन्य कुमार ने दूसरी और तीसरी भी वार अपने माता-पिता से इसी प्रकार कहा, साथ ही कहा कि—"हे माता-पिता ! मैं संसार के भय से उद्विग्न हुआ हूँ, जन्म, जरा और मरण से भयभीत हुआ हूँ। अतः हे माता-पिता ! मैं आपकी आज्ञा होने पर श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के निकट मुण्डित होकर, गृहवास का त्याग करके अनगार-धर्म स्वीकार करना चाहता हूँ।"

प्रव्रज्या-सम्पत्ति

५—तए णं सा धण्णस्स कुमारस्स माया तं अणिट्ठं, अकंतं, अप्पियं अमणुण्णं अमणामं, असुयपुव्वं गिरं सोच्चा मुच्छिया। वुत्तपडिवुत्तया जहा महब्बले। [रोयमाणी] कंदमाणी, सोयमाणी, विलवमाणी जाव [धण्णं कुमारं एवं वयासी—तुमं सि णं जाया ! अम्हं एगे पुत्ते इट्ठे, कंते, पिए, मणुण्णे, मणामे, थेज्जे, वेसासिए, सम्मए, बहुमए, अणुमए, भंडकरंडगसमाणे रयणे रयणभूए, जीविय-उस्सासे हिययणंदिजणणे उंबरपुप्फमिव दुल्लहे सवणयाए किमंग ! पुण पासणयाए ! तं णो खलु जाया ! अम्हे इच्छामो तुब्भं खणमवि विप्पओगं सहित्तए, तं अच्छाहि ताव जाया ! जाव ताव अम्हे जीवामो, तओ पच्छा अम्हेहिं कालगएहिं समाणेहिं परिणयवये, वड्ढियकुलवंसतंतुकज्जम्मि णिरवयक्खे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियं मुंडे भवित्ता अगाराओ अणगारियं पव्वइहिसि।

तए णं धण्णे कुमारे अम्मा-पियरो एवं वयासी—तहेव णं तं अम्म-याओ ! जं णं तुब्भे ममं एवं वयह, तुमं सि णं जाया ! अम्हं एगे पुत्ते इट्ठे कंते चेव, जाव पव्वइहिसि; एवं खलु अम्मयाओ ! माणुस्सए भवे अणेगजाइ-जरा-मरण-रोग-सारीरमाणसपकामदुक्ख-वेयण-वसण-सओवद्दवाभिभूए, अधुवे, अणिइए, असासए संज्झब्भरागसरिसे, जलबुब्बुयसमाणे, कुसग्गजलबिंदुसण्णिभे, सुविणगदंसणोवमे, विज्जुलयाचंचले, अणिच्चे, सडणपडणविद्धंसणधम्मे, पुव्विं वा पच्छा वा अवस्स विप्पजहियव्वे भविस्सइ, से केस णं जाणइ अम्मयाओ ! के पुव्विं गमणयाए, के पच्छा गमणयाए ? तं इच्छामि णं अम्मयाओ ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे समणस्स जाव-पव्वइत्तए।

तए णं तं धण्णं कुमारं भद्दा सत्थवाही जाहे णो संचाएइ जाव जियसत्तुं आपुच्छइ, इच्छामि णं देवाणुप्पिया ! धण्णस्स दारयस्स णिक्खममाणस्स छत्त-मउड-चामराओ य विदिन्नाओ।

तए णं जियसत्तू राया भद्दं सत्थवाहिं एवं वयासी—अच्छाहि णं तुमं देवाणुप्पिए ! सुनिवुत्त-वीसत्था, अहण्णं सयमेव धण्णस्स दारयस्स निक्खमणसक्कारं करिस्सामि।

सयमेव जितसत्तू निक्खमणं करेइ, जहा थावच्चापुत्तस्स कण्हो।
तए णं धण्णे दारए सयमेव पंचमुट्ठियं लोयं करेइ जाव पव्वइए।
तए णं धण्णे दारए अणगारे जाए ईरियासमिए जाव गुत्तबंभचारी।

धन्यकुमार की माता उसके उपर्युक्त अनिष्ट, अकान्त, अप्रिय, अमनोज्ञ, मन को अप्रिय, अश्रुतपूर्व (जो पहले कभी नहीं सुनी) ऐसी (आघातकारक) वाणी सुनकर, मूर्छित हो गई। तत्पश्चात् होश में आने पर उनका कथन और प्रतिकथन हुआ। वह रोती हुई, आक्रन्दन करती हुई, शोक करती हुई और विलाप करती हुई महावल के कथन के सदृश इस प्रकार कहने लगी—"हे पुत्र! तू मुझे इष्ट, कान्त, प्रिय, मनोज्ञ, मनाम (मन गमता), आधारभूत, विश्वास-पात्र, सम्मत, वहुमत, अनुमत, आभूषणों की पेटी के तुल्य, रत्न स्वरूप, रत्न तुल्य, जीवित के उच्छ्वास के समान और हृदय को आनन्ददायक एक ही पुत्र है। उदुम्बर (गूलर) के पुष्प के समान तेरा नाम सुनना भी दुर्लभ है, तो तेरा दर्शन दुर्लभ हो इसमें तो कहना ही क्या? अत: हे पुत्र! तेरा वियोग मुझसे एक क्षण भी सहन नहीं हो सकता। इसलिए जव तक हम जीवित हैं तव तक घर ही रह कर कुल वंश की अभिवृद्धि कर। जव हम कालधर्म को प्राप्त हो जाएँ और तुम्हारी उम्र परिपक्व हो जाय तव, कुल वंश की वृद्धि करके तुम निरपेक्ष होकर श्रमण भगवान् महावीर स्वामी के पास मुण्डित होकर अनगार धर्म को स्वीकार करना।"

तव धन्यकुमार ने अपने माता-पिता से इस प्रकार कहा—"हे माता-पिता! अभी जो आपने कहा कि—हे पुत्र! तू हमें इष्ट, कान्त, प्रिय आदि है यावत् हमारे कालगत होने पर तू दीक्षा अंगीकार करना इत्यादि। परन्तु हे माता-पिता! यह मनुष्य जीवन जन्म, जरा, मरण, रोग, व्याधि, अनेक शारीरिक और मानसिक दु:खों की अत्यन्त वेदना से और सैंकड़ों व्यसनों (कष्टों) से पीडित है। यह अध्रुव अनित्य और अशाश्वत है। सन्ध्याकालीन रंगों के समान, पानी के परपोटे (वुदवुदे) के समान, कुशाग्र पर रहे हुए जल-विन्दु के समान, स्वप्न-दर्शन के समान तथा विजली की चमक के समान चंचल और अनित्य है। सड़ना, पड़ना, गलना और विनष्ट होना इसका धर्म (स्वभाव) है। पहले या पीछे एक दिन अवश्य ही छोड़ना पड़ता है; तो हे माता-पिता! इस वात का निर्णय कौन कर सकता है कि हममें से कौन पहले जायगा (मरेगा) और कौन पीछे जायगा? इसलिए हे माता-पिता! आप मुझे आज्ञा दीजिये। आपकी आज्ञा होने पर मैं श्रमण भगवान् महावीर के पास प्रव्रज्या अंगीकार करना चाहता हूँ।"

जव धन्यकुमार की माता भद्रा सार्थवाही उसे समझाने-बुझाने में समर्थ नहीं हुई, तब उसने धन्यकुमार को प्रव्रज्या लेने की आज्ञा दे दी। जिस प्रकार थावच्चापुत्र की माता ने कृष्ण से छत्र चामरादि की याचना की, उसी प्रकार भद्रा ने भी जितशत्रु राजा से छत्र चामर आदि की याचना की, तव जितशत्रु राजा ने भद्रा सार्थवाही से कहा—'देवानुप्रिए! तुम निश्चिन्त रहो। मैं स्वयं धन्य-कुमार का दीक्षा-सत्कार करूँगा' तत्पश्चात् जितशत्रु राजा ने स्वयं ही धन्यकुमार का दीक्षा-सत्कार किया। जिस प्रकार कृष्ण ने थावच्चा-पुत्र का दीक्षामहोत्सव सम्पन्न किया था।

तत्पश्चात् धन्यकुमार ने स्वयं ही पंचमुष्टिक लोच किया, यावत् प्रव्रज्या अंगीकार की। धन्यकुमार भी प्रव्रजित होकर अनगार हो गया। ईर्या-समिति, भाषा-समिति से युक्त यावत् गुप्त ब्रह्मचारी हो गया।

विवेचन—उक्त सूत्र में धन्य कुमार को किस प्रकार वैराग्य उत्पन्न हुआ, इस विषय का वर्णन किया गया है। जब श्रमण भगवान् महावीर स्वामी काकन्दी नगरी में पधारे तो नगर की परिषद् के साथ धन्य कुमार भी उनके दर्शन करने और उनसे उपदेशामृत पान करने के लिए उनकी सेवा में उपस्थित हुआ। उपदेश का धन्य कुमार पर ऐसा प्रभाव पड़ा कि वह तत्काल ही सम्पूर्ण सांसारिक भोग-विलासों को ठोकर मार कर अनगार बन गया।

इस सूत्र में हमें चार उदाहरण मिलते हैं। उनमें से दो धन्य कुमार के विषय में हैं और शेष दो में से एक जितशत्रु राजा का कोणिक राजा से तथा चौथा दीक्षा-महोत्सव का कृष्ण वासुदेव द्वारा किये हुए थावच्चापुत्र के दीक्षा-महोत्सव से है। ये सब 'औपपातिकसूत्र' 'भगवतीसूत्र' तथा 'ज्ञाताधर्मकथाङ्गसूत्र' से लिए गए हैं। इन सब का उक्त सूत्रों में विस्तृत वर्णन मिलता है। अतः जिज्ञासु को इन आगमों का एक बार अवश्य स्वाध्याय करना चाहिए। ये सब आगम ऐतिहासिक दृष्टि से भी अत्यन्त उपयोगी हैं। यहाँ उक्त वर्णनों को दोहराने की आवश्यकता न जान कर संक्षेप कर दिया गया है।

दीक्षा की अनुमति प्राप्त करने के प्रसंग में ब्रैकेट में जो पाठ मूल और अर्थ में दिया गया है वह जमाली के प्रसंग का है, अतएव उनमें 'अम्मापियरो' (माता-पिता) का उल्लेख है किन्तु धन्य कुमार के विषय में यह घटित नहीं होता, अतः यहां केवल माता का ही ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकरण में पिता का कहीं उल्लेख नहीं है। पाठकों को यह ध्यान में रखना चाहिए।

धन्य मुनि की तपश्चर्या

६—तए णं से धण्णे अणगारे जं चेव दिवसे मुंडे भवित्ता जाव [अगाराओ अणगारियं] पव्वइए, तं चेव दिवसं समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ। वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—

एवं खलु इच्छामि णं भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए समाणे जावज्जीवाए छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं आयंबिलपरिग्गहिएणं तवोकम्मेणं अप्पाणं भावेमाणे विहरित्तए। छट्ठस्स वि य णं पारणयंसि कप्पेइ मे आयंबिलं पडिगाहेत्तए नो चेव णं अणायंबिलं। तं पि य संसट्ठं नो चेव णं असंसट्ठं। तं पि य णं उज्झियधम्मियं नो चेव णं अणुज्झिय-धम्मियं। तं पि य जं अण्णे बहवे समण-माहण-अतिहि-किवण-वणीमगा नावकंखंति।

अहासुहं देवाणुप्पिया ! मा पडिबंधं करेह।

तए णं से धण्णे अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे हट्ठ-तुट्ठ जावज्जीवाए छट्ठंछट्ठेणं अणिक्खित्तेणं तवोकम्मेणं अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

तदनन्तर धन्य अनगार जिस दिन प्रव्रजित हुए यावत् गृहवास त्याग कर अगेही बने, उसी दिन श्रमण भगवान् महावीर को वंदन किया, नमस्कार किया तथा वंदन और नमस्कार करके इस प्रकार बोले—

भंते ! आप से अनुज्ञात होकर जीवन-पर्यन्त निरन्तर षष्ठ-बेला तप से तथा आयंबिल के पारणे से मैं अपनी आत्मा को भावित करते हुए विचरण करना चाहता हूँ। षष्ठ तप के पारणा में भी मुझे आयंबिल ग्रहण करना कल्पता है, परन्तु अनायंबिल ग्रहण करना नहीं कल्पता। वह भी संसृष्ट हाथों आदि से लेना कल्पता है, असंसृष्ट हाथों आदि से लेना नहीं कल्पता। वह भी उज्झित

धर्म वाला (त्याग देने-फेंक देने योग्य) ग्रहण करना कल्पता है, अनुज्झित धर्म वाला नहीं कल्पता। उसमें भी वह भक्त-पान कल्पता है, जिसे लेने की अन्य वहुत से श्रमण, माहण (ब्राह्मण), अतिथि, कृपण, और वनीपक (भिखारी) इच्छा न करें।"

धन्य अनगार से भगवान् ने कहा—"हे देवानुप्रिय! जैसे तुम्हें सुखकर हो, वैसा करो, परन्तु प्रमाद मत करो।"

अनन्तर वह धन्य अनगार भगवान् महावीर से अनुज्ञात होकर यावत् हर्षित एवं तुष्ट होकर जीवन-पर्यन्त निरन्तर षष्ठ तप से अपने आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

विवेचन—इस सूत्र में धन्य अनगार की आहार और शरीर विषयक अनासक्ति का तथा रसनेन्द्रियसंयम का विशेप रूप से प्रतिपादन किया गया है। वे दीक्षा प्राप्त कर इस प्रकार धर्म में तल्लीन हो गये कि दीक्षा के दिन से ही उनकी प्रवृत्ति उग्र तप करने की ओर हो गई। उसी दिन निर्णय कर उनने भगवान् से निवेदन किया कि—भगवन्! मैं आपकी आज्ञा से जीवन भर षष्ठ (वेले) तप का आयंविल-पूर्वक पारणा करूँ। उनकी इस तरह की धर्मरुचि देख कर श्री भगवान् ने अनुमति दे दी। धन्य अनगार ने अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार तप अंगीकार कर लिया।

'उज्झित-धर्मिक' उसे कहते हैं, जिस अन्न को विशेषतया कोई नहीं चाहता हो। टीका में कहा है—"उज्झिय-धम्मियं ति, उज्झितं—परित्यागः स एव धर्मः—पर्यायो यस्यास्तीति उज्झित—धर्मः" अर्थात् जो अन्न सर्वथा त्याग कर देने योग्य या फेंक देने के योग्य हो, वह 'उज्झित—धर्म' होता है। आयंविल के दिन धन्य अनगार ऐसा ही आहार किया करते थे।

७—तए णं से धण्णे अणगारे पढमछट्ठक्खमणपारणयंसि पढमाए पोरिसीए सज्झायं करेइ। जहा गोयमसामी तहेव आपुच्छइ, जाव [वीयाए पोरिसीए झाणं झियायइ, तइयाए पोरिसीए अतुरिय-मचवलमसंभंते मुहपोत्तियं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता भायणाइं वत्थाइं पडिलेहेइ, पडिलेहित्ता भायणाइं पमज्जइ, पमज्जित्ता भायणाइं उग्गहेइ उग्गहित्ता, जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—इच्छामि णं भंते! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाए छट्ठक्खमणपारणगंसि कायंदीए नयरीए उच्च-नीय-मज्झिमाइं कुलाइं घरसमुदाणस्स भिक्खायरियाए अडित्तए।

अहासुहं देवाणुप्पिया मा पडिवंधं।

तए णं धण्णे अणगारे समणेणं भगवया महावीरेणं अब्भणुण्णाए समाणे समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतियाओ सहसंववणाओ उज्जाणाओ पडिनिक्खमइ, पडिनिक्खमित्ता अतुरियमचवलम-संभंते जुगंतरपलोयणाए दिट्ठीए पुरओ रियं सोहमाणे सोहमाणे] जेणेव कायंदी णगरी तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता कायंदीए णयरीए उच्च० जाव [नीय-मज्झिमाइं कुलाइं घरसमुयाणस्स भिक्खायरियं] अडमाणे आयंविलं, नो अणायंविलं जाव[1] नावकंखंति।

तए णं से धण्णे अणगारे ताए अब्भुज्जयाए पययाए पयत्ताए पग्गहियाए एसणाए एसमाणे जइ भत्तं लभइ, तो पाणं न लभइ, अह पाणं लभइ तो भत्तं न लभइ।

तए णं से धण्णे अणगारे अदीणे अविमणे अकलुसे अविसादी अपरितंतजोगी जयणघडणजोग-

१. अणुत्तरोववाइय वर्ग ३, सूत्र ६.

चरित्ते अहापज्जत्तं समुदाणं पडिगाहेइ। पडिगाहित्ता कायंदीओ नयरीओ पडिणिक्खमइ। पडिणिक्ख-मित्ता जहा गोयमे जाव [जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ, उवागच्छित्ता समणस्स भगवओ महावीरस्स अदूरसामन्ते गमणागमणाए पडिक्कमइ एसणमणेसणं आलोएइ, आलोएत्ता भत्तपाणं] पडिदंसेइ।

तए णं से धण्णे अणगारे समणेणं भगवया अब्भणुण्णए समाणे अमुच्छिए जाव [अगिद्धे अगढिए] अणज्झोववण्णे बिलमिव पण्णगभूएणं अप्पाणेणं आहारं आहारेइ। आहारित्ता संजमेण तवसा जाव अप्पाणं भावेमाणे विहरइ।

अनन्तर धन्य अनगार ने प्रथम षष्ठ तप के पारणा के दिन प्रथम प्रहर में स्वाध्याय किया। जिस प्रकार गौतम ने भगवान् से पूछा, उसी प्रकार पारणा के लिए धन्य अनगार ने भी भगवान् से पूछा, यावत् [दूसरी पौरिसी में ध्यान ध्याया, तीसरी पौरिसी में शारीरिक शीघ्रता रहित, मानसिक चपलता रहित, आकुलता और उत्सुकता रहित होकर मुखवस्त्रिका की प्रतिलेखना की, फिर पात्रों की और वस्त्रों की प्रतिलेखना की। तत्पश्चात् पात्रों का प्रमार्जन किया, प्रमार्जन करके पात्रों को लेकर जहाँ श्रमण भगवान् महावीर विराजमान थे, वहाँ आये। वहाँ आकर भगवान् को वन्दना-नमस्कार करके इस प्रकार निवेदन किया—भगवन्! आज मेरे बेले के पारणे का दिन है, सो आपकी आज्ञा होने पर मैं काकन्दी नगरी में ऊँच, नीच और मध्यम कुलों में भिक्षा की विधि के अनुसार भिक्षा लेने के लिये जाना चाहता हूँ।'

श्रमण भगवान् महावीर ने धन्य अनगार से कहा—'हे देवानुप्रिय! जिस प्रकार तुम्हें सुख हो उस प्रकार करो, विलम्ब न करो।'

भगवान् की आज्ञा प्राप्त हो जाने पर धन्य अनगार भगवान् के पास से सहस्राम्रवन उद्यान से निकले। निकल कर शारीरिक त्वरा (शीघ्रता) और मानसिक चपलता से रहित एवं आकुलता व उत्सुकता से रहित युग (धूसरा) प्रमाण भूमि को देखते हुए ईर्यासमितिपूर्वक काकन्दी नगरी में आये। वहाँ उच्च, नीच और मध्यम कुलों में यावत् घूमते हुए आयंबिल-स्वरूप-रूक्ष आहार ही धन्य अनगार ने ग्रहण किया। यावत् सरस आहार ग्रहण करने की आकांक्षा नहीं की।

अनन्तर धन्य अनगार ने सुविहित, उत्कृष्ट प्रयत्न वाली गुरुजनों द्वारा अनुज्ञात एवं पूर्णतया स्वीकृत एषणा से गवेषणा करते हुए यदि भक्त प्राप्त किया, तो पान प्राप्त नहीं किया और यदि पान प्राप्त किया तो भक्त प्राप्त नहीं किया।

(ऐसी अवस्था में भी) धन्य अनगार अदीन, अविमन अर्थात् प्रसन्नचित्त, अकलुष अर्थात् कषायरहित, अविषादी अर्थात् विषादरहित, अपरिश्रान्तयोगी अर्थात् निरन्तर समाधियुक्त रहे। प्राप्त योगों (संयम-व्यापारों) में यतना (उद्यम) वाले एवं अप्राप्त योगों की घटना-प्राप्त्यर्थ यत्न जिसमें है इस प्रकार के चारित्र का उन्होंने पालन किया। वह यथाप्राप्त समुदान अर्थात् भिक्षान्न को ग्रहण कर, काकन्दी नगरी से बाहर निकले, भगवान् के निकट आए। यावत् श्रमण भगवान् महावीर स्वामी की सेवा में उपस्थित होकर गमनागमन सम्बन्धी प्रतिक्रमण किया, भिक्षा लेने में लगे हुए दोषों का आलोचन किया। उन्हें आहार-पानी दिखलाया।

अनन्तर धन्य अनगार ने श्रमण भगवान् महावीर से अनुज्ञात होकर अमूर्छित यावत् गृद्धि-

रहित—भोजन में राग से रहित अर्थात् अनासक्त भाव से इस प्रकार आहार किया, जिस प्रकार सर्प बिल में प्रवेश करते समय बिल के दोनों पार्श्व भागों को स्पर्श न करके मध्यभाग से ही उस में प्रवेश करता है। अर्थात् धन्य अनगार ने सर्प जैसे सीधा बिल में प्रवेश करता है उस तरह स्वाद की आसक्ति से रहित होकर आहार किया। आहार करके संयम और तप से यावत् आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे।

विवेचन—यहाँ सूत्रकार ने धन्य अनगार के दृढ प्रतिज्ञा-पालन का वर्णन किया है। प्रतिज्ञा ग्रहण करने के अनन्तर वह जब भिक्षा के लिए नगर में गए तो ऊँच, मध्य और नीच अर्थात् सधन, निर्धन एवं मध्यम घरों में आहार-पानी के लिए अटन करते हुए जहाँ उज्झित आहार मिलता था वहीं से ग्रहण करते थे। उन्हें बड़े उद्यम से प्राप्त होने वाली, गुरुओं से आज्ञप्त, उत्साह के साथ स्वीकार की हुई एषणा-समिति से युक्त भिक्षा में जहाँ भोजन मिला, वहाँ पानी नहीं मिला, तथा जहाँ पानी मिला वहाँ भोजन नहीं मिला। इस पर भी धन्य अनगार कभी दीनता, खेद, क्रोध आदि, कलुषता और विषाद अनुभव नहीं करते थे, प्रत्युत निरन्तर समाधि-युक्त होकर, प्राप्त योगों में अभ्यास बढ़ाते हुए और अप्राप्त योगों की प्राप्ति के लिये प्रयत्न करते हुए जो कुछ भी भिक्षावृत्ति में प्राप्त होता था उसको ग्रहण करते थे।

इस प्रकार वे अपनी प्रतिज्ञा पर दृढ रहे और उसी के अनुसार आत्मा को दृढ और निश्चल बनाकर संयम-मार्ग में प्रसन्न-चित्त होकर विचरते रहे। भिक्षा में उनको जो कुछ भी आहार प्राप्त होता था उसको वे इतनी अनासक्ति से खाते थे जैसे एक सर्प सीधा ही अपने बिल में घुस जाता है अर्थात् वे भोजन को स्वाद लेकर न खाते थे, प्रत्युत संयमनिर्वाह के लिये शरीररक्षा ही उनको अभीष्ट थी।

'बिलमिव पण्णगभूतेणं' शब्द का वृत्तिकार यह अर्थ करते हैं—"यथा बिले पन्नगः पार्श्व-संस्पर्शेनात्मानं प्रवेशयति तथायमाहारं मुखेन संस्पृशन्निव रागविरहितत्वादाहारयति" अर्थात् जैसे सर्प पार्श्वभाग का स्पर्श करके ही बिल में प्रवेश करता है, उसी प्रकार धन्य मुनि बिना किसी आसक्ति के आहार करके संयम के योगों में अपनी आत्मा को दृढ करते थे। इतना ही नहीं बल्कि अप्राप्त ज्ञान आदि की प्राप्ति के लिये भी सदा प्रयत्नशील रहते थे।

९—तए णं समणे भगवं महावीरे अण्णया कयाइ कायंदीओ नयरीओ सहसंबवणाओ उज्जाणाओ पडिणिक्खमइ। पडिणिक्खमित्ता बहिया जणवय-विहारं विहरइ।

तए णं से धण्णे अणगारे समणस्स भगवओ महावीरस्स तहारूवाणं थेराणं अंतिए सामाइय-माइयाइं एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ। अहिज्जित्ता संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ। तए णं से धण्णे अणगारे तेणं उरालेणं जहा खंदओ जाव [विउलेण पयत्तेणं पग्गहिएणं कल्लाणेणं सिवेणं धन्नेणं मंगल्लेणं सस्सिरीएणं उदग्गेणं उदत्तेणं उत्तमेणं उदारेणं महाणुभागेणं तवोकम्मेणं सुक्के लुक्खे निम्मंसे अट्ठि-चम्मावणद्धे किडिकिडियाभूए किसे धमणिसंतए जाए यावि होत्था, जीवंजीवेणं गच्छइ, जीवंजीवेण चिट्ठइ, भासं भासित्ता वि गिलाइ, भासं भासमाणे गिलाइ, भासिस्सामीति गिलायइ। से जहानामए कट्ठसगडिया इ वा पत्तसगडिया इ वा पत्त-तिल-भंडगसगडिया इ वा एरंडकट्ठसगडिया इ वा इंगालसगडिया इ वा उण्हे दिण्णा सुक्का समाणी ससद्दं गच्छइ, ससद्दं चिट्ठइ, एवामेव धण्णे वि

अणगारे ससद्दं गच्छइ, ससद्दं चिट्ठइ, उवचिए तवेणं, अवचिए मंस-सोणिएणं, हुयासणे विव भासरासि-पडिच्छण्णे तवेणं, तेएणं, तव-तेयसिरीए अईव अईव उवसोभेमाणे] उवसोभेमाणे चिट्ठइ।

अनन्तर श्रमण भगवान् महावीर अन्यदा कदाचित् काकन्दी नगरी के सहस्राम्र-वन उद्यान से निकले और बाहर जनपदों में विहार करने लगे।

धन्य अनगार ने श्रमण भगवान् महावीर के तथारूप स्थविरों के पास सामायिक आदि ग्यारह अङ्गों का अध्ययन किया और इसके पश्चात् वह संयम और तप से अपने आत्मा को भावित करते हुए विचरने लगे। तब वह धन्य अनगार उस उदार तप से स्कन्दक की तरह यावत् [उदार, विपुल, प्रदत्त, प्रगृहीत, कल्याणरूप, शिवरूप, धन्यरूप, मंगलरूप, श्रीसम्पन्न, उत्तम उदग्र-उत्तरोत्तर वृद्धियुक्त, उदात्त-उज्ज्वल, उत्तम उदार और महान् प्रभावशाली तप से शुष्क हो गये, रूक्ष हो गये, मांस रहित हो गये, उनके शरीर की हड्डियाँ चमड़े से ढकी हुई रह गई। चलते समय हड्डियाँ खड़खड़ करने लगीं। वे कृश-दुबले हो गये। उनकी नाड़ियाँ सामने दिखाई देने लगीं। वे केवल अपने आत्मबल से ही गमन करते थे, आत्मबल से ही खड़े होते थे। तथा वे इस प्रकार दुर्बल हो गये कि भाषा बोलकर थक जाते थे, भाषा बोलते समय थक जाते थे और भाषा बोलने के पहले, 'मैं भाषा बोलूंगा' ऐसा विचार करने मात्र से भी थक जाते थे। जैसे सूखी लकड़ियों से भरी हुई गाड़ी, पत्तों से भरी हुई गाड़ी, पत्ते तिल और सूखे सामान से भरी हुई गाड़ी, एरंड की लकड़ियों से भरी हुई गाड़ी, कोयले से भरी हुई गाड़ी, ये सब गाड़ियाँ धूप में अच्छी तरह सुखाकर जब चलती हैं, खड़-खड़ आवाज करती हुई चलती हैं और आवाज करती हुई खड़ी रहती हैं, इस प्रकार जब धन्य अनगार चलते, तो उनकी हड्डियाँ खड़-खड़ आवाज करतीं और खड़े रहते हुए भी खड़-खड़ आवाज करतीं। यद्यपि वे शरीर से दुर्बल हो गये थे, तथापि वे तप से पुष्ट थे। उनका मांस और खून क्षीण हो गये थे। राख के ढेर में दबी हुई अग्नि की तरह वे तप से, तेज से और तपस्तेज की शोभा से अतीव-अतीव] शोभित हो रहे थे।

विवेचन—सूत्र स्पष्ट है। इसका सम्पूर्ण विषय सुगमतया मूलार्थ से ही ज्ञात हो सकता है। उल्लेखनीय केवल इतना है कि यद्यपि तप और संयम की कसौटी पर चढ़कर धन्य अनगार का शरीर अवश्य कृश हो गया था, किन्तु उससे उनका आत्मा अलौकिक बलशाली हो गया था, जिसके कारण उनके मुख का प्रतिदिन बढ़ता हुआ तेज अग्नि के समान देदीप्यमान हो रहा था।

धन्य मुनि की शारीरिक दशा : पैर और अंगुलियों का वर्णन

१०—धण्णस्स णं अणगारस्स पायाणं अयमेयारूवे तवरूवलावण्णे होत्था, से जहानामए सुक्कछल्ली इ वा कट्ठपाउया इ वा जरग्गओवाहणा इ वा, एवामेव धण्णस्स अणगारस्स पाया सुक्का लुक्खा निम्मंसा अट्ठिचम्मछिरत्ताए पण्णायंति, नो चेव णं मंससोणियत्ताए।

धण्णस्स णं अणगारस्स पायंगुलियाणं अयमेयारूवे तवरूवलावण्णे होत्था—से जहानामए कलसंगलिया इ वा मुग्गसंगलिया इ वा माससंगलिया इ वा, तरुणिया छिण्णा, उण्हे दिण्णा, सुक्का समाणी मिलायमाणी चिट्ठति, एवामेव धण्णस्स पायंगुलियाओ सुक्काओ [लुक्खाओ निम्मंसाओ अट्ठिचम्मछिरत्ताए पण्णायंति, नो चेव णं मंस] सोणियत्ताए।

धन्य अनगार के पैरों का तपोजनित रूप-लावण्य (देखाव) इस प्रकार का हो गया था—जैसे—वृक्ष की सूखी छाल हो, काठ की खड़ाऊं हो अथवा पुराना जूता हो। इस प्रकार धन्य अनगार के पैर सूखे थे—रूखे थे और निर्मांस थे। अस्थि (हड्डी), चर्म और शिराओं से ही वे पहिचाने जाते थे। मांस और शोणित (रक्त) के क्षीण हो जाने से उनके पैरों की पहिचान नहीं होती थी।

धन्य अनगार के पैरों की अंगुलियों का तपोजनित रूप लावण्य इस प्रकार हो गया था—जैसे—कलाय (मटर) की फलियाँ हो, मूंग की फलियाँ हों, उड़द की फलियाँ हों, और इन कोमल फलियों को काटकर धूप में डाल देने पर जैसे वे सूखी और मुर्झायी हो जाती हैं, वैसे ही धन्य अनगार के पैरों की अंगुलियाँ भी सूख गई थीं, रूक्ष हो गई थीं और निर्मांस हो गईं थी, अर्थात् मुरझा गई थीं। उनमें अस्थि, चर्म और शिराएँ ही शेष रह गई थीं, मांस और शोणित उनमें (प्रायः) नहीं रह गया था।

विवेचन—यहाँ सूत्रकार ने धन्य अनगार की शारीरिक दशा में कितना परिवर्तन हो गया था, इस विषय का प्रतिपादन किया है। तप करने से उनके दोनों चरण इस प्रकार सूख गये थे जैसे सूखी हुई वृक्ष की छाल, लकड़ी की खडाऊं अथवा पुरानी सूखी हुई जूती हो। उनके पैरों में मांस और रुधिर नाम मात्र के लिए भी दिखाई नहीं देता था। केवल हड्डी, चमड़ा और नसें ही देखने में आती थी। पैरों की अंगुलियों की भी यही दशा थी। वे भी कलाय, मूंग या उड़द की उन फलियों के समान हो गई थी जो कोमल-कोमल तोड़ कर धूप में डाल दी गई हों—मुरझा गई हों। उनमें भी मांस और रुधिर नहीं रह गया था।

धन्य मुनि की जंघाएँ, जानु एवं ऊरु

११—धण्णस्स अणगारस्स जंघाणं अयमेयारूवे तवरूवलावण्णे होत्था—से जहानामए काकजंघा इ वा, कंकजंघा इ वा, ढेणियालियाजंघा इ वा जाव [सुक्काओ लुक्खाओ निम्मंसाओ अट्ठिचम्मछिरत्ताए पण्णायंति, नो चेव णं मंस] सोणियत्ताए।

धण्णस्स अणगारस्स जाणूणं अयमेयारूवे जाव तवरूवलावण्णे होत्था—से जहानामए कालिपोरे इ वा मयूरपोरे इ वा ढेणियालियापोरे इ वा एवं जाव [धण्णस्स अणगारस्स जाणू सुक्का निम्मंसा अट्ठिचम्मछिरत्ताए पण्णायंति, नो चेव णं मंस] सोणियत्ताए।

धण्णस्स उरुस्स अयमेयारूवे तवरूवलावण्णे होत्था—से जहानामए बोरीकरीले इ वा सल्लइ-करीले इ वा, सामलिकरीले इ वा, तरुणिए उण्हे जाव [दिण्णे सुक्के समाणे मिलायमाणे] चिट्ठइ, एवामेव धण्णस्स अणगारस्स ऊरू जाव [सुक्का लुक्खा निम्मंसा अट्ठिचम्मछिरत्ताए पण्णायंति, नो चेव णं मंस] सोणियत्ताए।

धन्य अनगार की जंघाओं (पिंडलियों) का तपोजनित रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—काक पक्षी की जंघा हो, कंक पक्षी की जंघा हो, ढेणिक पक्षी (टिड्ढे) की जंघा हो। यावत् [धन्य अनगार की जंघा सूख गई थीं रूक्ष हो गई थीं, निर्मांस हो गई थीं अर्थात् मुरझा गई थीं। उनमें अस्थि चर्म और शिराएँ ही शेष रह गई थीं, मांस और शोणित उनमें प्रायः नहीं रह गया था।]

धन्य अनगार के जानुओं (घुटनों) का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार हो गया था, जैसे—काली नामक वनस्पति का पर्व (सन्धि या जोड़) हो, मयूर पक्षी का पर्व हो, ढेणिक पक्षी का पर्व हो। यावत् [धन्य अनगार के जानु सूख गए थे। रूक्ष हो गए थे, निर्मांस हो गए थे, अर्थात् मुरझा गए थे। उनमें अस्थि चर्म और शिराएँ ही शेष रह गई थीं, मांस और शोणित उनमें प्राय: नहीं रह गया था।]

धन्य अनगार की उरूओं-सांथलों का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था—जैसे वदरी, शल्यकी तथा शाल्मली वृक्षों की कोमल कोंपले काट कर धूप में डालने से सूख गई हों—मुरझा गई हों। इसी प्रकार धन्य अनगार की उरू भी [सूख गई थीं, मुरझा गई थीं, उनमें मांस और शोणित नहीं रह गया था।]

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र में धन्य अनगार की जङ्घा, जानु और उरुओं का वर्णन किया गया है। तीव्रतर तप के प्रभाव से धन्य अनगार की जङ्घाएँ मांस और रुधिर के अभाव से ऐसी प्रतीत होती थीं मानो काक जङ्घा नामक वनस्पति की—जो स्वभावत: शुष्क होती है—नाल हों। अथवा यों कहिए कि वे कौवे की जङ्घाओं के समान ही क्षीण—निर्मांस हो गई थीं। उनकी उपमा कङ्क और ढंक पक्षियों की जङ्घाओं से भी दी गई है। इसी प्रकार उनके जानु भी उक्त काक-जङ्घा वनस्पति की गांठ के समान अथवा मयूर और ढंक नामक पक्षियों के संन्धि-स्थानों के समान शुष्क हो गये थे। दोनों ऊरु मांस और रुधिर के अभाव से सूख कर इस तरह मुरझा गये थे जैसे प्रियङ्गु, वदरी, कर्कन्धू, शल्यकी या शाल्मली वनस्पतियों की कोमल-कोमल कोंपले तोड़कर धूप में सुखाने से मुरझा जाती हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि धन्य अनगार कर्मनिर्जरा के अनन्य कारण तपश्चरण में इस प्रकार तन्मय हो गए कि अपने शरीर से भी निरपेक्ष हो गए। उनको शरीर का मोह भी लेश मात्र नहीं रहा। उन्होंने कठोर से कठोर तप अंगीकार किये। अत: उनके किसी अङ्ग में भी मांस और रुधिर अवशिष्ट नहीं रहा। सर्वत्र केवल अस्थि, चर्म और नसा-जाल ही देखने में आता था। सदेह होकर भी वे विदेह दशा प्राप्त करने में समर्थ हो गए।

कटि, उदर एवं पसुलियों आदि का वर्णन

१२—धण्णस्स कडिपत्तस्स इमेयारूवे जाव[1] से जहा जाव[2] उट्टपादे इ वा जरग्गपाए इ वा, महिसपाए इ वा जाव[3] सोणियत्ताए।

धण्णस्स उयरभायणस्स इमेयारूवे जाव[4] से जहा जाव[5] सुक्कदिए इ वा, भज्जणयकभल्ले इ वा कट्ठकोलंवए इ वा एवामेव उदरं सुक्कं जाव[6]।

धण्णस्स पासुलियाकडयाणं इमेयारूवे जाव[7] से जहा जाव[8] थासयावली इ वा, पाणावली इ वा, मुंडावली इ वा जाव[9]।

धण्णस्स पिट्ठिकरंडयाणं अयमेयारूवे जाव[10] से जहा जाव[11] कण्णावली इ वा गोलावली इ वा वट्टयावली इ वा एवामेव जाव[12]।

धण्णस्स उरकडयस्स अयमेयारूवे जाव[13] से जहा जाव[14] चित्तकट्टरे इ वा वीणयपत्ते इ वा तालियंटपत्ते इ वा एवामेव जाव[15]।

---

१ से १५—वर्ग ३, सूत्र १०.

धन्य अनगार की कटिपत्र (कमर) का तपस्याजनित रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—ऊँट का पैर हो, बूढे बैल का पैर हो और बूढे महिष (भैंसे) का पैर हो। उसमें अस्थि, चर्म और शिराएँ ही शेष रह गई थीं, मांस और शोणित उसमें नहीं रह गया था।

धन्य अनगार के उदर-भाजन (पेट) का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—सूखी मशक हो, चणकादि भूनने का खप्पर हो, आटा गूँदने की कठौती हो। इसी प्रकार धन्य अनगार का पेट भी सूख गया था। उसमें मांस और शोणित नहीं रह गया था।

धन्य अनगार की पसलियों का तपस्या के कारण लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—स्थासकों की आवली हो अर्थात् जैसे ढलान पर एक दूसरे के ऊपर रक्खी हुई दर्पणों के आकार की पंक्ति हो, पाणावली हो अर्थात् एक दूसरे पर रखे हुए पान-पात्रों (गिलासों) की पंक्ति हो, मुण्डावली अर्थात् स्थाणु—विशेष प्रकार के खूटों की पंक्ति हो। जिस प्रकार उक्त वस्तुएँ गिनी जा सकती हैं, उसी प्रकार धन्य अनगार की पसलियाँ भी गिनी जा सकती थीं। उसमें अस्थि, चर्म और शिराएँ ही शेष रह गई थीं। मांस और शोणित उनमें नहीं रह गया था।

धन्य अनगार के पृष्ठकरण्ड (रीढ का ऊपरी भाग) का स्वरूप ऐसा हो गया था, जैसे—मुकुटों के कांठे अर्थात् मुकुटों की किनारियों के कोरों के भाग हों, परस्पर चिपकाए हुए गोल गोल पत्थरों की पंक्ति हो, अथवा लाख के बने हुए बालकों के खेलने के गोले हों। इस प्रकार धन्य अनगार का रीढ-प्रदेश सूख कर मांस और शोणित से रहित हो गया था, अस्थि चर्म ही उनमें शेष रह गया था।

धन्य अनगार के उर:कटक (वक्षस्थल) अर्थात् छाती का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—वांसकी बनी टोकरी के नीचे का हिस्सा हो, वांस की बनी खपच्चियों का पंखा हो अथवा ताड़पत्र का बना पंखा हो। इस प्रकार धन्य अनगार की छाती एकदम पतली होकर सूख कर मांस और शोणित से रहित होकर अस्थि चर्म और शिरा-मात्र शेष रह गए थे।

विवेचन—इस सूत्र में धन्य अनगार के कटि, उदर, पांसुलिका, पृष्ठ-प्रदेश और वक्ष:स्थल का उपमाओं द्वारा वर्णन किया गया है। उनका कटि-प्रदेश तप के कारण मांस और रुधिर से रहित हो कर ऐसा प्रतीत होता था जैसे ऊँट या बूढ़े बैल का खुर हो। इसी प्रकार उनका उदर भी सूख गया था। उसकी सूख कर ऐसी हालत हो गई थी जैसी सूखी मशक, चने आदि भूनने का पात्र (भाड़) अथवा कोलम्ब नामक पात्र-विशेष की होती है।

कहने का तात्पर्य यह है कि धन्य अनगार का उदर इतना सूख गया था कि उक्त वस्तुओं के समान बीच में खोखला जैसा प्रतीत होता था। इसी प्रकार उनकी पसलियाँ भी सूखकर कांटा हो गई थीं। उनको इस तरह गिना जा सकता था जैसे—स्थासक (दर्पण की आकृति) की पंक्ति हो या गाय आदि पशुओं के चरने के पात्रों की पंक्ति अथवा उनके बांधने को कीलों की पंक्ति हो। उनमें मांस और रुधिर देखने को भी न था। यही दशा पृष्ठ-प्रदेशों की भी थी। उनमें भी मांस और रुधिर नहीं रह गया था और ऐसे प्रतीत होते थे मानो मुकुटों की कोरों, पाषाण के गोलकों की अथवा लाख आदि से बने हुए बच्चों के खिलौनों की पंक्ति खड़ी की हुई हो। उस तप के कारण धन्य अनगार के वक्ष:स्थल (छाती) में भी परिवर्तन हो गया था। उस से भी मांस और रुधिर सूख गया था। और पसलियों की

पंक्ति ऐसी दिखाई दे रही थी मानों ये किलिञ्ज आदि के खण्ड हों अथवा यह बांस या ताड़ के पत्तों का बना हुआ पंखा हो।

इन सब अवयवों का वर्णन, जैसा पहले कहा जा चुका है, उपमालङ्कार से किया गया है। इससे एक तो स्वभावत: वर्णन में चारुता आ गई है, दूसरे पढ़ने वालों को वास्तविकता को समझने में सुगमता होती है। जो विषय उदाहरण देकर शिष्यों के सामने रखा जाता है, उसको अत्यल्पबुद्धि भी विना किसी परिश्रम के समझ जाता है।

यहाँ ध्यान रखने योग्य एक बात विशेष है कि धन्य अनगार का शरीर यद्यपि सूखकर कांटा हो गया था किन्तु उनकी आत्मिक तेजस्विता अत्यधिक बढ़ गई थी।

धन्य मुनि के बाहु हाथ उंगली ग्रीवा दाढी होठ एवं जिह्वा

१३—धण्णस्स णं अणगारस्स बाहाणं जाव[1] से जहानामए जाव[2] समिसंगलिया इ वा बाहायासंगलिया इ वा, अगत्थियसंगलिया इ वा, एवामेव जाव[3]।

धण्णस्स णं अणगारस्स हत्थाणं जाव[4] से जहा जाव[5] सुक्कछगणिया इ वा, वडपत्ते इ वा, पलासपत्ते इ वा, एवामेव जाव[6]।

धण्णस्स णं अणगारस्स हत्थंगुलियाणं जाव[7] से जहा जाव[8] कलसंगलिया इ वा, मुग्गसंगलिया इ वा, माससंगलिया इ वा, तरुणिया छिण्णा आयवे दिण्णा सुक्का समाणी एवामेव जाव[9]।

धण्णस्स गीवाए जाव[10] से जहा जाव[11] करगगीवा इ वा, कुंडियागीवा इ वा उच्चट्ठवणए इ वा एवामेव जाव[12]।

धण्णस्स णं अणगारस्स हणुयाए जाव[13] से जहा जाव[14] लाउयफले इ वा, हकुवफले इ वा, अंबगट्ठिया इ वा, एवामेव जाव[15]।

धण्णस्स णं अणगारस्स उट्ठाणं जाव[16] से जहा जाव[17] सुक्कजलोया इ वा, सिलेसगुलिया इ वा, अलत्तगुलिया इ वा एवामेव जाव[18]।

धण्णस्स णं अणगारस्स जिब्भाए जाव[19] से जहा जाव[20] वडपत्ते इ वा पलासपत्ते इ वा, सागपत्ते इ वा एवामेव जाव[21]।

धन्य अनगार की बाहु अर्थात् कंधे से नीचे के भाग (भुजाओं) का तपोजन्य रूप लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—शमी (खेजड़ी) वृक्ष की सूखी हुई लम्बी-लम्बी फलियाँ हों, बाहाया (अमलतास) वृक्ष की सूखी हुई लम्बी-लम्बी फलियाँ हों, अथवा अगस्तिक (अगतिया) वृक्ष की सूखी हुई फलियाँ हों। इसी प्रकार धन्य अनगार की भुजाएँ भी मांस और शोणित से रहित होकर, सूख गई थीं। उनमें अस्थि, चर्म और शिराएँ ही शेष रह गई थीं मांस और शोणित उनमें नहीं रह गया था।

धन्य अनगार के कुहनी के नीचे के भागरूप हाथों की अवस्था तपश्चर्या के कारण इस प्रकार की हो गई थी, जैसे—सूखा छाण (कंडा) हो, वड का सूखा पत्ता हो या पलाश का सूखा पत्ता हो। इसी प्रकार धन्य अनगार के हाथ भी सूख गये थे, मांस और शोणित से रहित हो गए थे। उनमें अस्थि चर्म और शिराएँ ही शेष रह गई थीं। मांस और शोणित उनमें नहीं था।

१-२१—देखिए वर्ग ३, सूत्र ७.

धन्य अनगार के हाथों की अंगुलियों का उग्र तप के कारण इस प्रकार का स्वरूप हो गया था, जैसे कलाय अर्थात् मटर की सूखी फलियाँ हों, मूंग की सूखी फलियाँ हो अथवा उड़द की सूखी फलियाँ हों। उन कोमल फलियों को काट कर, धूप में सुखाने पर जिस प्रकार वे सूख जाती हैं, कुम्हला जाती हैं, उसी प्रकार धन्य अनगार के हाथों की अंगुलियाँ भी सूख गई थीं, उनमें मांस और शोणित नहीं रह गया था। अस्थि, चर्म और शिराएँ ही शेष रह गई थीं।

धन्य अनगार की ग्रीवा अर्थात् गर्दन तपश्चर्या के कारण इस प्रकार की हो गई थी, जैसे करक (करवा—जल-पात्र विशेष) का कांठा (गर्दन) हो, छोटी कुण्डी (पानी की झारी) की गर्दन हो, उच्च स्थापनक—सुराही की गर्दन हो। इसी प्रकार धन्य अनगार की गर्दन मांस और शोणित से रहित होकर सूखी-सी और लम्बी सी हो गई थी।

धन्य अनगार की हनु अर्थात् ठोड़ी का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—तूम्बे का सूखा फल हो, हकुब नामक एक वनस्पति अर्थात् हिंगोटे का सूखा फल हो अथवा आम की सूखी गुठली हो। इस प्रकार धन्य अनगार की हनु अर्थात् ठोड़ी भी मांस और शोणित से रहित होकर सूख गई थी।

धन्य अनगार के ओष्ठों का अर्थात् होठों का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—सूखी जोंक हो, सूखी श्लेष्म की गुटिका अर्थात् गोली हो, अलते की गुटिका अर्थात् अगरबत्ती के समान लाख के रस की लम्बी बत्ती हो। इसी प्रकार धन्य अनगार के होठ सूख कर मांस और शोणित से रहित हो गए थे।

धन्य अनगार की जीभ की तपस्या के कारण ऐसी अवस्था हो गई थी, जैसे—वड़ का सूखा पत्ता हो, पलाश का सूखा पत्ता हो, शाक अर्थात् सागवान वृक्ष का सूखा पत्ता हो। इसी प्रकार धन्य अनगार की जीभ भी सूख गई थी, उसमें मांस नहीं रह गया था और शोणित भी नहीं रह गया था।

विवेचन—इस सूत्र में धन्य अनगार की भुजाओं, हाथों, हाथ की अंगुलियों, ग्रीवा, चिबुक, ओठों और जिह्वा का उपमा अलङ्कार से वर्णन किया गया है। उनकी भुजाएँ अन्यान्य अङ्गों के समान ही तप के कारण सूख गई थीं और ऐसी दिखाई देती थीं जैसी शमी, अगस्तिक अथवा वाहाय वृक्षों की सूखी हुई फलियां होती हैं।

'वाहाया' शब्द के अर्थ का निर्णय करना कठिन है। यह किस वृक्ष की और किस देश में प्रचलित संज्ञा है, कहना मुश्किल है। वृत्तिकार श्री अभयदेव सूरि ने भी इसका अर्थ वृक्षविशेष ही लिखा है। सम्भवतः उस समय किसी प्रांत में यह नाम लोकप्रचलित रहा हो।

यही दशा धन्य अनगार के हाथों की भी थी। उनका भी मांस और रुधिर सूख गया था तथा वे इस तरह दिखाई देते थे जैसा सूखा गोबर (छाणा-कंडा) होता है अथवा सूखे हुए वट और पलाश के पत्ते होते हैं। हाथ की अंगुलियों में भी अत्यन्त कृशता आ गई थी। अंगुलियाँ कभी रक्त और मांस से परिपूर्ण थीं, वे अब सूख कर एक निराली रूक्षता एवं क्षीणता धारण कर रही थीं। सूख जाने से उनकी यह हालत हो गई थी जैसे एक कलाय, मूंग अथवा माष (उड़द) की फली—जिसे कोमल अवस्था में ही तोड़ कर धूप में सुखा दिया गया हो। पहले वाला मांस और रुधिर उनमें देखने को भी शेष नहीं रह गया था। यदि उनको कोई पहचान सकता था तो केवल अस्थि और चर्म से ही, जो उनमें अवशिष्ट रह गये थे।

'वाहु' शव्द यद्यपि संस्कृत भाषा में उकारान्त है तथापि प्राकृत भाषा में स्त्रीलिंग की विवक्षा होने पर वह आकारान्त हो जाता है। अतः सूत्र में आया हुआ 'वाहाणं' पद प्राकृतव्याकरण की दृष्टि से शुद्ध है।

सूत्र इस प्रकार है :—

वाहोरात् ॥८॥१॥३६॥ बाहुशव्दस्य स्त्रियामाकारान्तादेशो भवति, वाहाए जेण धरिओ एक्काए ॥ स्त्रियामित्येव । वामेअरो वाहू[1] ॥

ग्रीवा में भी अन्य अवयवों के समान मांस और रुधिर का अभाव हो गया था। अतः वह स्वभावतः लम्वी दिखाई देती थी। सूत्रकार ने उसकी उपमा लम्वे मुख वाले सुराही आदि पात्रों से दी है। इसके लिए सूत्र में एक 'उच्चस्थापनक' पद आया है, जो इसी प्रकार का एक पात्र होता है।

यही दशा धन्य अनगार के चिवुक की थी। जो चिवुक कभी मांस और रुधिर से परिपूर्ण था उसकी तपश्चर्या के कारण यह दशा हो गई थी जैसे—एक सूखे हुए तुम्वे या हकुव (एक प्रकार की वनस्पति) के फल की होती है अथवा वह ऐसी दिखाई देती थी जैसे—एक आम की गुठली हो।

जो ओठ पहले विम्वफल के समान रक्त वर्ण थे वे तप के कारण सूख कर विल्कुल विवर्ण हो गये थे। उनकी आकृति अव इस प्रकार हो गई थी जैसी सूखी हुई मेंहदी की गुटिका की होती है। जिह्वा भी सूख कर वट वृक्ष के पत्ते के समान अथवा पलाश (ढाक) के पत्ते के समान नीरस और रूखी हो गई थी।

उक्त विवेचन से स्पष्ट होता है कि धन्य अनगार का तप-अनुष्ठान आत्मशुद्धि के ही लिये था। शरीर-मोह से वे सर्वथा मुक्त हो गए थे। यह भी इस वर्णन से सिद्ध होता है कि उत्कृष्ट तप ही आत्म-शुद्धि की सामर्थ्य रखता है और इसी के द्वारा कर्मों की निर्जरा भी हो सकती है। यहाँ यह अवश्य स्मरणीय है कि समीचीन तप सम्यक्ज्ञान और सम्यग्दर्शनपूर्वक ही हो सकता है। सम्यक्ज्ञान और सम्यग्दर्शन के अभाव में किया जाने वाला तप वालतप है। उससे हीन कोटि की देवगति भले प्राप्त हो जाए किन्तु वैमानिक जैसी उच्च देवगति भी प्राप्त नहीं होती। ऐसी स्थिति में उससे मुक्ति जैसे—सर्वोत्कृष्ट, लोकोत्तर एवं अनुपम पद की प्राप्ति तो हो ही कैसे सकती है।

धन्य मुनि के नासिका, नेत्र एवं शीर्ष

१४—धण्णस्स णं अणगारस्स नासाए जाव[2] से जहा जाव[3] अंबगपेसिया इ वा, अंबाडग-पेसिया इ वा, माउलुंगपेसिया इ वा तरुणिया एवामेव जाव[4]।

धण्णस्स णं अणगारस्स अच्छीणं जाव[5] से जहा जाव[6] वीणाछिड्डे इ वा, वद्धीसगछिड्डे इ वा, पभाइयतारिगा इ वा एवामेव जाव[7]।

धण्णस्स कण्णाणं जाव[8] से जहा जाव[9] मूलाछल्लिया इ वा, वालुंकछल्लिया इ वा कारेल्लय-छल्लिया इ वा, एवामेव जाव[10]।

---

१. आचार्य हेमचन्द्रकृत प्राकृतव्याकरण। २-१०. देखिए वर्ग ३, सूत्र १०.

धण्णस्स सीसस्स जाव[1] से जहा जाव[2] तरुणगलाउए इ वा, तरुणगएलालुए इ वा सिण्हालए इ वा तरुणए जाव [छिण्णे आयवे दिण्णे सुक्के समाणे मिलायमाणे] चिट्ठइ, एवामेव जाव[3] सीसं सुक्कं लुक्खं निम्मंसं अट्ठि-चम्म-छिरत्ताए पण्णायइ, नो चेव णं मंस-सोणियत्ताए।

एवं सव्वत्थ। नवरं, उयर-भायण-कण्ण-जीहा-उट्ठा एएसिं अट्ठी न भण्णइ, चम्म-छिरत्ताए पण्णायइ त्ति भण्णइ।

धन्य अनगार की नासिका का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—आम की सूखी फाँक हो, आम्रातक अर्थात् एक फल विशेष (आमडे) की सूखी फाँक हो, मातुलिंग अर्थात् बिजोरे की सूखी फाँक हो—उन कोमल फाँकों को काट कर, धूप में सुखाने पर, जिस प्रकार वे मुरझा जाती हैं, सिकुड़ जाती हैं, उसी प्रकार धन्य अनगार की नाक भी मांस और शोणित से रहित होकर सूख गई थी।

धन्य अनगार की आँखों का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—वीणा का छिद्र हो, वद्धीसक अर्थात् बांसुरी का छिद्र हो, प्राभातिक तारक अर्थात् प्रभातकाल का प्रभाहीन तारा हो। इस प्रकार धन्य अनगार की आँखें भी मांस और शोणित से रहित हो कर अन्दर की ओर धँस गई थी तथा वे प्रकाश-हीन-तेजोहीन होगई थी। अर्थात् आँखों में कीकी की मात्र टिमटिमाहट ही दिखलाई देती थी।

धन्य अनगार के कानों का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—मूले की कटी हुई लम्बी-पतली छाल हो, ककड़ी (चीभड़ा) की कटी हुई लम्बी-पतली छाल हो या करेले की कटी हुई लम्बी-पतली छाल हो। इसी प्रकार धन्य अनगार के कान भी सूख गए थे। उनमें मांस और शोणित नहीं रह गया था।

धन्य अनगार के शीर्ष (मस्तक) का तपोजन्य रूप-लावण्य इस प्रकार का हो गया था, जैसे—सूखा तूम्बा हो, सूखा सूरण कन्द हो, सूखा तरबूज हो—इन कोमल फलों को काट कर धूप में सुखाने पर जैसे ये सूख जाते हैं, मुरझा जाते हैं, वैसे ही धन्य अनगार का मस्तक भी मांस और शोणित से रहित होने के कारण सूख गया था, मुरझा गया था। उसमें अस्थि, चर्म और शिराऐं ही शेष रह गई थीं।

धन्य अनगार के तपःपूत देह के समस्त अङ्गों का यह सामान्य वर्णन है। विशेषता यह है कि पेट, कान, जीभ, और होठ—इन अवयवों में अस्थि का वर्णन नहीं कहना चाहिए। केवल चर्म और शिराओं से ही इनकी पहिचान होती थी।

विवेचन—इस सूत्र में धन्य अनगार के पूर्वोक्त अङ्गों के समान ही उपमा अलङ्कार से नासिका कान, नेत्रों और शिर का वर्णन किया गया है। अर्थ मूल पाठ से ही स्पष्ट है।

इस सूत्र में अनेक प्रकार के कन्दों, मूलों और फलों से धन्य अनगार के अवयवों की उपमा दी गई है। उनमें से आम्रातक, मूलक वालुंकी और कारेल्लक ये कन्द और फल विशेषों के नाम हैं। आलुक एक प्रकार का कन्द होता है, जो वर्तमान युग में 'आलू' के नाम से प्रसिद्ध है।

१-३. देखिये वर्ग ३, सूत्र १०

इस प्रकार सूत्रकार ने धन्य अनगार के पैर से लेकर शिर तक सब अङ्गों का वर्णन कर दिया है इसमें विशेषता केवल इतनी ही बतलाई गई है कि उदर-भाजन, जिह्वा, कान, और ओठों के साथ अस्थि शब्द का अन्वय नहीं करना चाहिए क्योंकि इनमें अस्थियां नहीं होती है। शेष सब अंगों के साथ सुक्कं, लुक्खं, णिम्मंसं, इत्यादि सब विशेषणों का प्रयोग करना चाहिए।

धन्य मुनि की आन्तरिक तेजस्विता

१५—धण्णे णं अणगारे सुक्केणं भुक्केणं लुक्खेणं पायजंघोरुणा, विगयतडिकरालेणं कडिकडाहेणं, पिट्ठिमवस्सिएणं, उदरभायणेणं जोइज्जमाणेहिं पासुलियकडएहिं, अक्खसुत्तमाला इव गणेज्जमाणेहिं पिट्ठिकरंडगसंधीहिं, गंगातरंगभूएणं उरकडग-देसभाएणं, सुक्कसप्पसमाणेहिं बाहाहिं, सिढिलकडाली विव लंबंतेहि य अग्गहत्थेहिं, कंपणवाइए विव वेवमाणीए सीसघडीए पव्वायवयणकमले उब्भडघडमुहे उच्छुद्धणयणकोसे जीवंजीवेणं गच्छइ, जीवंजीवेणं चिट्ठइ, भासं भासित्ता गिलाइ, भासं भासमाणे गिलाइ, भासं भासिस्सामि त्ति गिलाइ। से जहानामए इंगालसगडिया इ वा। जहा खंदओ तहा, जाव[1] हुयासणे इव भासरासिपलिच्छण्णे तवेणं तेएणं अईव अईव तवतेयसिरीए उवसोभेमाणे उवसोभेमाणे चिट्ठइ।

घोर तपस्वी वह धन्य अनगार मांस आदि के अभाव के कारण सूखे, और भूख के कारण बुभुक्षित एवं पैर आदि अवयवों के कृशतर हो जाने के कारण रूक्ष दिखाई देते थे। उनका कटिभाग कटाह (कच्छप की पीठ अथवा भाजनविशेष—कढ़ाई) सरीखा विकृत एवं मांसहीन होने के कारण हड्डियां ऊपर दिखाई देने से विकराल दृष्टिगोचर होता था। मांस-मज्जा और शोणित के अभाव में पीठ से लगे पेट से, निर्मांस होने के कारण स्पष्ट दिखलाई देने वाली पसलियों से, मांस और मज्जा-रहित होने से रुद्राक्ष की माला के मणकों के समान स्पष्ट गिने जाने योग्य पृष्ट-करंडग (रीढ़) की सन्धियों से, गङ्गा की तरङ्गों के तुल्य स्पष्ट दिखने वाली अस्थियों के कारण उनके वक्षस्थल का भाग दीख पड़ता था। उनकी भुजाएँ, सूखे हुए सर्प के तुल्य लम्बी एवं सूखी थीं। लोहे की घोड़े की लगाम के तुल्य उनके अग्रहस्त कांपते हुए थे। कम्पनवात-ग्रस्त रोगी के तुल्य उनका मस्तक कांपता रहता था। उनका मुख-कमल म्लान हो गया था। होठों के सूख जाने से उनका मुख टूटे मुखवाले घड़े के समान विकृत दृष्टिगोचर होता था। उनके नयनकोप अन्दर की ओर धँस गये थे। दीर्घ तप से इस प्रकार क्षीण होकर वह धन्य अनगार अपने शरीर के वल से नहीं; परन्तु अपने आत्मवल से ही गमन करते थे। अपने आत्मवल से ही खड़े होते थे और वैठते थे। भाषा वोलकर वे थक जाते थे, वोलते सयय भी उन्हें थकावट का अनुभव होता था, यहाँ तक 'मैं वोलूंगा' इस विचार मात्र से ही वे थक जाते थे। जिस समय वह चलते तो उनके शरीर की हड्डियां ऐसा शब्द करती थीं जैसे कोई कोयलों से भरी गाड़ी हो, इत्यादि।

जो दशा स्कन्दक की हो गई थी, वही दशा धन्य अनगार की भी हो गई थी। फिर भी वे राख के ढेर से ढँकी आग के समान अन्दर ही अन्दर आत्म-तेज से प्रदीप्त हो रहे थे। वह धन्य अनगार तप से, तेज से और तपस्तेज की शोभा-आभा से अत्यन्त सुशोभित होकर (अपनी साधना में स्थिर थे, अडिग थे और अडोल थे)।

---

१. देखिए अणुत्तरोववाइयदसा वर्ग ३, सूत्र ८.

विवेचन—यहाँ एक ही सूत्र में सूत्रकार ने प्रकारान्तर से धन्य अनगार के सब अवयवों का वर्णन किया है। धन्य अनगार के पैर, जङ्घा और ऊरू मांस आदि के अभाव से अत्यन्त सूख गये थे और निरन्तर भूखे रहने के कारण बिलकुल रूक्ष हो गये थे। चिकनाहट उन में नाम-मात्र के लिये भी शेष नहीं थी। कटि मानो कटाह (कच्छप की पीठ अथवा भाजन विशेष-हलवाई आदियों की कढाई) था। वह मांस के क्षीण होने से तथा अस्थियों के ऊपर उठ जाने से इतना भयङ्कर प्रतीत होता था जैसे नदी के ऊँचे तट हों—दोनों ओर ऊँचे और बीच में गहरे। पेट बिलकुल सूख गया था। उस में से यकृत् और प्लीहा भी क्षीण हो गये थे। अतः वह स्वभावतः पीठ के साथ मिल गया था। पसलियों पर का भी मांस बिलकुल सूख गया था और एक-एक अलग-अलग गिनी जा सकती थी। यही हाल पीठ के उन्नत प्रदेशों का भी था। वे भी रुद्राक्ष की माला के दानों के समान सूत्र में पिरोये हुए भी जैसे अलग-अलग गिने जा सकते थे। उर के प्रदेश ऐसे दिखाई देते थे, जैसी गङ्गा की तरङ्गें हों। भुजाएँ सूख कर सूखे हुए साँप के समान हो गई थीं। हाथ अपने वश में नहीं थे और घोड़े की ढीली लगाम के समान अपने आप ही हिलते रहते थे। शिर की स्थिरता भी लुप्त हो गई थी। वह शक्ति से हीन होकर कम्पन-वायु रोग वाले पुरुष के शिर के समान कांपता ही रहता था। इस अत्युग्र तप के कारण जो मुख कभी खिले हुए कमल के समान शोभायमान था, अब मुरझा गया था। ओंठ सूखने के कारण विकृत-से हो गये थे। इससे मुख फूटे हुए घड़े के मुख के समान विकराल दिखाई देता था। उनकी दोनों आँखें भीतर धंस गई थीं। शारीरिक बल बिलकुल शिथिल हो गया था। वे केवल आत्मिक शक्ति से ही चलते थे और खड़े होते थे। इस प्रकार सर्वथा दुर्बल होने के कारण उनके शरीर की यह दशा हो गई थी कि भाषण करने में भी उनको अतीव खेद प्रतीत होता था, थकावट होती थी। कुछ कहते भी थे तो अत्यन्त कष्ट के साथ। शरीर साधारणतः इस प्रकार खचपचा गया था कि जब वे चलते थे तो अस्थियों में परस्पर रगड़ लगने के कारण चलती हुई कोयलों की गाड़ी के समान शब्द उत्पन्न होने लगता था। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार स्कन्दक मुनि का शरीर तप के कारण अत्यन्त क्षीण हो गया था, उसी प्रकार धन्य अनगार का शरीर भी क्षीण कृश एवं निर्बल हो गया था। किन्तु शरीर क्षीण होने पर भी उनकी आत्मिक-दीप्ति बढ़ रही थी। उनकी अवस्था ऐसी हो गई थी जैसे भस्म से आच्छादित अग्नि होती है। उनका आत्मा तप के तेज से और उत्पन्न कान्ति से अलौकिक सुन्दरता धारण कर रहा था। वे आत्मिक दीप्ति से देदीप्यमान थे।

इस सूत्र में 'उब्भडघडमुहे त्ति' पद की व्याख्या वृत्तिकार ने इस प्रकार की है—'उद्भटं-विकरालं, क्षीणप्राय-दशनच्छदत्वाद् घटकस्येव मुखं यस्य स तथा।' इस कथन से मुख पर मुख-पत्ती बंधी हुई सिद्ध नहीं होती ? ऐसी शंका उपस्थित होती है। समाधान में यह है कि यहाँ पर सूत्रकार का तात्पर्य केवल तप के कारण क्षीण शरीर के वर्णन से ही है, धर्मोपकरणों के वर्णन से नहीं। यदि वे शरीर सम्बन्धी अन्य धर्मोपकरणों का वर्णन करते और मुखवस्त्रिका का न करते तो यह शङ्का उपस्थित हो सकती थी। परन्तु यहाँ तो किसी भी उपकरण का वर्णन नहीं किया गया है। अतः स्पष्ट है कि यहाँ सूत्रकार को उनकी शरीर-निरपेक्ष तीव्रतर तपश्चर्या का और उसके कारण शरीर के अंगोपांगों पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन करना ही अभिप्रेत है। यदि ऐसा न माना जाय तो उनके कटि आदि अङ्गों के वर्णन के साथ चोलपट्ट आदि का भी वर्णन अवश्य मिलता। अतएव मुख अथवा होठों की कृशता आदि के वर्णन से उनके मुख पर मुखवस्त्रिका का अभाव किसी भी प्रकार सिद्ध नहीं होता।

भगवान् महावीर द्वारा प्रशंसा

१६—तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे, गुणसिलए चेइए, सेणिए राया। तेणं कालेणं तेणं समएणं समणे भगवं महावीरे समोसढे। परिसा निग्गया। सेणिए निग्गए। धम्मकहा। परिसा पडिगया। तए णं से सेणिए राया समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए धम्मं सोच्चा निसम्म समणं भगवं महावीरं वंदइ नमंसइ, वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—

इमासि णं भंते! इंदभूइ-पामोक्खाणं चोद्दसण्हं समणसाहस्सीणं कयरे अणगारे महादुक्करकारए चेव महाणिज्जरयराए चेव ?

एवं खलु सेणिया! इमासिं इंदभूइ-पामोक्खाणं चोद्दसण्हं समणसाहस्सीणं धण्णे अणगारे महादुक्करकारए चेव महाणिज्जरयराए चेव।

से केणट्ठेणं भंते! एवं वुच्चइ इमासिं जाव [इमासिं इंदभूइ-पामोक्खाणं चोद्दसण्हं समण-साहस्सीणं] धण्णे अणगारे महादुक्करकारए चेव महाणिज्जरयराए चेव ?

एवं खलु सेणिया! तेणं कालेणं तेणं समएणं कायंदी नामं नयरी जाव [धण्णे दारए] उप्पि पासायवडिंसए विहरइ।

तए णं अहं अण्णया कयाई पुव्वाणुपुव्वीए चरमाणे गामाणुगामं दूइज्जमाणे जेणेव कायंदी नयरी जेणेव सहसंबवणे उज्जाणे तेणेव उवागए। उवागमित्ता अहापडिरूवं उग्गहं उग्गिण्हामि संजमेणं जाव [तवसा अप्पाणं भावेमाणे] विहरामि। परिसा निग्गया, तहेव जाव[1] पव्वइए जाव[2] बिलमिव जाव[3] आहारेइ। धण्णस्स णं अणगारस्स पादाणं शरीरवण्णओ सव्वो जाव[4] उवसोभेमाणे-उवसोभेमाणे चिट्ठइ।

से तेणट्ठेणं सेणिया! एवं वुच्चइ इमासिं चउदसण्हं समणसाहस्सीणं धण्णे अणगारे महा-दुक्करकारए महाणिज्जरयराए चेव।

उस काल और उस समय में राजगृह नामका नगर था। गुणशिलक चैत्य था। श्रेणिक वहां का राजा था। उस काल और उस समय में, श्रमण भगवान् महावीर पधारे। परिषदा निकली। राजा श्रेणिक भी निकला। धर्मकथा हुई। परिषदा वापिस चली गई। अनन्तर उस श्रेणिक राजा ने श्रमण भगवान् महावीर के सान्निध्य में धर्म को सुनकर, विचार कर श्रमण भगवान् महावीर को वन्दन किया, नमस्कार किया। वन्दन नमस्कार करके, भगवान् से इस प्रकार कहा—

'भंते! आपके इन इन्द्रभूति-प्रमुख चौदह हजार श्रमणों में कौन अनगार महादुष्कर-कारक है, एवं महानिर्जराकारक है ?'

भगवान् ने उत्तर दिया—श्रेणिक! इन इन्द्रभूति-प्रमुख चौदह हजार श्रमणों में धन्य अनगार ही महादुष्करकारक है और महानिर्जरकारक है।

१ अणुत्तरोववाइयदसा वर्ग ३, सूत्र ४.

२. अणुत्तरोववाइयदसा वर्ग ३, सूत्र ४-५-६.

३. अणुत्तरोववाइयदसा वर्ग ३, सूत्र ७.

४. अणुत्तरोववाइयदसा वर्ग ३, सूत्र ७ से १५ तक।

श्रेणिक ने पुनः प्रश्न किया—भंते ! किस दृष्टि से आपने यह कहा कि इन इन्द्रभूति प्रमुख चौदह हजार श्रमणों में धन्य अनगार ही महादुष्करकारक है, महानिर्जराकारक है ?

उत्तर में भगवान् ने इस प्रकार कहा—श्रेणिक ! उस काल और उस समय में, काकन्दी नामकी नगरी थी। यावत् वहाँ ऊँचे महलों में धन्य कुमार भोगों में लीन था।

अनन्तर मैं एक अनुक्रम से चलता हुआ, एक ग्राम से दूसरे ग्राम में विहार करता हुआ, जहाँ काकन्दी नगरी थी और जहाँ पर सहस्राम्रवन उद्यान था वहाँ आया। आकर यथाप्रतिरूप (साधुजनोचित) स्थान की याचना की। संयम यावत् तप से भावित होकर रहा। परिषदा निकली, धन्य कुमार प्रव्रजित हुआ। यावत् वह अनासक्ति से आहार करता था। धन्य अनगार के पैर से लेकर मस्तक तक सारे शरीर का वर्णन पूर्ववत् भगवान् ने श्रेणिक को कह सुनाया, ऐसा समझ लेना चाहिए, यावत् वह तप के प्रखर तेज से सुशोभित हो रहा है।

श्रेणिक ! इस दृष्टि से मैं यह कहता हूँ कि इन इन्द्रभूति-प्रमुख चौदह हजार श्रमणों में धन्य अनगार महादुष्करकारक है और महानिर्जराकारक है।

श्रेणिक द्वारा धन्य मुनि की स्तुति

१७—तए णं से सेणिए राया समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हट्ठ जाव [तुट्ठे] समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो आयाहिणपयाहिणं करेइ, करित्ता, वंदइ नमंसइ। वंदित्ता नमंसित्ता जेणेव धण्णे अणगारे तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता धण्णं अणगारं तिक्खुत्तो आयाहिण-पायाहिणं करेइ; करित्ता वंदइ नमंसइ। वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी—

"धण्णे सि णं तुमं देवाणुप्पिया ! सुपुण्णे सुकयत्थे कयलक्खणे सुलद्धे णं देवाणुप्पिया ! तव माणुस्सए जम्मजीवियफले"—त्ति कट्टु वंदइ, नमंसइ। वंदित्ता नमंसित्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ। उवागच्छित्ता समणं भगवं महावीरं तिक्खुत्तो वंदइ नमंसइ। वंदित्ता नमंसित्ता जामेव दिसं पाउब्भूए, तामेव दिसं पडिगए।

तदनन्तर श्रेणिक राजा ने श्रमण भगवान् महावीर से इस अर्थ को सुन कर, उस पर विचार कर एवं तुष्ट होकर श्रमण भगवान् महावीर की तीन वार प्रदक्षिणा की, वन्दन किया तथा नमस्कार किया। वन्दन करके तथा नमस्कार करके जहाँ धन्य अनगार थे, वहाँ आया। आकर, धन्य अनगार की प्रदक्षिणा की, उन्हें वन्दन किया, नमस्कार किया। वन्दन करके, नमस्कार करके वह इस प्रकार कहने लगा —

"हे देवानुप्रिय ! आप धन्य हो। आप पुण्यशाली हो। आप कृतार्थ हो। आप सुकृतलक्षण हो ! हे देवानुप्रिय ! आपने मनुष्य-जन्म और मनुष्य-जीवन को सफल किया।"

यह कह कर उसने धन्य अनगार को वन्दन किया, नमस्कार किया। वन्दन करके, नमस्कार करके, जहाँ श्रमण भगवान् महावीर थे, पुनः वहाँ पहुँचा। पहुँच कर श्रमण भगवान् महावीर को वन्दन तथा नमस्कार किया। वन्दन तथा नमस्कार करके जिस दिशा से आया था, उसी दिशा की ओर चला गया।

विवेचन—इस सूत्र का अर्थ मूल पाठ से ही स्पष्ट है। फिर भी वक्तव्य इतना अवश्य है कि जिस में जो गुण हों उनका निःसङ्कोच-भाव से वर्णन करना चाहिए। और गुणवान् व्यक्ति का धन्यवाद आदि से उत्साह बढ़ाना चाहिए, जैसे श्रमण भगवान् महावीर ने किया। उन्होंने धन्य अनगार के अति उग्रतर तप का यथातथ्य वर्णन किया और उसकी सराहना की।

इस सब वर्णन से दूसरी शिक्षा हमें यह मिलती है कि एक बार जब संसार से ममत्व-भाव त्याग दिया तो सम्यक् तप के द्वारा आत्म-शुद्धि अवश्य कर लेनी चाहिए। क्योंकि तपश्चरण ही कर्म-निर्जरा का एकमात्र प्रधान उपाय है। यही संसार के सुखों को त्यागने का फल है। जो व्यक्ति साधु बन कर भी ममत्व में ही फंसा रहे उसको उस त्याग से किसी प्रकार की भी सफलता की आशा नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से तो वह कहीं का नहीं रहता और उसके इह-लोक और पर-लोक दोनों ही बिगड़ जाते हैं। धन्य अनगार ने हमारे सामने एक आदर्श उदाहरण उपस्थित किया है। उन्होंने जब एक बार गृहस्थ के सारे सुखों को त्याग कर साधु-वृत्ति अंगीकार कर ली तो उसको सफल बनाने के लिये उत्कृष्ट से उत्कृष्ट तप किया और मुनिजनों को अपने कर्त्तव्य द्वारा बता दिया कि किस प्रकार तप के द्वारा आत्म-शुद्धि होती है और कैसे उक्त तप से आत्मा सुशोभित किया जाता है।

तीसरी शिक्षा जो हमें इससे मिलती है, वह यह कि जब किसी व्यक्ति की स्तुति करनी हो तो उस में वास्तव में जितने गुण हों उन्हीं का वर्णन करना चाहिए। कहने का अभिप्राय यह है कि जितने गुण उस व्यक्ति में विद्यमान हों उन्हीं को लक्ष्य में रख कर स्तुति करना उचित है न कि और अविद्यमान गुणों का आरोपण करके भी। क्योंकि ऐसी स्तुति कभी-कभी हास्यास्पद बन जाती है। अतः झूठी प्रशंसा कर निरर्थक ही किसी को बाँसों पर नहीं चढ़ाना चाहिए। अत्युक्तिपूर्ण प्रशंसा से प्रशंसनीय व्यक्ति को आत्मभ्रान्ति हो सकती है, उसके विकास की गति अवरुद्ध हो सकती है। यही तीन शिक्षाएँ हैं, जो हमें इस सूत्र से मिलती हैं।

धन्य मुनि वास्तव में यथार्थनामा सिद्ध हुए। स्वयं तीर्थंकर देव अपने मुखारविन्द से जिसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करें उससे अधिक धन्य अन्य कौन हो सकता है?

धन्य अनगार का सर्वार्थसिद्ध-गमन

१८—तए णं तस्स धण्णस्स अणगारस्स अण्णया कयाइ पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि धम्म-जागरियं० इमेयारूवे अज्झत्थिए जाव समुप्पज्जित्था—

एवं खलु अहं इमेणं उरालेणं जाव [तवोकम्मेणं धमणिसंतए जाए] जहा खंदओ तहेव चिंता। आपुच्छणं। थेरेहिं सद्धिं विउलं दुरूहइ। मासिया संलेहणा। नवमासा परियाओ जाव [पाउणित्ता] कालमासे कालं किच्चा उड्ढं चंदिम जाव [सूर-गहगण-नक्खत्त-तारारूवाणं जाव] नवयगेवेज्जे विमाण-पत्थडे उड्ढं दूरं वीईवइत्ता सव्वट्ठसिद्धे विमाणे देवत्ताए उववण्णे।

थेरा तहेव ओयरंति जाव[1] इमे से आयारभंडए।

भंते! त्ति भगवं गोयमे तहेव आपुच्छति, जहा खंदयस्स भगवं वागरेइ, जाव[2] सव्वट्ठसिद्धे विमाणे उववण्णे।

---

१. अणुत्तरोववाइयदशा, वर्ग १. सूत्र ४.
२. अणुत्तरोववाइयदशा वर्ग १, सूत्र ४.

"धण्णस्स णं भंते ! देवस्स केवइयं कालं ठिई पण्णत्ता ?"

"गोयमा ! तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई पण्णत्ता ।"

"से णं भंते ! ताम्रो देवलोगाम्रो कहिं गच्छिहिइ ? कहिं उववज्जिहिइ ?"

"गोयमा ! महाविदेहे वासे सिज्झिहिइ ।"

तं एवं खलु जंबू ! समणेणं जाव संपत्तेणं पढमस्स ग्रज्झयणस्स ग्रयमट्ठे पण्णत्ते ।

पढमं ग्रज्झयणं समत्तं ।

तत्पश्चात् किसी दिन रात्रि के मध्य भाग में धन्य ग्रनगार के मन में धर्म-जागरिका (धर्म-विषयक विचारणा) करते हुए ऐसी भावना उत्पन्न हुई—

मैं इस प्रकार के उदार तपःकर्म से शुष्क-नीरस शरीर वाला हो गया हूँ, इत्यादि यावत् जैसे स्कन्दक ने विचार किया था, वैसे ही चिन्तना की, ग्रापृच्छना की । स्थविरों के साथ विपुलगिरि पर ग्रारूढ हुए, एक मास की संलेखना की । नौ मास की दीक्षापर्याय यावत् पालन कर काल करके चन्द्रमा से ऊपर यावत् सूर्य, ग्रह नक्षत्र तारा नवग्रैवेयक विमान-प्रस्तटों को पार कर सर्वार्थसिद्ध विमान में देवरूप से उत्पन्न हुए ।

धन्य मुनि के स्वर्ग-गमन होने के पश्चात् परिचर्या करने वाले स्थविर मुनि विपुल पर्वत से नीचे उतरे यावत् 'धन्य मुनि के ये धर्मोपकरण हैं' उन्होंने भगवान् से इस प्रकार कहा ।

भगवान् गौतम ने 'भंते !' ऐसा कह कर भगवान् से उसी प्रकार प्रश्न किया, जिस प्रकार स्कन्दक के ग्रधिकार में किया था ।

भगवान् महावीर ने उसका उत्तर दिया, यावत् धन्य ग्रनगार सर्वार्थसिद्ध विमान में देव रूप से उत्पन्न हुग्रा है ।

"भंते ! धन्य देव की स्थिति कितने काल की कही है ?"

"हे गौतम ! तेतीस सागरोपम की स्थिति कही है ।"

"भंते ! उस देवलोक से च्यवन कर धन्य देव कहाँ जायगा, कहाँ उत्पन्न होगा ?"

"हे गौतम ! महाविदेह वर्ष से सिद्ध होगा ।"

श्री सुधर्मा स्वामी ने कहा—"हे जम्बू ! इस प्रकार श्रमण यावत् निर्वाणसंप्राप्त भगवान् महावीर ने तृतीय वर्ग के प्रथम ग्रध्ययन का यह ग्रर्थ कहा है ।"

प्रथम ग्रध्ययन समाप्त ।।

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र में धन्य ग्रनगार की ग्रन्तिम समाधि का वर्णन किया गया है ग्रौर उसके लिए सूत्रकार ने धन्य ग्रनगार की स्कन्दक संन्यासी से उपमा दी है । ज्ञान ध्यान तप त्याग में लीन बने हुए धन्य ग्रनगार को एक समय मध्य-रात्रि में जागरण करते हुए विचार उत्पन्न हुग्रा कि मुझ में ग्रभी तक उठने की शक्ति विद्यमान है ग्रौर शासनपति श्रमण भगवान् महावीर भी ग्रभी तक

विद्यमान हैं, अतः यह सब अनुकूल सुविधाएँ रहते ही मैं इस जीवन की चरम साधना क्यों न कर लूं ! इस विचार के आते ही उन्होंने प्रातःकाल श्रमण भगवन्त की आज्ञा प्राप्त की और आत्म-विशुद्धि के लिये पञ्च महाव्रतों का पुनः पाठ पढ़ा तथा उपस्थित श्रमणों और श्रमणियों से क्षमा याचना कर तथा-रूप स्थविरों के साथ शनैः शनैः विपुलगिरि पर चढ़ गये। वहाँ पहुँच कर उन्होंने कृष्ण-वर्णी पृथिवी-शिला-पट्ट पर प्रतिलेखना कर दर्भ का संस्तारक बिछाया और पद्मासन लगाकर बैठ गये। फिर दोनों हाथ जोड़े और उनसे शिर पर आवर्तन किया। इस प्रकार पूर्व दिशा की ओर मुख कर 'नमोत्थुणं' के पाठ द्वारा पहले सब सिद्धों को नमस्कार किया, फिर उसीसे श्री श्रमण भगवान् महावीर को भी नमस्कार किया। कहा—'भगवन् ! वहाँ विराजमान आप सब कुछ देख रहे हैं, अतः मेरी वन्दना स्वीकार करें। मैंने पहले ही आपके समक्ष अष्टादश पापों का त्याग किया था अब मैं आप की ही साक्षी से उनका फिर से जीवन भर के लिये परित्याग करता हूँ। साथ ही साथ अब अशन, पान, खाद्य और स्वाद्य पदार्थों का भी आजीवन परित्याग करता हूँ। अपने संयम सहायक शरीर का भी अन्तिम रूप से व्युत्सर्ग करता हूँ। अब पादपोपगमन नामक अनशन धारण करता हूँ।' इस प्रकार श्री श्रमण भगवान् को वन्दना कर और उनको साक्षी बना कर संथारा ग्रहण किया और उसी के अनुसार विचरने लगे। उन्होंने सामायिक आदि से लेकर एकादश अङ्गों का अध्ययन किया, नव मास पर्यन्त दीक्षापर्याय में रहे और एक मास तक अनशन व्रत में व्यतीत किया। साठभक्त अशन-छेदन कर आलोचना-प्रतिक्रमणपूर्वक उत्तम समाधि-मरण प्राप्त किया।

यहां कहा गया है कि धन्य मुनि ने साठ भक्तों का परित्याग किया तो जिज्ञासा हो सकती है कि भक्त किसे कहते हैं ? उत्तर यह है कि प्रत्येक दिन के दो भक्त अर्थात् आहार या भोजन होते हैं। इस प्रकार एक मास के साठ भक्त हो जाते हैं। इस विषय में वृत्तिकार का कहना है कि—प्रतिदिनं "भोजनद्वयस्य परित्यागात्त्रिंशता दिनैः षष्ठिर्भक्तानां त्यक्ता भवति।" इस प्रकार जब धन्य अनगार ने एक मास पर्यन्त अनशन धारण किया तो साठ भक्तों के परित्याग में कोई सन्देह नहीं रहता। तत्पश्चात् शरीर का परित्याग कर धन्य अनगार सर्वोत्कृष्ट दिव्यलोक-सर्वार्थसिद्ध विमान में उत्पन्न हुए इत्यादि कथन स्पष्ट है।

जब उनके साथ गए स्थविरों ने देखा कि धन्य अनगार अपनी इह-लीला संवरण कर स्वर्ग को प्राप्त हो गये हैं तो उन्होंने परिनिर्वाण-प्रत्ययक कायोत्सर्ग किया अर्थात् 'परिनिर्वाणम्-मरणं यत्र, यच्छरीरस्य परिष्ठापनं तदपि परिनिर्वाणमेव, तदेव प्रत्ययो-हेतुर्यस्य स परिनिर्वाणप्रत्ययः' भाव यह है कि मृत्यु के अनन्तर जो ध्यान किया जाता है उसको परिनिर्वाण-प्रत्यय कायोत्सर्ग कहते हैं। मृत साधु के शरीर का परिष्ठापन करना भी परिनिर्वाण कहा जाता है। यहाँ समीपस्थ स्थविरों ने धन्य अनगार की मृत्यु देखकर यही कायोत्सर्ग (ध्यान) किया। फिर उनके वस्त्र-पात्र आदि उपकरण उठाकर लाये और श्रमण भगवान् महावीर के पास आकर और उनको धन्य अनगार के समाधि-मरण का समस्त वृत्तान्त सुना दिया। उनके गुणों का गान किया। उनके उपराम-भाव की प्रशंसा की तथा उनके वस्त्र आदि उपकरण श्री भगवान् को सौंप दिए।

उस समय गौतम स्वामी ने श्रमण भगवान् महावीर को वन्दना की और उनसे प्रश्न किया कि हे भगवन् ! आपका विनीत शिष्य धन्य अनगार समाधिमरण प्राप्त कर कहाँ गया, कहाँ उत्पन्न हुआ है ? वहाँ कितने काल तक उसकी स्थिति होगी और तदनन्तर वह कहाँ उत्पन्न होगा ? उत्तर में

श्रमण भगवान् ने कहा—हे गौतम ! मेरा विनयी शिष्य धन्य अनगार समाधि-मरण प्राप्त कर सर्वार्थ-सिद्ध विमान में उत्पन्न हुआ है। वहां उसकी तेतीस सागरोपम की स्थिति है। वहाँ से च्युत होकर वह महाविदेह क्षेत्र में उत्पन्न होकर मोक्ष प्राप्त करेगा, अर्थात् सिद्ध, बुद्ध और मुक्त होकर परिनिर्वाण प्राप्त कर सर्व दुःखों का अन्त कर देगा।

इस सूत्र से हमें यह शिक्षा प्राप्त होती है कि प्रत्येक साधक को आलोचना आदि क्रिया करके समाधि-पूर्वक मृत्यु का सामना करना चाहिए जिससे वह अन्तिम श्वासोच्छ्वास तक सच्चा आराधक रहे और साक्षात् या परम्परा से मोक्षाधिकारी बन सके।

द्वितीय अध्ययन

सुनक्षत्र

१६—"जइ णं भंते ! जाव[1]" उक्खेवओ। एवं खलु जंबू ! तेणं कालेणं तेणं समएणं कायंदी नयरी। जियसत्तू राया। तत्थ णं कायंदीए नयरीए भद्दा नामं सत्थवाही परिवसइ, अड्ढा। तीसे णं भद्दाए सत्थवाहीए पुत्ते सुणक्खत्ते नामं दारए होत्था अहीण० जाव[2] सुरूवे। पंचधाइपरिक्खित्ते, जहा धण्णो तहा बत्तीसओ दाओ जाव[3] उप्पिं पासायवडिंसए विहरइ।

तेणं कालेणं तेणं समएणं समोसरणं। जहा धण्णो तहा सुणक्खत्तो वि निग्गओ। जहा थावच्चापुत्तस्स तहा निक्खमणं जाव[4] अणगारे जाए ईरियासमिए जाव[5] बंभयारी।

तए णं से सुणक्खत्ते अणगारे जं चेव दिवसं समणस्स भगवओ महावीरस्स अंतिए मुंडे जाव[6] पव्वइए तं चेव दिवसं अभिग्गहं। तहेव जाव[7] बिलमिव जाव[8] आहारेइ, संजमेणं जाव[9] विहरइ। जाव[10] बहिया जणवय-विहारं विहरइ। एक्कारस अंगाइं अहिज्जइ जाव[11] संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ। तए णं से सुणक्खत्ते तेणं उरालेणं जाव[12] जहा खंदओ।

जम्बू अनगार ने आर्य सुधर्मा से पूछा:—भन्ते ! यदि श्रमण भगवान् महावीर ने तीसरे वर्ग के प्रथम अध्ययन का यह (पूर्वोक्त) अर्थ कहा है तो दूसरे अध्ययन का क्या अर्थ कहा है ? आर्य सुधर्मा ने जम्बू से इस प्रकार कहा—हे जम्बू ! उस काल और उस समय में काकन्दी नाम की एक नगरी थी। वहाँ का राजा जितशत्रु था। उस काकन्दी नगरी में भद्रा नाम की एक सार्थवाही रहती थी। वह सम्पन्न यावत् अपरिभूता थी। उस भद्रा सार्थवाही के सुनक्षत्र नाम का एक पुत्र था। वह अहीन अंगोपांग वाला यावत् सुरूप था। पञ्चधात्रीपरिपालित था। धन्यकुमार की तरह उसे भी बत्तीस का दहेज दिया गया यावत् वह महलों में भोगों में लीन होकर रहने लगा।

उस काल और उस समय में भगवान् महावीर वहाँ पधारे। धन्यकुमार की तरह सुनक्षत्र भी धर्मदेशना श्रवण करने के लिए निकला। यावच्चापुत्र की तरह निष्क्रमण हुआ यावत् वह अनगार हो गया। ईर्या-समित यावत् ब्रह्मचारी हो गया।

अनन्तर वह सुनक्षत्र, जिस दिन भगवान् महावीर के पास मुण्डित हुआ यावत् प्रव्रजित हुआ उसी दिन उसने अभिग्रह (प्रतिज्ञा) किया, यावत् अनासक्त होकर आहार किया। संयम में यावत् स्थिर होकर विचरण किया। बाहर जनपदों में विहार किया। ग्यारह अङ्गों का अध्ययन किया।

---

१. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग १, सूत्र २.
२. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र २.
३. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र २,३
४. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र ४-५.
५. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र ५.
६. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र ५.
७-८. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र ७.
९. अणत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र ७.
१०. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र ९.
११. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३. सूत्र ९.
१२. अणुत्तरोववाइय दशा वर्ग ३, सूत्र ९.

संयम तथा तप से आत्मा को भावित कर विचरण करने लगा। अनन्तर वह सुनक्षत्र मुनि उस उदार तप से स्कन्दक की तरह कृश हो गया।

विवेचन—यहां से सूत्रकार तीसरे वर्ग के शेष अध्ययनों का वर्णन करते हैं। इस सूत्र में सुनक्षत्र अनगार का वर्णन किया गया है। सूत्र का अर्थ मूलपाठ से ही स्पष्ट है। उदाहरण के लिये सूत्रकार ने थावच्चापुत्र और धन्य अनगार को लिया है। पाठकों को थावच्चापुत्र के विषय में जानने के लिये 'ज्ञाताधर्म-कथाङ्गसूत्र' के पांचवें अध्ययन का अध्ययन करना चाहिए। धन्य अनगार का वर्णन इसी वर्ग के प्रथम अध्ययन में आचुका है।

इस सूत्र में प्रारम्भ में ही "उक्खेवओ-उत्क्षेप:" पद आया है। उसका तात्पर्य यह है कि इसके साथ के पाठ का पिछले सूत्रों से आक्षेप कर लेना चाहिए अर्थात् उसके स्थान पर निम्न-लिखित पाठ पढ़ना चाहिए :—

जइ णं भंते! समणेणं भगवया महावीरेणं जाव संपत्तेणं नवमस्स अंगस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं तच्चस्स वग्गस्स पढमस्स अज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते नवमस्स णं भंते! अंगस्स अणुत्तरोववाइयदसाणं तच्चस्स वग्गस्स वितियस्स अज्झयणस्स के अट्ठे पण्णत्ते?

इस प्रकार का पाठ प्रायः प्रत्येक अध्ययन के प्रारंभ में आता है। इसे 'उक्खेवओ या उत्क्षेप' कहते हैं, जिसका आशय है भूमिका या प्रारंभ। पाठ को संक्षिप्त करने के लिये यहाँ 'उक्खेवओ' पद दे दिया जाता है। दूसरे सूत्रों में भी इसी शैली का अनुसरण किया गया है।

जिस प्रकार श्रमण भगवान् महावीर के पास दीक्षित होकर धन्य अनगार ने पारणा के दिन ही आचाम्लव्रत धारण किया था इसी प्रकार सुनक्षत्र अनगार ने भी किया। जिस प्रकार 'व्याख्या-प्रज्ञप्ति' के द्वितीय शतक में स्कन्दक अनगार ने श्रमण भगवान् के पास दीक्षित होकर तप द्वारा अपना शरीर कृश किया था उसी प्रकार सुनक्षत्र अनगार का शरीर भी तप से कृश हो गया।

इस सूत्र से हमें यह शिक्षा मिलती है कि जब कोई अपना समीचीन लक्ष्य स्थिर कर ले तो उसकी प्राप्ति के लिये उसको सदैव प्रयत्न-शील रहना चाहिये और दृढ संकल्प कर लेना चाहिये कि वह उस पद की प्राप्ति करने में बड़े से बड़े कष्ट को भी तुच्छ समझेगा और अपने प्रयत्न में कोई भी शिथिलता नहीं आने देगा। जब तक कोई ऐसा दृढ़ संकल्प नहीं करता तब तक वह लक्ष्य तक नहीं पहुँच सकता। किन्तु जो अपने ध्येय की प्राप्ति के लिये एकाग्र चित्त से प्रयत्न करता है वह अवश्य और शीघ्र ही सफलता प्राप्त कर लेता है।

२०—तेणं कालेणं तेणं समएणं रायगिहे नयरे, गुणसिलए चेइए। सेणिए राया। सामी समोसढे। परिसा निग्गया। राया निग्गओ। धम्मकहा। राया पडिगओ। परिसा पडिगया।

तए णं तस्स सुणक्खत्तस्स अण्णया कयाइ पुव्वरत्तावरत्तकालसमयंसि धम्म-जागरियं जहा खंदयस्स। बहु वासा परियाओ। गोयम-पुच्छा। तहेव कहेइ जाव सव्वट्ठसिद्धे विमाणे देवत्ताए उववण्णे। तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई। से णं भंते! जाव महाविदेहे सिज्झिहिइ।

उस काल और उस समय में राजगृह नाम का एक नगर था। गुणशिलक नामक चैत्य था।

श्रेणिक राजा था। भगवान् महावीर पधारे। परिषदा निकली। राजा भी निकला। धर्मकथा हुई। राजा वापिस चला गया। परिषदा भी वापिस चली गई।

सुनक्षत्र ने प्रव्रज्या अंगीकार की। अनन्तर सुनक्षत्र ने अन्य किसी समय मध्य रात्रि में धर्म-जागरण करते हुए विचारणा की, जिस प्रकार स्कन्दक ने की थी। वहुत वर्षों तक संयम का पालन किया। गौतम की पृच्छा। यावत् सुनक्षत्र अनगार सर्वार्थसिद्ध विमान में देवरूप से उत्पन्न हुए। तेतीस सागरोपम की स्थिति हुई।

गौतम ने पूछा—"भगवन्! वह सुनक्षत्रदेव देवलोक से च्यवन कर कहाँ पैदा होगा?" यावत् 'गौतम! महाविदेह वर्ष से सिद्ध होगा।'

विवेचन—इस सूत्र में 'पूर्वरात्रापररात्रकाल' शब्द आया है जिसका अर्थ मध्य-रात्रि है। यही समय एक ऐसा है जब वातावरण एकदम प्रशान्त रहता है। अतः धर्म-जागरण करने वालों का चित्त इस समय एकाग्र हो जाता है और उसमें पूर्ण स्थिरता विद्यमान होती है। ऐसे ही समय में विचार-धारा वहुत स्वच्छ रहती है और मस्तिष्क में वहुत ऊंचे विचार उत्पन्न होते हैं। यही कारण है कि धन्य आदि अनगारों के उस समय के विचार उनको सन्मार्ग की ओर ले गये।

३-१० अध्ययन

इसिदास आदि

२१—एवं सुणक्खत्त-गमेणं सेसा वि अट्ठ भाणियव्वा। नवरं आणुपुव्वीए दोण्णि रायगिहे, दोण्णि साएए, दोण्णि वाणियग्गामे। नवमो हत्थिणापुरे। दसमो रायगिहे। नवण्हं भद्दाओ जणणीओ, नवण्हं वि बत्तीसओ दाओ। नवण्हं णिक्खमणं थावच्चापुत्तस्स सरिसं वेहल्लस्स पिया करेइ (णिक्खमणं)। छम्मासा वेहल्लए। नव धण्णे। सेसाणं बहू वासा। मासं संलेहणा। सव्वट्ठसिद्धे। सव्वे महाविदेहे सिज्झिस्संति। एवं दस अज्झयणाणि।

निक्षेप

इस प्रकार सुनक्षत्र की तरह शेष आठ कुमारों का वर्णन भी समझ लेना चाहिए। विशेष यह है कि अनुक्रम से दो राजगृह में, दो साकेत में, दो वाणिज्य ग्राम में, नववाँ हस्तिनापुर में और दसवाँ राजगृह में उत्पन्न हुआ। नौ की जननी भद्रा थी। नौ को बत्तीस-बत्तीस का दहेज दिया गया। नौ का निष्क्रमण थावच्चापुत्र की तरह जानना चाहिए। वेहल्ल का निष्क्रमण उस के पिता ने किया। छह मास की दीक्षा पर्याय वेहल्ल की, नौ मास की दीक्षा पर्याय धन्य की रही। शेष की पर्याय बहुत वर्षों की रही। सब की एक मास की संलेखना। सर्वार्थसिद्ध विमान में उपपात (जन्म)। सब महाविदेह क्षेत्र से सिद्ध होंगे। इस प्रकार दश अध्ययन पूर्ण हुए।

विवेचन—प्रस्तुत सूत्र उपसंहार-रूप है। इस सूत्र से सर्वप्रथम यही बोध मिलता है कि प्रत्येक शिष्य को देव-गुरु-धर्म के प्रतिपूर्ण रूप से अनुराग होना चाहिए और गुरु-भक्ति द्वारा सद्गुणों को प्रकट करना चाहिए। जैसे अन्तिम सूत्र में श्रीसुधर्मा स्वामी ने, उपसंहार करते हुए, श्रमण भगवान् महावीर के सद्गुणों को प्रकट किया है। वे अपने शिष्य जम्बू से कहते हैं कि हे जम्बू ! इस मूल को उन भगवान् ने प्रतिपादित किया है जो आदिकर हैं अर्थात् श्रुत-धर्म-सम्बन्धी शास्त्रों के अर्थ प्रणेता हैं, तीर्थङ्कर हैं अर्थात् (तरन्ति येन संसार-सागरमिति तीर्थम्-प्रवचनम्, तदव्यतिरेकादिह सङ्घ:-तीर्थम्, तस्य करणशीलत्वात्तीर्थकरस्तेन) जिसके द्वारा लोग संसार रूपी सागर से पार हो जाते हैं उसको तीर्थ कहते हैं। वह तीर्थ भगवत्प्रवचन है और उससे अभिन्न होने के कारण संघ भी तीर्थ कहलाता है। उसकी स्थापना करने वाले महापुरुष ने ही इस सूत्र के अर्थ का प्रकाश किया है। यह प्रकट करके आगम की प्रामाणिकता प्रकट की है। इसी उद्देश्य से सुधर्मा स्वामी भगवान् के 'नमोत्थु णं' में प्रदर्शित सब गुणों का दिग्दर्शन यहाँ कराते हैं। जब कोई व्यक्ति सर्वज्ञ और सर्वदर्शी हो जाता है उस समय वह अनन्त और अनुपम गुणों का धारण करने वाला हो जाता है। उसके पथ का अनुसरण करने वाला भी एक दिन उसी रूप में परिणत हो सकता है। अत: प्रत्येक व्यक्ति को उनका अनुकरण यथाशक्ति अवश्य करना चाहिए। भगवान् हमें संसार-सागर में अभय प्रदान करने वाले हैं और शरण देने वाले हैं अर्थात् (शरणम्-त्राणम्, अज्ञानोपहतानां तद्रक्षास्थानम्, तच्च परमार्थतो निर्वाणम्; तद्ददाति इति शरणद:) अज्ञान-विमूढ व्यक्तियों की एकमात्र रक्षा के स्थान निर्वाण को देने वाले हैं,

जिसको प्राप्त कर आत्मा सिद्ध-पद में अपने प्रदेश में स्थित हो जाता है। भगवान् को 'अप्रतिहत-ज्ञान-दर्शन-धर' भी बताया गया है। उसका अभिप्राय यह है—

(अप्रतिहते कटकुडचपर्वतादिभिरस्खलितेऽविसंवादके वा क्षायित्वाद् वरे-प्रधाने ज्ञान-दर्शने केवललक्षणे धारयतीति-अप्रतिहतवरज्ञान-दर्शनधरस्तेन) अर्थात् किसी प्रकार से भी स्खलित न होने वाले सर्वोत्तम केवलज्ञान और केवलदर्शन को धारण करने वाले सर्वज्ञ और सर्वदर्शी भगवान् की जब शुद्ध चित्त से भक्ति की जायेगी तो आत्मा अवश्य ही निर्वाण-पद प्राप्त कर तन्मय हो जायेगा। ध्यान रहे कि इस पद की प्राप्ति के लिये सम्यग्ज्ञान-दर्शन और चारित्र के सेवन की अत्यन्त आवश्यकता है। जब हम किसी व्यक्ति की भक्ति करते हैं तो हमारा ध्येय सदैव उसीके समान बनने का होना चाहिए। तभी हम उसमें सफल हो सकते हैं। पहले कहा जा चुका है कि कर्म ही संसार का कारण हैं। उनका क्षय करना मुमुक्षु का पहला ध्येय होना चाहिए। जब तक कर्म अवशिष्ट रहते हैं तब तक निर्वाण-रूप अलौकिक पद की प्राप्ति नहीं हो सकती। उन का क्षय या तो विपाकानुभव (उपभोग) से होता है या तप रूपी अग्नि के द्वारा। उपभोग के ऊपर ही निर्भर रहा जाय तो उन का सर्वथा नाश कभी नहीं हो सकता। क्योंकि उनके उपभोग के साथ-साथ नये-नये कर्म सञ्चित होते रहते हैं। अतः तपोऽग्नि से ही उन का क्षय करना चाहिए। अतः स्पष्ट है कि सम्यग्दर्शन के साथ-साथ सम्यग्ज्ञान और सम्यक् चरित्र का तथा विशेषतः तप का आसेवन आवश्यक है।

इस प्रकार ज्ञान और चारित्र की सहायता से धन्य अनगार और उन के समान अन्य महापुरुप या तो सम्पूर्ण कर्मों के क्षीण होने पर मुक्ति प्राप्त करते हैं अथवा कुछ कर्म शेष रह जाएँ और आयुष्य समाप्त हो जाए तो अनुत्तर विमानों में देव रूप से उत्पन्न होते हैं। जो इन विमानों में उत्पन्न होते हैं वे अवश्य ही एक-दो भवों में मोक्ष-गामी होते हैं। अतएव प्रस्तुत आगम में उन्हीं महान् व्यक्तियों का वर्णन किया गया है, जो उक्त विमानों में उत्पन्न हुए हैं।

इस सूत्र से अन्तिम शिक्षा यह प्राप्त होती है कि उक्त महर्षियों ने महाघोर तप करते हुए भी एकादशाङ्ग सूत्रों का अध्ययन किया। अतः प्रत्येक साधक को योग्यतापूर्वक शास्त्राध्ययन में प्रयत्नशील होना चाहिए, जिससे वह अनुक्रम से निर्वाण-पद की प्राप्ति कर सके।

निक्षेप

२२—एवं खलु जंबू ! समणेणं भगवया महावीरेणं आइगरेणं तित्थगरेणं सयंसंबुद्धेणं लोगणाहेणं लोगप्पदीवेणं लोगप्पज्जोयगरेणं अभयदएणं सरणदएणं चक्खुदएणं मग्गदएणं धम्मदएणं धम्मदेसएणं धम्मवरचाउरंतचक्कवट्टिणा अप्पडिहय-वर-णाण-दंसणधरेणं जिणेणं जावएणं बुद्धेणं बोहएणं मुत्तेणं मोयएणं तिण्णेणं तारएणं, सिवं अयलं अरुयं अणंतं अक्खयं अव्वाबाहं अपुणरावत्तयं सिद्धिगइणामधेयं ठाणं संपत्तेणं अणुत्तरोववाइयदसाणं तच्चस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णत्ते।

आर्य सुधर्मा ने कहा—"हे जम्बू ! धर्म की आदि करने वाले, धर्म-तीर्थ की स्थापना करने वाले, स्वयं ही सम्यग् बोध को पाने वाले, लोक के नाथ, लोक में प्रदीप, लोक में प्रद्योत करने वाले, अभय देने वाले, शरण के दाता, नेत्र देने वाले, धर्म-मार्ग के दाता, धर्म के दाता, धर्म के उपदेशक, धर्म के उत्तम आचरण द्वारा चार गति का अन्त करने वाले धर्म-चक्रवर्ती, अप्रतिहत तथा श्रेष्ठ ज्ञान-दर्शन के धर्ता, स्वयं राग-द्वेष के विजेता, अन्यों को राग-द्वेष पर विजय दिलाने वाले, स्वयं बोध को

पाने वाले तथा दूसरों को बोध देने वाले, स्वयं मुक्त तथा दूसरों को मुक्त करने वाले, स्वयं तिरे हुए तथा दूसरों को तारने वाले, तथा उपद्रव रहित, अचल, रोग-रहित, अन्त-रहित अक्षय, बाधा-रहित एवं पुनरागमन से रहित, सिद्धिगतिनामक स्थान को समीचीनता से प्राप्त करने वाले श्रमण भगवान् महावीर ने अनुत्तरौपपातिक दशा के तृतीय वर्ग का यह अर्थ कहा है।

परिशेष

अणुत्तरोववाइयदसाणं एगो सुयक्खंधो। तिण्णि वग्गा। तिसु चेव दिवसेसु उद्दिसिज्जंति। तत्थ पढमे वग्गे दस उद्देसगा। बिइए वग्गे तेरस उद्देसगा। तइए वग्गे दस उद्देसगा। सेसं जहा नायाधम्मकहाणं तहा नेयव्वं।

अनुत्तरौपपातिक दशा का एक श्रुत-स्कन्ध है। तीन वर्ग हैं। तीन दिनों में उद्दिष्ट होता है—अर्थात् पढ़ाया जाता है। उसके प्रथम वर्ग में दश उद्देशक हैं, द्वितीय वर्ग में तेरह उद्देशक हैं, तृतीय वर्ग में दश उद्देशक हैं। शेष वर्णन जो प्रस्तुत अंग में साक्षात् रूप से नहीं कहा गया है, उसे ज्ञाताधर्मकथासूत्र के समान समझ लेना चाहिए।

विवेचन—यहाँ कहना केवल इतना ही है कि प्रस्तुत आगम में बार-बार स्कन्दक अनगार को उदाहरण-रूप में उपस्थित किया गया है। उनका वर्णन हमें कहाँ से प्राप्त हो? तथा थावच्चापुत्र के विषय में भी यही कहा जा सकता है। उत्तर यह है कि प्रथम अर्थात् स्कन्दक मुनि का वर्णन पञ्चम अङ्ग भगवती के द्वितीय शतक में आया है और थावच्चापुत्र का वर्णन छठे अङ्ग के पञ्चम अध्ययन में है। यह 'अनुरौपपातिक सूत्र' नौवाँ अङ्ग है। अतः सूत्रकार ने उसी वर्णन को यहाँ पर दोहराना उचित न समझ कर केवल दोनों का उल्लेखमात्र करके बात समाप्त कर दी है। पाठकों को इनके विषय में पूरा ज्ञान प्राप्त करने के लिये उक्त सूत्रों का अवश्य अध्ययन करना चाहिये। यहां श्री श्रमण भगवान् महावीर के पास धर्म-कथा सुनने को जाना, वहाँ वैराग्य की उत्पत्ति, दीक्षा-महोत्सव, परम उच्चकोटि का तपः कर्म, शरीर का कृश होना, उसी के कारण अर्ध रात्रि में धर्म-जागरण करते हुए अनशन व्रत की भावना का उत्पन्न होना, अनशन कर सर्वार्थ-सिद्ध विमान में उत्पन्न होना, भविष्य में महाविदेह क्षेत्र में उत्पन्न होकर सिद्ध-गति प्राप्त करना इत्यादि विषयों का संक्षेप में कथन किया गया है।

परिशिष्ट

- टिप्पण
- कोष्ठक—प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग
- पारिभाषिक शब्द-कोष
- अव्यय-पद-संकलना
- क्रिया-पद-संकलना
- शब्दार्थ

टिप्पण

राजगृह

राजगृह, भारत का एक सुन्दर, समृद्ध और वैभवशाली नगर था। मगध जन-पद की राजधानी तथा जैन-संस्कृति और बौद्ध-संस्कृति का मुख्य केन्द्र था। इस पुण्यधाम पावन नगर में भगवान् महावीर ने १४ वर्षावास किये थे तथा दो-सौ से अधिक समवसरण हुए थे। हजारों लाखों मानवों ने यहाँ पर भगवान् महावीर की वाणी श्रवण की थी और श्रावक-धर्म तथा श्रमण-धर्म स्वीकृत किया था। यह नगर प्राचीन युग में क्षितिप्रतिष्ठित नाम से प्रसिद्ध था, उसके क्षीण होने के वाद वहीं पर ऋषभपुर नगर वसा। उसके नष्ट होने पर कुशाग्रपुर नगर वसा। जव यह नगर भी जल गया तव राजा श्रेणिक के पिता राजा प्रसेनजित ने राजगृह वसाया, जो वर्तमान में "राजगिर" नाम से प्रसिद्ध है। इसका दूसरा नाम गिरिव्रज भी था, क्योंकि इसके आस-पास पाँच पर्वत हैं। राजगिर विहार प्रान्त में पटना से पूर्व-दक्षिण और गया से पूर्वोत्तर में स्थित है। बौद्ध ग्रन्थों में भी राजगृह का वार-वार उल्लेख उपलव्ध होता है।

सुधर्मा

भगवान् महावीर के पंचम गणधर, और जम्बू स्वामी के गुरु थे। उनका पूर्व परिचय इस प्रकार है—वे कोल्लाग संनिवेश के रहने वाले, अग्निवैश्यायन गोत्रीय व्राह्मण थे। इनके पिता का नाम धम्मिल, तथा माता का नाम भद्दिला था। वे वेद के प्रखर ज्ञाता और अनेक विद्याओं के परम विज्ञाता थे। पाँच-सौ शिष्यों के पूजनीय वन्दनीय और आदरणीय गुरु थे। जन्मान्तर-सादृश्यवाद में उनको विश्वास था। "पुरुषो वै पुरुषत्वमश्नुते पशवः पशुत्वम्" अर्थात् मरणोत्तर जीवन में पुरुष, पुरुष ही होता है, और पशु, पशु रूप में ही जन्म लेता है। साथ ही सुधर्मा को वेदों में जन्मान्तर वैसादृश्य-वाद के समर्थक वाक्य भी मिलते थे, जैसे—"शृगालो वै एष जायते, यः सपुरीषो दह्यते"। सुधर्मा दोनों प्रकार के परस्पर विरुद्ध वाक्यों से संशय-ग्रस्त हो गये थे।

भगवान् महावीर ने पूर्वापर वेद-वाक्यों का समन्वय करके जन्मान्तर-वैसादृश्य सिद्ध कर दिया। अपनी शंका का सम्यक् समाधान हो जाने पर सुधर्मा को भगवान् ने वेदवाक्यों से ही समझाया, उनकी भ्रान्ति का निवारण कर दिया। ५० वर्ष की आयु में उन्होंने दीक्षा ली, ४२ वर्ष तक वे छद्मस्थ रहे। महावीरनिर्वाण के १२ वर्ष वाद वे केवली हुए, और १८ वर्ष केवली अवस्था में रहे।

गणधरों में सुधर्मा स्वामी का पांचवाँ स्थान था। वे सभी गणधरों से दीर्घ-जीवी थे। अतः भगवान् ने तो उन्हें गण-समर्पण किया ही था किन्तु अन्य गणधरों ने भी अपने-अपने निर्वाण समय पर अपने-अपने गण सुधर्मा स्वामी को समर्पित किए थे। आगम में प्रायः सर्वत्र सुधर्मा का उल्लेख मिलता है।

जम्बू

आर्य सुधर्मा के परम शिष्य तथा आर्य प्रभव के प्रतिबोधक। आगमों में प्रायः सर्वत्र जम्बू एक परम जिज्ञासु के रूप में प्रतीत होते हैं।

जम्बू राजगृह नगर के समृद्ध, वैभवशाली-इभ्य-सेठ के पुत्र थे। पिता का नाम ऋषभदत्त और माता का नाम धारिणी था। जम्बू कुमार की माता ने जम्बू कुमार के जन्म से पूर्व स्वप्न में जम्बूवृक्ष देखा था, अतः पुत्र का नाम जम्बू कुमार रखा।

सुधर्मा स्वामी की दिव्य वाणी से जम्बू कुमार के मन में वैराग्य जागा। अनासक्त जम्बू को माता-पिता के अत्यन्त आग्रह से विवाह स्वीकृत करना पड़ा और आठ इभ्य-वर सेठों की कन्याओं के साथ विवाह करना पड़ा।

विवाह की प्रथम रात्रि में जम्बू कुमार अपनी आठ नव विवाहिता पत्नियों को प्रतिबोध दे रहे थे। उस समय एक चोर चोरी करने को आया। उसका नाम प्रभव था। जम्बू कुमार की वैराग्यपूर्ण वाणी श्रवण कर वह भी प्रतिबुद्ध हो गया।

५०१ चोर, ८ पत्नियाँ, पत्नियों के १६ माता-पिता, स्वयं के २ माता-पिता और स्वयं जम्बू कुमार—इस प्रकार ५२८ ने एक साथ सुधर्मा के पास दीक्षा ग्रहण की।

जम्बू कुमार १६ वर्ष गृहस्थ में रहे, २० वर्ष छद्मस्थ रहे, ४४ वर्ष केवली पर्याय में रहे। ८० वर्ष की आयु भोग कर जम्बू स्वामी अपने पाट पर प्रभव को स्थापित कर सिद्ध बुद्ध और मुक्त हुए। इस अवसर्पिणी काल के यही अन्तिम केवली थे।

अंग

साक्षात् जिनभाषित एवं गणधर-निबद्ध जैन सूत्र-साहित्य अंग कहलाता है। आचारांग से लेकर विपाकश्रुत तक के ग्यारह अंग तो अभी तक भी विद्यमान हैं, परन्तु वर्तमान में बारहवाँ अंग अनुपलब्ध है, जिसका नाम 'दृष्टिवाद' है। 'दृष्टिवाद'-चतुर्दश पूर्वधर आचार्य भद्रबाहु तथा दश पूर्वधर वज्रस्वामी के बाद में सारा पूर्व साहित्य अर्थात्; सारा 'दृष्टिवाद' विच्छिन्न हो गया।

अन्तकृत् दशा

यह आठवाँ अंग-सूत्र है, जिसमें अपनी आत्मा का अधिकाधिक विकास करके अपने वर्तमान जीवनकाल में ही सम्पूर्ण आत्म-सिद्धि का लाभ पाने वाले और अन्ततः मुक्त होने वाले साधकों की जीवन-चर्या का तपोमय सुन्दर वर्णन है।

अनुत्तरौपपातिक दशा

यह नवमा अंग-सूत्र है, जिसमें तेतीस महापुरुषों की तपोमय जीवन-चर्या का सुन्दर वर्णन है। धन्य अनगार की महती तपोमयी साधना का सांगोपांग वर्णन है। इस में वर्णित पुरुष अनुत्तरौपपाती हुए हैं, अर्थात् विजयादि अनुत्तर विमानों में उत्पन्न हुए हैं, और भविष्य में एक भव अर्थात्—मनुष्य-भव पाकर सिद्ध, बुद्ध और मुक्त होंगे।

गुणशिलक (गुणशील)-चैत्य

राजगृह नगर के वाहर ईशानकोण में एक चैत्य (उद्यान) था।

राजगृह के वाहर अन्य वहुत से उद्यान होंगे, परन्तु भगवान् महावीर गुणशिलक उद्यान में ही विराजित होते थे।

यहाँ पर भगवान् के समक्ष सैकड़ों श्रमण और श्रमणियाँ तथा हजारों श्रावक-श्राविकाएं वनी थीं। वर्तमान में 'गुणावा' जो नवादा स्टेशन से लगभग तीन मील पर है, प्राचीन काल का यही गुण-शिलक चैत्य माना जाता है।

श्रेणिक राजा

मगध देश का सम्राट् था। अनाथी मुनि से प्रतिवोधित होकर भगवान् महावीर का परम भक्त हो गया था। ऐसी एक जन-श्रुति है।

राजा श्रेणिक का वर्णन जैन ग्रन्थों तथा वौद्ध ग्रन्थों में प्रचुर मात्रा में मिलता है।

इतिहासकार कहते हैं कि श्रेणिक राजा हैहय कुल और शिशुनाग वंश का था।

वौद्ध ग्रन्थों में 'सेनिय' और 'विंविसार' ये दो नाम मिलते हैं। जैन ग्रन्थों में 'सेणिय, भिंभसार और भंभासार नाम उपलब्ध हैं।

भिंभसार और भंभासार नाम कैसे पड़ा ? इस सम्वन्ध में श्रेणिक के जीवन का एक सुन्दर प्रसंग है—

श्रेणिक के पिता राजा प्रसेनजित कुशाग्रपुर में राज्य करते थे। एक दिन की वात है, राजप्रासाद में सहसा आग लग गई। हरेक राजकुमार अपनी-अपनी प्रिय वस्तु लेकर वाहर भागा। कोई गज लेकर, तो कोई अश्व लेकर, कोई रत्नमणि लेकर। परन्तु श्रेणिक मात्र एक "भंभा" लेकर ही वाहर निकला था।

श्रेणिक को देखकर दूसरे भाई हँस रहे थे, पर पिता प्रसेनजित प्रसन्न थे; क्योंकि श्रेणिक ने अन्य सव कुछ छोड़कर एकमात्र राज्यचिह्न की रक्षा की थी।

इस पर राजा प्रसेनजित ने उसका नाम 'भिंभसार', या 'भंभासार' रखा। भिंभसार शव्द ही संभवतः आगे चलकर उच्चारण भेद से विंवसार वन गया।

धारिणी देवी

श्रेणिक राजा की पटरानी थी। धारिणी का उल्लेख आगमों में प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

संस्कृत साहित्य के नाटकों में प्रायः राजा की सवसे वड़ी रानी के नाम के आगे 'देवी' विशेषण लगाया जाता है, जिसका अर्थ होता है—रानियों में सवसे वड़ी अभिषिक्त रानी, अर्थात्—पटरानी।

राजा श्रेणिक की अनेक रानियाँ थीं, उनमें धारिणी मुख्य थी। इसीलिए धारिणी के आगे 'देवी' विशेषण लगाया गया है। देवी का अर्थ है—पूज्या।

मेघकुमार इसी धारिणी देवी का पुत्र था, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण की थी।

सिंह-स्वप्न

किसी महापुरुष के गर्भ में आने पर उसकी माता कोई श्रेष्ठ स्वप्न देखती है। इस प्रकार का वर्णन भारतीय साहित्य में भरा पड़ा है। जैन साहित्य में और बौद्ध साहित्य में इस प्रकार के वर्णन प्रचुर मात्रा में हैं।

बुद्ध की माता माया देवी ने बुद्ध के गर्भ में आने पर रजत-राशि जैसा षड्दन्त गज देखा था।

तीर्थंकर एवं चक्रवर्ती की माता १४ महास्वप्न देखती है। वासुदेव की माता १४ में से कोई भी सात स्वप्न देखती है। बलदेव की माता कोई चार स्वप्न देखती है। इसी प्रकार माण्डलिक राजा की माता एक महास्वप्न देखती है।

सिंह का स्वप्न वीरतासूचक और मंगलमय माना गया है।

मेघकुमार

मगध सम्राट् श्रेणिक और धारिणी देवी का पुत्र था, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण की थी।

एक बार भगवान् महावीर राजगृह के गुणशिलक उद्यान में पधारे। मेघकुमार ने भी उपदेश सुना। माता-पिता से अनुमति लेकर भगवान् के पास दीक्षा ग्रहण की।

जिस दिन दीक्षा ग्रहण की, उसी रात को मुनियों के यातायात से, पैरों की रज और ठोकर लगने से मेघ मुनि व्याकुल हो गए।

भगवान् ने उन्हें पूर्वभवों का स्मरण कराते हुए संयम में धृति रखने का उपदेश दिया, जिससे मेघ मुनि संयम में स्थिर हो गए।

एक मास की संलेखना की। सर्वार्थसिद्ध विमान में देवरूप से उत्पन्न हुए। महाविदेह वास से सिद्ध होंगे।

—ज्ञातासूत्र, अध्ययन १.

स्कन्दक

स्कन्दक संन्यासी श्रावस्ती नगरी के रहने वाले गर्दभालि परिव्राजक के शिष्य और गौतम स्वामी के पूर्व मित्र थे। भगवान् महावीर के शिष्य पिंगलक निर्ग्रन्थ के प्रश्नों का उत्तर नहीं दे सके; फलतः श्रावस्ती के लोगों से जब सुना कि भगवान् महावीर यहाँ पधारे हैं तो उन के पास जा पहुँचे। समाधान मिलने पर वह भगवान् के शिष्य हो गए।

स्कन्दक मुनि ने स्थविरों के पास रहकर ११ अंगों का अध्ययन किया। भिक्षु की १२ प्रतिमाओं की क्रम से साधना की, आराधना की। गुणरत्न संवत्सर तप किया। शरीर दुर्बल, क्षीण और अशक्त हो गया। अन्त में राजगृह के समीप विपुल-गिरि पर जाकर एक मास की संलेखना की। काल करके १२ वें देवलोक में गए। महाविदेह वास से सिद्ध होंगे।

स्कन्दक मुनि की दीक्षा पर्याय १२ वर्ष की थी।

—भगवती शतक २. उद्देश १.

गौतम (इन्द्रभूति)

आपका मूल नाम इन्द्रभूति है, परन्तु गोत्रत: गौतम नाम से आवाल-वृद्ध प्रसिद्ध हैं।

गौतम, भगवान् महावीर के सबसे बड़े शिष्य थे। भगवान् के धर्म-शासन के यह कुशल शास्ता थे, प्रथम गणधर थे।

मगध देश के गोवर ग्राम के रहने वाले, गौतम गोत्रीय ब्राह्मण वसुभूति के यह ज्येष्ठ पुत्र थे। इनकी माता का नाम पृथिवी था।

इन्द्रभूति वैदिक धर्म के प्रखर विद्वान् थे, गंभीर विचारक थे, महान् तत्त्ववेत्ता थे।

एक वार इन्द्रभूति सोमिल आर्य के निमन्त्रण पर पावापुरी में होने वाले यज्ञोत्सव में गए थे। उसी अवसर पर भगवान् महावीर भी पावापुरी के वाहर महासेन उद्यान में पधारे हुए थे। भगवान् की महिमा को देखकर इन्द्रभूति उन्हें पराजित करने की भावना से भगवान् के समवसरण में आये। किन्तु वे स्वयं ही पराजित हो गये। अपने मन का संशय दूर हो जाने पर वे अपने पांच-सौ शिष्यों सहित भगवान् के शिष्य हो गये। गौतम प्रथम गणधर हुए।

आगमों में और आगमोत्तर साहित्य में गौतम के जीवन के सम्वन्ध में वहुत कुछ लिखा मिलता है।

इन्द्रभूति गौतम दीक्षा के समय ५० वर्ष के थे। ३० वर्ष साधु पर्याय में और १२ वर्ष केवली पर्याय में रहे। अपने निर्वाण के समय अपना गण सुधर्मा को सौंपकर गुणशिलक चैत्य में मासिक अनशन करके भगवान् के निर्वाण से १२ वर्ष वाद ९२ वर्ष की अवस्था में निर्वाण को प्राप्त हुए।

शास्त्रों में गणधर गौतम का परिचय इस प्रकार का दिया गया है। वे भगवान् के ज्येष्ठ शिष्य थे। सात हाथ ऊँचे थे। उनके शरीर का संस्थान और संहनन उत्कृष्ट प्रकार का था। सुवर्ण-रेखा के समान गौर वर्ण थे। उग्र तपस्वी, महातपस्वी, घोरतपस्वी, घोर ब्रह्मचारी, और विपुलतेजोलेश्या से सम्पन्न थे। शरीर में अनासक्त थे। चौदह पूर्वधर थे। मति, श्रुत, अवधि और मन: पर्याय—चार ज्ञान के धारक थे। सर्वाक्षरसन्निपाती थे। वे भगवान् महावीर के समीप में उक्कुड आसन से नीचा सिर करके वैठते थे। ध्यानमुद्रा में स्थिर रहते हुए, संयम और तप से आत्मा को भावित करते विचरते थे।

गणधर गौतम के जीवन की एक विशिष्ट घटना का उल्लेख इस प्रकार है—

उपासकदशांग में वर्णन है कि जव आनन्द श्रावक ने अपने को अमुक मर्यादा तक के अवधि-ज्ञान प्राप्ति की वात उनसे कही तो उन्होंने कहा—इतनी मर्यादा तक का अवधिज्ञान श्रावक को नहीं हो सकता। तव आनन्द ने कहा—मुझे इतना स्पष्ट दीख रहा है। अत: मेरा कथन सद्भूत है। यह सुनकर गणधर गौतम शंकित हो गए और अपनी शंका का निवारण करने के लिए भगवान् के पास पहुँचे। भगवान् ने आनन्द की वात को सही वताया, और आनन्द श्रावक से क्षमापना करने को कहा। गौतम स्वामी ने आनन्द के समीप जाकर क्षमायाचना की।

विपाकसूत्र में मृगापुत्र राजकुमार का जीवन वर्णित है। उसमें उसे भयंकर रोगग्रस्त कहा गया है। उसके शरीर से असह्य दुर्गन्ध आती थी, जिससे उसे तल घर में रखा जाता था। एक वार गणधर गौतम मृगापुत्र को देखने गए। उसकी वीभत्स रुग्ण अवस्था देखकर चार ज्ञान के धारक,

चतुर्दशपूर्वी और द्वादशांग वाणी के प्रणेता गणधर गौतम ने कहा—"मैंने नरक तो नहीं देखे, किन्तु यही नरक है।"
—विपाकसूत्र

गौतम के सम्बन्ध में एक और घटना प्रचलित है, जिसका उल्लेख मूल में तो नहीं, किन्तु उत्तरकालीन साहित्य में है।

उत्तराध्ययन सूत्र के १० वें अध्ययन की निर्युक्ति में भगवान् महावीर के मुख से इस प्रकार कहलवाया गया है—कि "अष्टापद सिद्ध पर्वत है, अतः जो चरम शरीरी है, वही उस पर चढ़ सकता है, दूसरा नहीं," भगवान् का उक्त कथन सुनकर जव देव समवसरण से बाहर निकले, तब 'अष्टापद सिद्ध पर्वत हैं' ऐसी आपस में चर्चा कर रहे थे। गौतम गणधर ने देवों की यह वातचीत सुनी। गणधर गौतम द्वारा प्रतिवोधित शिष्यों को केवलज्ञान हो जाता था, पर गौतम को नहीं होता था, इससे गौतम खिन्न हो गए। तव भगवान् ने कहा—'गौतम ! मेरे शरीर त्याग के पश्चात् मैं और तुम समान हो जाएँगे। तू अधीर मत वन।'

इस प्रकार भगवान् के कहने पर भी गौतम को संतुष्टि न हुई, अधृति वनी ही रही। भगवान् की उक्त वात सुनने पर भी गणधर गौतम अष्टापद पर गए, और जब वहाँ से लौटकर भगवान् के पास आए, तव भगवान् ने कहा —

"किं देवाणं वयणं गिज्झं अहवा जिणवराणं ?"

अर्थात् देवों का वचन मान्य है, अथवा जिनवरों का ?

भगवान् के इस कथन को सुनकर गौतम ने अपने आचरण के लिए क्षमा मांगी।

—पाइय टीका, पृ. ३२३

उत्तराध्ययन के टीकाकार आचार्य नेमिचन्द्र ने भी गौतम की अष्टापद-सम्वन्धी उक्त कथा का अवतरण लिया है। उसमें लिखा है कि—"तत्थ गोयमसामिस्स सम्मत्तमोहणीयकम्मोदयवसेण चिंता जाया "मा णं न सेज्झिज्जामि" त्ति।'
—नेमिचन्द्र टीका, पृ. १५४

भगवान् के निश्चित आश्वासन देने पर भी गणधर गौतम को सम्यक्त्वमोहनीय कर्म के उदय से इस प्रकार की चिन्ता हो गई थी, कि कदाचित् मैं सिद्ध पद न पा सकूंगा। उक्त चिन्ता के निवारण के लिए ही वे अष्टापद पर गए।

गणधर गौतम के जीवन-सम्बन्ध में अनेक वर्णन उपलब्ध हैं। विद्वान् विचारकों एवं संशोधकों को उक्त प्रसंगों के तथ्यातथ्य का ऐतिहासिक दृष्टि से अनुसंधान करना चाहिए।

कुछ भी हो, किन्तु यह एक सुनिश्चित तथ्य है कि इन्द्रभूति गौतम सत्य के महान् शोधक थे। अपना सव कुछ भूलकर वह भगवान् के चरणों में ही सर्वतोभाव से समर्पित हो गए थे।

चेल्लणा

राजा श्रेणिक की रानी और वैशाली के अधिपति चेटक राजा की पुत्री।

चेल्लणा सुन्दरी, गुणवती, बुद्धिमती, धर्मप्राणा नारी थी। श्रेणिक राजा को धार्मिक वनाने में—जैनधर्म के प्रति अनुरक्त करने में चेल्लणा का वहुत वड़ा योग था।

चेल्लणा का राजा श्रेणिक के प्रति कितना प्रगाढ़ अनुराग था इसका प्रमाण "निरयावलिका" में मिलता है। कोणिक, हल्ल और विहल्ल—ये तीनों चेल्लणा के पुत्र थे।

—जैनागमकथाकोप

नन्दा

श्रेणिक की रानी थी। उसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ग्रहण की। ११ अंगों का अध्ययन किया। २० वर्ष तक संयम का पालन किया। अन्त में संथारा करके मोक्ष प्राप्त किया।

विपुलगिरि

राजगृह नगर के समीप का एक पर्वत। आगमों में अनेक स्थलों पर इसका उल्लेख मिलता है। वहुत से साधकों ने यहाँ पर संलेखना व संथारा किया था। स्थविरों की देखरेख में घोर तपस्वी यहाँ आकर संलेखना करते थे।

जैन ग्रंथों में इन पांच पर्वतों का उल्लेख मिलता है :

१, वैभारगिरि
२. विपुलगिरि
३. उदयगिरि
४. सुवर्णगिरि
५. रत्नगिरि

महाभारत में पांच पर्वतों के नाम ये हैं—वैभार, वाराह, वृषभ, ऋषिगिरि और चैत्यक।

वायुपुराण में भी पांच पर्वतों का उल्लेख मिलता है। जैसे—वैभार, विपुल, रत्नकूट, गिरिव्रज और रत्नाचल।

भगवती सूत्र के शतक २, उद्देश ५ में राजगृह के वैभार पर्वत के नीचे महातपोपतीरप्रभव नाम के उष्णजलमय प्रस्रवण—निर्झर का उल्लेख है जो आज भी विद्यमान है।

वौद्ध ग्रन्थों में इस निर्झर का नाम 'तपोद' मिलता है, जो सम्भवत: 'तप्तोदक' से वना होगा।

चीनी यात्री फाहियान ने भी इसको देखा था।

उक्कमेणं सेसा : उत्क्रमेण शेषा

"अनुक्रम और उत्क्रम"। अनुक्रम का अर्थ है, नीचे ने ऊपर की ओर क्रमशः बढ़ना, तथा उत्क्रम का अर्थ है, ऊपर से नीचे की ओर क्रमश: उतरना। अनुक्रम को (In Serial Order) कहते हैं, तथा उत्क्रम को (In the Upward Order) कहते हैं।

अनुत्तरौपपातिकदशा के प्रथम वर्ग के प्रथम अध्ययन में दश कुमारों के देवलोक सम्वन्धी उपपात=जन्म (Rebirth) वर्णन किया गया है, जो इस प्रकार है—

जालि, मयालि, उपजालि, पुरुषसेन तथा वारिषेण अनुक्रम से—विजय, वैजयन्त, जयन्त, अपराजित और सर्वार्थसिद्ध में उत्पन्न हुए।

दीर्घदन्त सर्वार्थसिद्ध में उत्पन्न हुआ।

शेष चार उत्क्रम से उत्पन्न हुए, जैसे कि—अपराजित में लष्टदन्त, जयन्त में वेहल्ल, वैजयन्त में वेहायस विजय में अभय।

उक्त दश कुमारों के सम्बन्ध में शेष वर्णन प्रथम अध्ययन में वर्णित जालिकुमार के वर्णन के समान समझ लेना चाहिए।

लट्ठदन्त

इस नाम का उल्लेख प्रथम वर्ग में भी आ चुका है। वहाँ माता धारिणी तथा पिता श्रेणिक है, और उपपात जयंतविमान में बताया है। द्वितीय वर्ग में भी लट्ठदन्त नामका उल्लेख आता है, और वहाँ भी माता धारिणी तथा पिता श्रेणिक ही हैं, तथा उपपात वैजयन्त विमान में बताया है। प्रश्न होता है, कि क्या यह लट्ठदन्त एक ही व्यक्ति का नाम है, या भिन्न व्यक्तियों का एक ही नाम है? एक व्यक्ति का नाम होने पर किसी भी तरह संगति नहीं बैठ सकती। एक व्यक्ति का अलग-अलग उपपात नहीं हो सकता। और संख्या प्रथम वर्ग की १० और इस वर्ग की १३ दोनों मिलकर २३ होनी चाहिए, यह भी एक व्यक्ति मानने पर कैसे हो सकता है? 'श्रमण भगवान् महावीर' के लेखक पुरातत्त्ववेत्ता आचार्य कल्याणविजयजी ने अपनी उक्त पुस्तक के पृ. ६३ पर तीर्थंकर जीवन वाले प्रकरण में लिखा है—"श्रेणिक की उपर्युक्त घोषणा का बड़ा सुन्दर प्रभाव पड़ा। अन्यान्य नागरिकों के अतिरिक्त जालिकुमार, मयालि, उपयालि, पुरुषसेन, वारिषेण, दीर्घदन्त, लष्टदन्त, वेहल्ल, वेहास, अभय, दीर्घसेन, महासेन, लष्टदन्त, गूढदन्त, शुद्धदन्त, हल्ल, द्रुम, द्रुमसेन, महाद्रुमसेन, सिंह, सिंहसेन, महासिंहसेन तथा पूर्णसेन—श्रेणिक के इन तेईस पुत्रों और नन्दा, नन्दामती, नन्दोत्तरा, नन्दसेणिया, मरुया, सुमरुता, महामरुता, मरुदेवा, भद्रा, सुभद्रा, सुजाता, सुमना और भूतदत्ता नाम की श्रेणिक की तेरह रानियों ने प्रव्रजित होकर भगवान् महावीर के श्रमणसंघ में प्रवेश किया।" अस्तु, विभिन्न स्थलों पर आया लष्टदन्त नाम किसी एक व्यक्ति का न होकर भिन्न व्यक्ति का होने से ही सूत्रोक्त उल्लेख संगति पा सकता है।

इस सम्बन्ध में विशेष गम्भीरता से सोचने पर जो संगति मालूम हुई है, वह इस प्रकार है:—

प्राकृत शब्द के संस्कृत में भिन्न-भिन्न उच्चारण हो सकते हैं: जैसे 'कय' का संस्कृतरूपान्तर कज, कच, कृत। 'कइ' का कपि, कवि। 'पुण्ण' का पुण्य अथवा पूर्ण। इसी प्रकार 'लट्ठदन्त' शब्द के भिन्न-भिन्न उच्चारण होना असंगत नहीं। जैसे कि लष्टदन्त एवं राष्ट्रदान्त। लष्टदन्त का अर्थ है—मनोहर दांत वाला। दूसरे उच्चारण राष्ट्रदान्त का अर्थ है, जिसने राष्ट्र का दमन किया हुआ है अर्थात् जिसने राष्ट्र—देश को अपने वश में किया हुआ है। एक नाम 'पुण्णसेण' भी आता है, जिस प्रकार उसके पुण्यसेन अथवा पूर्णसेन ऐसे दो उच्चारण असंगत नहीं, इसी प्रकार प्रस्तुत प्रथम वर्ग में और द्वितीय वर्ग में आए हुए 'लट्ठदन्त' शब्द के 'लष्टदन्त' तथा 'राष्ट्रदन्त' ऐसे भिन्न-भिन्न उच्चारण असंगत नहीं। इस प्रकार विचार करने से लट्ठदन्त नामके दो व्यक्तिओं की संभावना की जा सकती है, और इसी तरह से ३३ की संख्या में संगति हो सकती है।

इसके सम्बन्ध में एक दूसरी युक्ति भी है, वह यह है:—

पिता का नाम तो एक श्रेणिक ही ठीक है, परन्तु माताएँ इन दोनों की अलग-अलग हो सकती हैं। यद्यपि दोनों की माता का नाम धारिणी मूलपाठ में दिया हुआ है, परन्तु ये धारिणी नाम वाली दो रानियां भी हो सकती हैं। श्रेणिक राजा के कई रानियां थीं यह तो निर्विवाद है, तो

दो रानियों का समान नाम भी होना असंभव नहीं। वर्त्तमान में भी कई कुटुम्बों में ऐसा होना बहुत सम्भवित है। हमारे एक परिचित पंजाबी जैन घराने में दो भाइयों की पत्नियों का एक ही नाम 'निर्मला' है, तब एक बड़ी निर्मला और एक छोटी निर्मला ऐसा विभाग करके व्यवहार चलाया जाता है। इसी प्रकार राजा श्रेणिक की समान नाम वाली दो रानियाँ मान लेने से प्रथम वर्ग के लट्ठदन्त की माता अन्य धारिणी थी और द्वितीय वर्ग के लट्ठदन्त की माता कोई दूसरी धारिणी थी, ऐसा समझ लेने पर एक जैसा नाम पुत्रों का हो और माताएं अलग अलग हों यह समाधान भी असंगत नहीं बल्कि संगत और संभव है। अथवा एक धारिणी के ही लट्ठदंत नाम के दो पुत्र हो सकते हैं। तात्पर्य यह कि किसी भी प्रकार से दो लट्ठदन्त होने चाहिए।

विशेषज्ञ इस सम्बन्ध में अन्य कोई समाधान उपस्थित करेंगे, तो उसका स्वागत होगा।

गुणसिलए : गुण-शिलक

'गुण-शिलक' शब्द में शिलक का 'शि' ह्रस्व है, यह ध्यान में रहे। 'गुणशिल' अथवा 'गुण-शिलक' शब्द का अर्थ इस प्रकार होना चाहिए :

'गुणप्रधानं शिलं यत्र तत् गुणशिलकम्'। 'शिल' अर्थात् खेत में पड़े हुए अनाज के कणों को—दानों को—एकत्रित करना।

जो लोग त्यागी, भिक्षु, मुनि और संन्यासी होते हैं, उनमें कुछ ऐसे भी होते हैं, कि वे अनाज के जो दाने खेत में स्वतः गिरे हुए मिलते हैं, उनको ही एकत्रित करके अपनी आजीविका चलाते रहते हैं।

इस प्रकार की चर्या से साधु संन्यासी का बोझ समाज पर कम पड़ता है। गुण प्रधान शिल जहां मिलता हो वह 'गुण-शिलक' है। शिल के द्वारा जीवन चलाने का नाम ऋत है।

शिल द्वारा अपना जीवनं व्यतीत करने वाले 'कणाद' नाम के एक ऋषि हो गए हैं। उनका 'कणाद' नाम, 'कणों' को—अनाज के दानों को—एकत्रित करके, 'अद' खानेवाला यथार्थ है।

'उञ्छं शिलं तु ऋतम्'—अमर कोश, १६ वैश्य वर्ग, काण्ड २ श्लोक २।

'कणिशाद्यर्जनं शिलम्, ऋत तत्'— अभिधान, मर्त्यका०, श्लोक ८६५-८६६।

'गुणसिल' शब्द की दूसरी व्युत्पत्ति इस प्रकार भी की जा सकती है, 'गुणाः शिरसि यस्य यस्मिन् वा तत् गुणशिरः।' इसका प्राकृत रूप गुणशिल सहज सिद्ध है। 'गुणसील' शब्द भी इस उद्यान के लिए प्रयुक्त होता है। उद्यान के गुणों के सदा विद्यमान रहने के कारण उसे 'गुणशील' भी कहा जाता है।

काकन्दी

जितशत्रु राजा की राजधानी। घोर तपस्वी धन्ना अनगार की जन्म-भूमि।

यह उत्तर भारत की प्राचीन और प्रसिद्ध नगरी थी। भगवान् महावीर के समय में इस नगरी में जितशत्रु राजा राज्य करता था।

काकन्दी नगरी के बाहर 'सहस्राम्रवन' नाम का एक सुन्दर उद्यान था। भगवान् का समवसरण यहीं पर लगा था। धन्य अनगार की दीक्षा भी इसी उद्यान में हुई थी।

'वर्तमान में, गोरखपुर से दक्षिण-पूर्व तीस मील पर और नूनखार स्टेशन से दो मील पर, कहीं काकन्दी रही होगी।'

सहस्संबवण

सहस्राम्रवन। आगमों में इस उद्यान का प्रचुर उल्लेख मिलता है। काकन्दी नगरी के बाहर भी इसी नाम का एक सुन्दर उद्यान था, जहां पर धन्यकुमार और सुनक्षत्रकुमार की दीक्षा हुई थी।

सहस्राम्रवन का उल्लेख निम्नलिखित नगरों के बाहर भी आता है:—

१. काकन्दी के बाहर।
२. गिरनार पर्वत पर।
३. काम्पिल्य नगर के बाहर।
४. पाण्डु मथुरा के बाहर।
५. मिथिला नगरी ने बाहर।
६. हस्तिनापुर के बाहर-आदि

जितशत्रु राजा

शत्रु को जीतने वाला। जिस प्रकार बौद्ध जातकों में प्राय: ब्रह्मदत्त राजा का नाम आता है, उसी प्रकार जैन-ग्रन्थों में प्राय: जितशत्रु राजा का नाम आता है। जितशत्रु के साथ प्राय: धारिणी का भी नाम आता है। किसी भी कथा के प्रारम्भ में किसी न किसी राजा का नाम बतलाना, कथाकारों की पुरातन पद्धति रही है।

इस नाम का भले ही कोई एक राजा न भी हो, तथापि कथाकार अपनी कथा के प्रारम्भ में इस नाम का उपयोग करता है। वैसे जैन साहित्य के कथा-ग्रन्थों में जितशत्रु राजा का उल्लेख बहुत आता है। निम्नलिखित नगरों के राजा का नाम जितशत्रु बताया गया है—

	नगर	राजा
१.	वाणिज्य ग्राम	जितशत्रु
२.	चम्पा नगरी	"
३.	उज्जयनी	"
४.	सर्वतोभद्र नगर	"
५.	मिथिला नगरी	"
६.	पांचाल देश	"
७.	आमलकल्पा नगरी	"
८.	सावत्थी नगरी	"
९.	वाणारसी नगरी	"
१०.	आलभिया नगरी	"
११.	पोलासपुर	"

भद्रा सार्थवाही

काकन्दी नगरी के वासी धन्यकुमार और सुनक्षत्रकुमार की माता।

काकन्दी नगरी में भद्रा सार्थवाही का वहुमान था। भद्रा के पति का उल्लेख नहीं मिलता।

भद्रा के साथ लगा सार्थवाही विशेषण यह सिद्ध करता है कि वह साधारण व्यापार ही नहीं अपितु सार्वजनिक कार्यों में भी महत्त्वपूर्ण भाग लेती होगी और देश तथा परदेश में वड़े पैमाने पर व्यापार करती रही होगी।

पंचधात्री

शिशु का लालन-पालन करने वाली पांच प्रकार की धाय माताएं।

शिशु-पालन भी मानवजीवन की एक कला है। एक महान् दायित्व भी है। किसी शिशु को जन्म देने मात्र से ही माता-पिता का गौरव नहीं होता। माता-पिता का वास्तविक गौरव शिशु के लालन-पालन की पद्धति से ही आंका जा सकता है।

प्राचीन साहित्य के अध्ययन से ज्ञात होता है कि प्राचीन काल में राजघरानों में और सम्पन्न घरों में शिशु-पालन के लिए धाय माताएं रखी जाती थीं, जिन्हें धात्री कहा जाता था। धाय माताएं पाँच प्रकार की हुआ करती थीं—

१. क्षीरधात्री—दूध पिलाने वाली।
२. मज्जनधात्री—स्नान कराने वाली।
३. मण्डनधात्री—साज-सिंगार कराने वाली।
४. क्रीडाधात्री—खेल-कूद कराने वाली, मनोरंजन कराने वाली।
५. अंकधात्री—गोद में रखने वाली।

महावल

वल राजा का पुत्र। सुदर्शन सेठ का जीव महावल कुमार। हस्तिनापुरनामक नगर का राजा वल और रानी प्रभावती थी। एक वार रात में अर्धनिद्रा में रानी ने देखा "एक सिंह आकाश से उतर कर मुख में प्रवेश रहा है।" सिंह का स्वप्न देखकर रानी जाग उठी, और राजा वल के शयन-कक्ष में जाकर स्वप्न सुनाया। राजाने मधुर स्वर में कहा—"स्वप्न वहुत अच्छा है। तेजस्वी पुत्र की तुम माता वनोगी।" प्रातः राजसभा में राजा ने स्वप्न पाठकों से भी स्वप्न का फल पूछा। स्वप्न-पाठकों ने कहा—"राजन्! स्वप्नशास्त्र में ४२ सामान्य और ३० महास्वप्न हैं, इस प्रकार कुल ७२ स्वप्न कहे हैं।

तीर्थंकरमाता और चक्रवर्तीमाता ३० महास्वप्नों में से इन १४ स्वप्नों को देखती हैं:

१. गज
२. वृषभ
३. सिंह
४. लक्ष्मी
५. पुष्पमाला

६. चन्द्र
६. सूर्य
८. ध्वजा
९. कुम्भ
१०. पद्मसरोवर
११. समुद्र
१२. विमान
१३. रत्नराशि
१४. निर्धूम अग्नि

राजन् ! प्रभावती देवी ने एक महास्वप्न देखा है। अतः इसका फल अर्थलाभ, भोगलाभ पुत्रलाभ और राज्यलाभ होगा।

कालान्तर में पुत्रजन्म हुआ, जिसका नाम महावलकुमार रखा गया।

कलाचार्य के पास ७२ कलाओं का अभ्यास करके महावल कुशल हो गया।

आठ राजकन्याओं के साथ महावल कुमार का विवाह किया गया। महावलकुमार भौतिक सुखों में लीन हो गया।

भगवान् का उपदेश श्रवण कर दीक्षित हो मुनिधर्म अंगीकार किया। तत्पश्चात् महावल मुनि ने १४ पूर्वों का अध्ययन किया। अनेक प्रकार का तप किया। १२ वर्ष श्रमणपर्याय पालकर, ब्रह्मलोक कल्प में देव रूप में जन्म हुआ। —भगवती शतक ११, उद्देश ११

कोणिक

राजा श्रेणिक की रानी चेल्लणा का पुत्र, अंगदेश की राजधानी चम्पा नगरी का अधिपति भगवान् महावीर का परम भक्त।

कोणिक राजा एक प्रसिद्ध राजा है। जैनागमों में अनेक स्थानों पर उसका अनेक प्रकार से वर्णन मिलता है।

भगवती, औपपातिक, और निरयावलिका में कोणिक का विस्तृत वर्णन है।

राज्यलोभ के कारण इसने अपने पिता श्रेणिक को कैद में डाल दिया था। श्रेणिक की मृत्यु के बाद कोणिक ने अंगदेश में चम्पानगरी को अपनी राजधानी बनाया था।

अपने सहादेर भाई हल्ल और विहल्ल से हार और सेचनक हाथी को छीनने के लिए अपने नाना चेटक से भयंकर युद्ध भी किया था। कोणिक-चेटकयुद्ध प्रसिद्ध है। —जैनागमकथाकोष

जमाली

वैशाली के क्षत्रियकुण्ड का एक राजकुमार था। एक बार भगवान् क्षत्रियकुण्ड ग्राम में पधारे। जमाली भी उपदेश सुनने को आया।

अपनी आठ पत्नियों का त्याग करके उसने पांच-सौ क्षत्रिय कुमारों के साथ भगवान् के पास दीक्षा ली।

जमाली ने भगवान् के सिद्धान्त विरुद्ध प्ररूपणा की थी। अतएव वह निह्नव कहलाया।

—भगवती शतक ६, उद्देश ३३।

थावच्चापुत्र

द्वारका नगरी की समृद्ध थावच्चा गाथापत्नी का पुत्र, जिसने एक सहस्र मनुष्यों के साथ भगवान् नेमिनाथ से दीक्षा ग्रहण की। दीक्षा महोत्सव श्रीकृष्ण ने किया।

थावच्चा पुत्र ने १४ पूर्वों का अध्ययन किया। अनेक प्रकार का तप किया।

अन्त में सर्व प्रकार के दुःखों का अन्त करके सिद्ध, बुद्ध और मुक्त हो गया।

—ज्ञातासूत्र, अध्ययन ५

कृष्ण

कृष्ण वासुदेव। माता का नाम देवकी, पिता का नाम वसुदेव था।

कृष्ण का जन्म अपने मामा कंस की कारा में मथुरा में हुआ।

जरासन्ध के उपद्रवों के कारण श्रीकृष्ण ने व्रज-भूमि को छोड़ कर सुदूर सौराष्ट्र में जाकर द्वारका नगरी बसाई।

श्रीकृष्ण भगवान् नेमिनाथ के परम भक्त थे। भविष्य में वह 'अमम' नाम के तीर्थंकर होंगे। जैन साहित्य में, संस्कृत और प्राकृत उभय भाषाओं में श्रीकृष्ण का जीवन विस्तृत रूप में मिलता है।

द्वारका का विनाश हो जाने पर श्रीकृष्ण की मृत्यु जराकुमार के हाथों से हुई।

—जैनागमकथाकोष

महावीर

वर्तमान अवसर्पिणी कालचक्र के २४ तीर्थंकरों में चरम तीर्थंकर।

आगम-साहित्य और आगमोत्तर ग्रन्थों में भगवान् महावीर के इतने नाम प्रसिद्ध हैं—

१. वर्धमान, २. महावीर, ३. महाश्रमण, ४. चरम तीर्थंकृत्, ५. सन्मति, ६. महतिवीर, ७. विदेहदिन्न, ८. वैशालिक, ६. ज्ञातपुत्र, १०. देवार्य, ११. दीर्घतपस्वी आदि।

भगवान् महावीर के माता-पिता पार्श्वनाथीय परम्परा के श्रमणोपासक थे।

भगवान् महावीर का जन्म वैशाली में, जो आज पटना से २७ मील उत्तर में 'वसार' या 'वसाड़' नाम से प्रसिद्ध है, हुआ था।

महावीर के पिता राजा सिद्धार्थ, माता त्रिशलादेवी, ज्येष्ठ भ्राता नन्दिवर्धन थे। महावीर की माता त्रिशलादेवी वैशाली-गणतन्त्र के प्रमुख राजा चेटक की वहिन थी।

माता-पिता के दिवंगत हो जाने के वाद नन्दिवर्धन से अनुमति लेकर तीस वर्ष की अवस्था में महावीर ने दीक्षा ग्रहण की।

१२।। वर्षों तक घोर तप किया। कठोर साधना की। केवलज्ञान पाकर ४२ वर्षों तक जन-कल्याण के लिए धर्म देशना दी। ७२ वर्ष की आयु में पावापुरी में भगवान् का परिनिर्वाण हुआ।

वौद्ध साहित्य के ग्रन्थों में भगवान् महावीर को दीर्घतपस्वी निग्गण्ठ नातपुत्त कहा गया है।

थेर

स्थविर, वृद्ध। शास्त्रों में तीन प्रकार के स्थविर कहे गए हैं—

(१) वयःस्थविर—६० वर्ष या इससे अधिक की आयु वाला भिक्षु वयःस्थविर है।

(२) प्रव्रज्यास्थविर—२० वर्ष या इससे अधिक दीक्षापर्याय वाला भिक्षु प्रव्रज्यास्थविर है।

(३) श्रुतस्थविर—स्थानांग, समवायांग आदि के ज्ञाता भिक्षु को श्रुतस्थविर कहते हैं।

सिलेस-गुलिया : श्लेष-गुटिका

'श्लेप' शब्द का वास्तविक अर्थ है—चिपकना, चोंटना। जब किसी कागज के दो टुकड़ों को चिपकाना होता है, तब गोंद आदि का उपयोग किया जाता है। वह श्लेप है।

